ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Of Officers & Gentlemen 'KEMPY's NOSE'**
Do I pretend not to have heard about Kempy? Do I leave him there in the jungle & go home? Do I rationalise that I had no business to get involved?

**Neonic Pesticides can harm Bees for Life**

**DISCUSSION: Myriad Arts of Rajasthan**



*दुनिया भर के कई पारम्परिक समाजों में भी ''प्राकृतिक धर्म'' का पालन होता है। दक्षिण-पश्चिम चीन में, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले मिआओ आदिवासी अपने पारम्परिक उत्सवों, खासकर खुले क्षेत्रों में होने वाले उत्सवों में ऐसे कपड़े पहनते हैं जो उनके पूर्वजों के साथ आध्यात्मिक सम्पर्क को मजबूत करें और साथ ही जीवित व्यक्तियों के साथ भी अच्छा रिश्ता बनाएं व सौभाग्य प्रदान करें। ये लोग पूर्वजों की पूजा करते हैं। ऐसे मौकों पर पहनी जाने वाली पोशाकों को ''हण्ड्रैड बर्ड कोट'' कहते हैं, जो कि हाथ से कते सूत से बनती हैं। सात से दस, कपड़े की पट्टियों से बनने वाली इस ड्रैस पर महिलाएं कशीदाकारी द्वारा पक्षी, कीड़े, मेंढक , ड्रैगन, तितली तथा मिआओ रहस्यवादी संस्कृति के सिम्बल और ज्यामितीय आकृतियां बनाती हैं। पक्षी चूंकि जमीन पर भी चलते हैं और गगन में उड़ते हैं इसलिए इन्हें आध्यात्मिक ताकतों का अवतार माना जाता है। एक ड्रैस में चिड़ियों की सैकड़ों आकृतियाँ हो सकती हैं। हण्ड्रैड-बर्ड ड्रैस के विभिन्न स्टाइल व तकनीक, शोख रंग तथा विविध सांस्कृतिक संकेतों में मिआओ संस्कृति की पूर्ण अभिव्यक्ति होती है। इस कला को सन् 2006 में, चीन की पहली, नैशनल इन्टैन्जिबल कल्चरल लिस्ट में शामिल किया गया था।*

# मेघालय में वह कर दिखाया, जो कभी देश की राजनीति में सोचना भी मुश्किल

## भाजपा व कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनायी इस नॉर्थ ईस्ट के छोटे से राज्य में

- तृणमूल पार्टी ने, कांग्रेस के विधायकों द्वारा दल-बदल करवाकर 17 सदस्यीय कांग्रेस विधायक दल के बारह विधायकों को तृणमूल पार्टी का सदस्य बना लिया।
- पर, पांच बचे हुए कांग्रेस विधायकों ने स्वयमेव अपने स्तर पर निर्णय लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली कोनार्ड संगमा की सरकार को समर्थन दे दिया, इन विधायकों ने न तो कांग्रेस पार्टी छोड़ी, न कोई दूसरी पार्टी से जुड़े। इन विधायकों ने कांग्रेसाध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा, वे कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं और रहेंगे, परन्तु स्थानीय परिस्थितियों के कारण, अपने विवेक से पार्टी व राज्य के हित में संगमा की पार्टी को समर्थन देने का निर्णय लिया है।
- इन विधायकों के इस कृत्य से तृणमूल कांग्रेस ताकती रह गयी और सबसे बड़े विपक्ष के दल के रूप में अपनी भूमिका निभाने को मजबूर हुई।
- सरकार न बना पाने के कारण, तृणमूल के विधायक ज्यादा दिन पार्टी में नहीं बने रहेंगे और तृणमूल कांग्रेस विगठित होकर लुप्त हो जायेगी मेघालय में।
- मेघनाद देसाई ने इस तरह से दो अलग-अलग विचारधाराओं की पार्टियों को मिलकर सरकार बनाने की परिकल्पना की थी तथा इस तरह के घटनाक्रम को देश के लिये शुभ ही माना था।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। ब्रिटेन की संसद के उच्च सदन, हाऊस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य एवं लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर लॉर्ड मेघनाद देसाई को एक अद्वितीय दूरदर्शिता का श्रेय जरूर देना चाहिए।

लॉर्ड देसाई ने कभी जिस असंभव राजनीतिक विन्यास का सुझाव दिया था वह भारत के सुदूर उत्तर-पूर्वी भाग में सच साबित हुआ है। मेघालय में भाजपा और कांग्रेस एक ही गठबंधन सरकार का हिस्सा हैं। यहां राज्य विधानसभा के पांच कांग्रेसी सदस्यों ने कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली भाजपा समर्थित सरकार से हाथ मिलाया है।

कांग्रेस के पांच विधायकों ने आज नैशनल पीपल्स पार्टी के नेतृत्व वाली कॉनराड संगमा सरकार को अपना औपचारिक समर्थन दिया। उन्होंने मेघालय डवलपमैंट अलायन्स (एस.डी.ए.) की वर्तमान गठबंधन सरकार को अपना समर्थन दिया।

वर्षों पहले, दिल्ली की एक बड़ी सभा में लॉर्ड देसाई ने सुझाव दिया था कि, दोनों राजनीतिक पार्टियों, कांग्रेस तथा भाजपा को देश के व्यापक हित में एक-दूसरे से हाथ मिलाकर एक "राष्ट्रीय सरकार" का गठन करना चाहिए।

"इसके बाद, कांग्रेस और भाजपा की गठबंधन सरकार आपसी विचार-विमर्श और समझ से देश का तीव्र गति से विकास कर सकती हैं।"

उन्होंने कहा था कि, आर्थिक नीतियां भी गरीबों के साथ ही उद्यमियों के हितों को ध्यान में रखकर बनानी चाहिए ताकि देश का विकास तेजी से हो सके।

लॉर्ड देसाई किसी समय ब्रिटेन में वृहद् सामाजिक अधिकारों की मांग करने वाले "न्यू लैफ्ट" के प्रमुख पैरोकार हुआ करते थे। यूरोप में वामपंथी विचारधारा के सैद्धांतिक पक्ष में बदलाव करने में भी उनकी भूमिका थी। यूरोप के कई हिस्सों में अब वामपंथी फिर से सत्ता में आ गए हैं या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 75,000 करोड़ रू. का फर्जी कोविड टैस्ट का भण्डा फोड़ा नागपुर के वकील ने

## इन लैब्स के पास न तो टैस्ट करने के लिये उपकरण मौजूद हैं, न स्टाफ/टैक्नीशियन हैं और ना ही पैथॉलजिस्ट डॉक्टर

- ये लैब्स एक दिन में लाखों टैस्ट करती हैं। उदाहरण के लिये 4 फरवरी को 16 लाख तीन हजार आठ सौ छप्पन टैस्ट किये थे।
- इन फर्जी टैस्ट के कारण लाखों मरीज अस्पतालों में ''इलाज'' के लिये भर्ती होते हैं, जबकि उनको कोविड-19 हुआ ही नहीं है।
- अस्पताल में लाखों रूपए इन मरीजों से वसूल किए जाते हैं।
- वकील ने प्र.मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव, एम्स के मुखिया के चिट्ठी लिखकर, इस प्रकरण की पूरी जांच कराने की मांग की है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। करोना वायरस का पता लगाने वाले आपके आर.टी.पी.सी.आर. टैस्ट वास्तविक थे या फिर, अस्पतालों ने, अनाधिकृत लैब्स की टैस्ट रिपोर्ट्स, जिन्होंने आपको पॉज़िटिव बताया, के आधार पर आपसे लाखों रूपए ऐंठे? वायरस के खतरनाक प्रसार से देश में भय पैदा करने के पीछे इन रिपोर्ट्स का हाथ हो सकता है।

नागपुर निवासी एवं ग्राहक भारती के वकील विनोद तिवारी ने आरोप लगाया है कि, इन लैबोरेटरीज़ ने कोविड जांच के फर्जी सर्टिफिकेट्स जारी करके 75 हजार करोड़ से अधिक की जालसाजी की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि, ये सर्टिफिकेट्स छोटे कस्बों की उन टैस्ट लैबोरेटरीज़ से जारी किए गए, जिसके पास जरूरी उपकरण और सुविधाएं नहीं हैं और इस प्रकार की टैस्ट रिपोर्ट्स साइन करने के लिए अनिवार्य माने जाने वाले पैथॉलजिस्ट एवं माइक्रोबायॉलजिस्ट भी नहीं हैं।

प्रधानमंत्री मोदी, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मण्डविया, केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव, एम्स प्रमुख और केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त को लिखे एक पत्र में तिवारी ने दावा किया कि, ये फर्जी लैब्स 3 हजार 174 मान्यता प्राप्त लैब्स के बैनर तले कार्य कर रही हैं और उन डॉक्टर्स के डिजिटल हस्ताक्षरों वाली कोविड टैस्ट रिपोर्ट्स जारी कर रही हैं, जो इनसे हजारों किलोमीटर दूर बैठे हैं।

तिवारी कहते हैं कि, ये छोटी लैब्स देश के विभिन्न जिलों में अब भी सैम्पल्स कलैक्शन और रिपोर्ट्स जारी करने के काम में लगी हुई हैं। सबसे आश्चर्यजनक तो यह है कि, ये अनधिकृत लैब्स प्रतिदिन लाखों टैस्ट करती हैं। उन्होंने इस संबंध में 16 लाख 3 हजार 856 टैस्ट्स का एक उदाहरण दिया, कथित रूप से जो 4 फरवरी को किए गए थे।

मार्च 2020 से संचालित इन फर्जी लैब्स के बारे में तिवारी ने कहा कि, टैस्ट के नाम पर लोगों से 75 हजार करोड़ रूपए की धोखाधड़ी की गई। इस अवैध धंधे को तुरंत प्रभाव से रोकने का अनुरोध करते हुए उन्होंने इसके लिए एक जांच कमेटी गठित करने की मांग की।

महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से प्रकाशित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'राहुल गांधी को गुमराह किया गया'

- सिद्धू की पत्नी ने नवजोत सिंह सिद्धू को मु.मंत्री पद का सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बताया तथा कहा, राहुल गांधी को गुमराह किया गया, जिसके कारण उन्होंने चरणजीत सिंह चन्नी को मु.मंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। कांग्रेस नेता नवजोत कौर सिद्धू मंगलवार को अपने पति एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के समर्थन में आ गईं। उन्होंने कहा कि, राज्य के विधानसभा चुनावों में पार्टी के मुख्यमंत्री के चेहरे के रुप में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के चयन के मामले में राहुल गांधी को गुमराह किया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी सरकार ने पत्रकारों के अधिस्वीकरण ( एक्रडिशन ) के लिये नये अद्भुत कानून बनाए

- पत्रकार पी.आई.बी. (प्रैस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो) द्वारा प्रदत एक्रडिशन से वंचित किये जा सकते हैं, इन नये नियमों के अंतर्गत, राष्ट्रीय सुरक्षा व नैतिकता के मुद्दों के कारण।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। स्वतंत्र मीडिया को नियंत्रण में लेने के नये तरीकों की शुरुआत करते हुये, मोदी सरकार ने आज पत्रकारों के काम करने के लिये बड़ी कठोर शर्तें लगा दीं। सरकार ने अब एक ऐसा नियामक फ्रेमवर्क तैयार किया है जो उन मीडियाकर्मियों पर सरकारी नियंत्रण सुनिश्चित करेगा, जिन्होंने सरकार के अधिकारिक आदेशों के आगे झुकने से कर दिया है।

सूचना-प्रचारण मंत्रालय द्वारा तैयार की गई तथा प्रैस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो द्वारा घोषित नई प्रमाणीकरण/मान्यता (एक्रिडिटेशन) नीति का एक प्रावधान कहता है कि, अगर कोई पत्रकार "इस तरीके से काम करता है, जो भारत की एकता एवं प्रभुसत्ता, देश की सुरक्षा, विदेशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, मर्यादा या नैतिकता या अदालत की अवमानना से संबंधित कार्य करने, निन्दा या मानहानि या किसी अपराध के लिये उकसाने या भड़काने के प्रति पक्षपातपूर्ण या पूर्वाग्रहयुक्त हो," तो उसकी सरकारी मान्यता रद्द हो सकती है।

2013 में जारी की गई पिछली नीति में इस प्रकार की शर्तों का उल्लेख नहीं था। मान्यता की सामान्य शर्तों के अन्तर्गत, पूर्ववर्ती नीति में कहा गया था कि, "जिन शर्तों पर मान्यता दी गई थी, जैसे ही वे अस्तित्व में नहीं रहेंगी, मान्यता वापस ले ली जायेगी। अगर मान्यता का दुरुपयोग सामने आता है, तो उस स्थिति में भी वापस ली जा सकती है/निलम्बित की जा सकती है।"

नई नीति पर फिलहाल काम चल रहा है तथा इसीलिये वर्तमान मान्यता दस्तावेजों के नवीनीकरण में विलम्ब किया गया है। नई नीति के तहत, ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर काम कर रहे पत्रकार मान्यता के लिये पात्र माने जायेंगे।

नई नीति में, उन शर्तों को लेकर अलग अनुच्छेद है, जिनके तहत किसी पत्रकार की मान्यता निलम्बित की जा सकती है। इसमें 10 बिन्दु हैं जिनमें से एक बिन्दु में यह भी कहा गया है कि, अगर किसी पत्रकार पर कोई "गंभीर संज्ञेय (कॉग्निज़ेबल) अपराध का आरोप है तो उसकी मान्यता समाप्त की जा सकती है।"

मान्यता के निलम्बन की अन्य शर्तों में शामिल हैं- मान्यता का "गैर-पत्रकारिता-गतिविधियों" के लिये उपयोग करना, गलत जानकारी देना, उस प्रतिष्ठान का बंद हो जाना, जिसका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पैगसस द्वारा जासूसी!

- इज़रायल की कम्पनी एन.एस.ओ. द्वारा विकसित इस जासूसी उपकरण व सिस्टम का उपयोग केवल विदेशी सरकार ने ही नहीं किया, बल्कि इज़रायल की सरकार ने अपने राजनीतिज्ञों, बिज़नैसमैन, सरकारी अधिकारियों की जासूसी करने के लिये फोन टैपिंग में इस्तेमाल किया।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। पत्रकारों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जयपुर जिले में भूमि घोटाले का दिल्ली पुलिस ने भण्डाफोड़ किया

## जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोतानाला के पास फर्जी प्लॉट बेचने वाला बिल्डर गिरफ्तार

- आरोपी बिल्डर ने हैबीटैक इन्फ्रावैन्चर्स के नाम से कम्पनी बना रखी है।
- फर्जी तरीके से विज्ञापन देकर लोगों से ठगी करता था।
- एक आरोपी, कमल सिंह अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर।

कोटपूतली/नई दिल्ली, 8 फरवरी। दिल्ली पुलिस ने जयपुर जिले के कोटपूतली के पनियाला थाना क्षेत्र के सोतानाला के निकट हुए एक भूमि घोटाले का भंडाफोड़ करते हुए दिल्ली निवासी एक बिल्डर विजय चौधरी पुत्र भगवत चौधरी को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि ठगी के आरोपी विजय चौधरी व ग्रेटर नोएडा निवासी कमल सिंह पुत्र जतपाल सिंह राजपूत ने दिल्ली के भीकाजी कामा प्लेस में एक कंपनी हैबिटैक इंफ्रावेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित कर रखी है, जो खरीदारों को अपनी परियोजना "हैबीटैक विशटाउन" में पनियाला थाना क्षेत्र के सोतानाला के निकट व नीमराणा में प्लॉट बुक करने के लिए प्रेरित करती है।

आपको बता दें कि ठगी की शिकार हुई जयपुर के वैशाली नगर निवासी प्रिय दर्शनी शेखावत पत्नी सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने दोनों आरोपियों, विजय व कमल सिंह के खिलाफ 13 मार्च 2021 को स्थानीय पनियाला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवायी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उक्त कम्पनी के दोनों लोगों ने उसे फर्जी विज्ञापन दिखा कर प्लाट के नाम पर उससे करीब 37 लाख रूपये कि ठगी कर ली। इस पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 447, 420 व 406 के तहत मामला दर्ज किया था।

इसके अलावा अजय कुमार पाल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी विकास नगर रेवाड़ी, बबलेश कुमार चौहान पुत्र पीरू सिंह चौहान निवासी मधुशाह नगर रेवाड़ी, रणसिंह पुत्र उदय सिंह निवासी भदौज, थाना बावल जिला रेवाड़ी हरियाणा, परमीत सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी उठयारा 123 कुरूक्षेत्र हरियाणा, इन्द्रपाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी आमदा चेतराम की ढाणी उत्तम नगर रेवाड़ी, सतवीर पुत्र चन्दगी राम निवासी भदकी जिला गुड़गावां हरियाणा, राजसिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी बलेवा पोस्ट खलीलपुर जिला गुड़गावां, अजय पुत्र रामपाल निवासी भानकी जिला गुड़गावां, संजय पुत्र जगदीश चन्द निवासी अमर कॉलोनी गुड़गावां व संजय पुत्र बलेश्वर पाण्डे निवासी गली नं.4 शिव कॉलोनी कालूवास रोड़ कंनकार वाली रेवाड़ी ने गत 1 नवम्बर 2021 को इन्हीं आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाकर शिकायत की थी इन्होंने फर्जी कम्पनी बना कर और मनघड़न्त विज्ञापन देकर सोतानाला के पास मलपुरा में प्लाटों का बेचान कर लाखों रूपये की ठगी की है।

इस पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 467,468,120 बी के तहत मामला दर्ज कर इसकी जांच पनियाला थाने के ए.एस.आई. रतन सिंह को सौंपी, जिन्होंने एक आरोपी विजय पुत्र भगवत चौधरी निवासी पश्चिम विहार, 75 पॉकेट पश्चिीमपुरी नई दिल्ली को विगत 17 नवम्बर 2021 को गिरफ्तार कर लिया था। इस प्रकार दोनों आरोपियों के खिलाफ पनियाला थाने में 11 मामले दर्ज हैं। आरोपी गिरफ्तारी के बाद से ही न्यायिक हिरास्त में चल रहा था। जिसे दिल्ली पुलिस ने संबंधित अदालत से आवश्यक अनुमति लेने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। यह भी बता दें कि तहसीलदार, कोटपूतली के कार्यालय से दस्तावेज एकत्र किए गए जिससे यह स्थापित हुआ कि आरोपी कंपनी के पास पर्याप्त जमीन नहीं थी और जो भी जमीन खरीदी गई थी वह छोटे पार्सल में थी, तथा एक टाउनशिप विकसित करने के लिए बेकार थी। आरोपी कंपनी द्वारा खरीदी गई भूमि को बाद में मेसर्स पीएसीएल लिमिटेड से जुड़े मुकदमों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित लोढ़ा समिति द्वारा जब्त कर लिया गया था।

मेहर सिंह राणा नाम के व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अडानी पावर

- आपसी समझौते के बाद, अडानी पावर व गुजरात ऊर्जा विकास निगम के बीच चल रहे विवाद को सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशन बैंच ने ड्राप कर दिया। ऊर्जा विकास निगम अडानी पावर को 1100 करोड़ रू. का मुआवजा देगा।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 8 फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय की 5 जजों वाली एक संविधान पीठ ने मंगलवार को "अडानी पावर" के खिलाफ दायर की गई क्युरेटिव याचिका को बंद कर दिया, क्योंकि संबंधित मुद्दे पर 3 जनवरी को समझौता हो गया था।

पब्लिक सैक्टर यूनिट "गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड" (जी.यू.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**थोड़ा सा झूठ भी मनुष्य का नाश कर सकता है। –महात्मा गाँधी**

# जवाबदेही कानून लाने में क्यूं है परेशानी!

भारतीय संविधान के प्रावधानों के मुताबिक सरकार की जवाबदेही निर्वाचित सदन में नागरिकों के प्रतिनिधियों के प्रति होती है। इसलिए सारा दारोमदार सदन में सरकार से जवाब मांगने वालों पर होता है कि वे किस प्रकार अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करते हैं। मगर हम भारत के लोगों ने देखा है कि सदन में बैठते ही उनके प्रतिनिधियों का व्यवहार बदल जाता है और वे अपने या दलीय हितों से ऊपर नहीं उठ पाते। यही कारण है कि जनता को आजादी के इतने बरसों बाद भी सरकारों पर दबाव बनाने के लिए अभियान चला कर वैसी संवैधानिक व्यवस्थाएं करानी पड़ती हैं जिनसे लोक सेवकों को लोकहित में काम करने के लिए बाध्य किया जा सके। सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और महात्मागांधी राष्ट्रीय रोज़गार योजना इसके उदाहरण है जिन्हें पाने के लिए सभ्य समाजों ने लंबे अभियान चला कर सफलता पाई। सभ्य समाज एक लंबे समय से ऐसा ही एक अभियान जवाबदेही कानून के लिए चला रहा है, किन्तु शासन तंत्र के अडंगे वैसा नहीं होने दे रहे हैं। जब कांग्रेस ने जवाबदही कानून लाने का वादा 2018 के अपने चुनाव घोषणा पत्र में किया था। उसके बाद 2019 के बजट भाषण में भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस बारे में कानून बनाने के लिए विधानसभा में विधेयक लाने की घोषणा की थी। मगर अब तक तो यह मुद्दा वादा तेरा वादा जैसा ही रहा है। अब तक के घटनाक्रम से यह तो यही स्पष्ट होता है कि शासन तंत्र के आला अफसर हर चंद इस कोशिश मैं लगे हुए हैं कि राज्य में कोई प्रभावी जवाबदेही कानून न बन सके। यदि कानून बने भी तो वह वह इतना लचीला हो कि वे अपनी जवाबदेही से बच सकें। जिन्होंने सूचना एवं रोजगार अधिकार का अभियान चलाया था वे अब इस नये कानून के लिए अभियान चला रहे हैं। इसे तो स्वीकार करना पड़ेगा कि बिना जवाबदेही की पुख्ता व्यवस्था के सरकार की कोई भी नीति और कार्यक्रम प्रभावी नहीं हो सकता। इस कानून की जरूरत इसलिए महसूस की जा रही है क्योंकि विधायिका संवैधानिक प्रावधानों की भावना के अनुरूप अपनी भूमिका अदा करने में असफल रही है। संसद या विधान सभाओं में बैठने वाले निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की समझ और प्राथमिकताएं आश्चर्यजनक रूप से हमेशा ही संवैधानिक भावनाओं के अनुरूप नजर नहीं आती हैं।

यह आश्चर्यजनक है कि शासन के शीर्ष राजनैतिक नेतृत्व के चाहने के बाद भी इस कानून का बनना रुका हुआ है। नई सरकार बनते ही मुख्यमंत्री ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र के अनुरूप सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदार तय करने की घोषणा की थी। इसके लिए उन्होंने देश में पहली बार प्रदेश में जवाबदेही कानून बनाने की बात कह कर वाह वाही लूटी थी। मगर जैसे कि सरकारी तंत्र काम करता है कानून का मसौदा बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बना दी गई। इसमें एक साल निकल गया। फिर नये कानून का मसौदा बना। उसे अंतिम रूप देने से पहले उस पर आम लोगों की राय जानने के लिए कानून के प्रारूप को सार्वजनिक रूप से जारी किया गया। इस बात को अब एक साल होने को आया है और इसे लागू करवाने की मांग करने वालों का धैर्य जवाब देने लगा है और वे इसके लिए राज्य व्यापी अभियान छेड़ने को तत्पर हैं। इसी दबाव में मुख्यमंत्री को हाल ही में यह कहना पड़ा कि सामाजिक और गैर सरकारी संगठनों द्वारा अच्छे सुझाव दिए जाते हैं जिन्हें गौर से सुना जाना चाहिए, क्योंकि ये जमीन से जुड़े हुए प्रतिबद्ध लोग होते हैं जिनका कोई निजी स्वार्थ नहीं होता है। इनके सुझावों से क्रांतिकारी बदलाव भी आता है जैसे सूचना का अधिकार कानून भी सामाजिक संगठनों के प्रयासों से बना। परंतु जिस प्रकार से इस कानून को बनाने के लिए विधेयक को लाने में अडंगे लगते रहे हैं उन्हें देखते हुए मुख्यमंत्री का यह कथन आश्वस्त नहीं करता कि मैं भी सुशासन चाहता हूं और इसके लिए जो भी व्यवस्था करनी होगी वह हम करेंगे। यह नेताओं का एक चालू नुस्खा है जिसके लिए ही किसी कवि ने कहा था सब कुछ है मेरे देश में रोटी नहीं तो क्या/वादे लपेट लो लंगोटी नहीं तो क्या।

प्रस्तावित कानून के प्रारूप के अनुसार नये कानून का उद्देश्य एक ऐसी विकेंद्रीकृत एवं सहभागी व्यवस्था बनाना है जिसमें व्यापक जनभागीदारी से सरकारी कार्यक्रमों एवं नीतियों की निगरानी सुनिश्चित की जा सके और एक सार्थक सामाजिक अंकेक्षण हो सके। आम जन को सेवाओं की गारंटी और अधिकारियों की जवाबदेही को इस कानून के प्रारूप में शामिल किया गया है और इसके दायरे में 25 विभागों की 220 सेवाओं को शामिल किया गया है। इनमें प्रमुख विभाग हैं पंचायती राज, जलदाय, स्वायत्त शासन, सार्वजनिक निर्माण, सिंचाई, ऊर्जा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन, कृषि, कृषि विपणन, स्थानीय निकाय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, चिकित्सा, देवस्थान, ग्रामीण विकास, वन, रोड़वेज आदि। इसमें जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से जुड़ी सेवाओं को शामिल किया गया है। जवाबदेही कानून के तहत प्रदेश में प्रत्येक पंचायत समिति एवं नगर पालिका स्तर पर सुनवाई की व्यवस्था होगी। इसके लिए पंचायत समिति एवं नगर पालिक स्तर पर सूचना और सहयोग केंद्र होंगे। उपखंड अधिकारी की अगुवाई में एक कमेटी गठित होगी। यह कमेटी आम लोगों की पानी, बिजली, शौचालय, सड़क, राशन, जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, जाति-प्रमाण-पत्र, विधवा पेंशन, वाहन चालक का लाइसेंस सहित आम लोगों से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई करेगी। सुनवाई के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे शिकायतों का निस्तारण करें। सुनवाई के बाद शिकायत का निस्तारण यदि एक माह में नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक माह बाद शिकायत पर जिला सतर्कता समिति सुनवाई करेगी। जिला स्तरीय समिति में मामलों का निस्तारण तय समय पर करना होगा, यदि इसमें कोई अधिकारी या कर्मचारी टालमटोल करेगा तो उसको दंड दिया जाने का प्रावधान होगा। प्रारूप के अनुसार प्रत्येक को यह अधिकार है कि एक निश्चित समयसीमा के भीतर निर्धारित मात्रा और गुणवत्ता में उन्हें चिह्नित सेवाएं मुहैया होनी चाहिए और उनकी शिकायतों का निवारण होना चाहिए। प्रस्तावित मसौदे के अनुसार सरकारी अधिकारी दी गई सेवाओं का पूरा ब्योरा और जॉब चार्ट जारी करेंगे जिसमें इस बात का उल्लेख होगा कि किस अधिकारी को कौनसी जिम्मेदारी दी गई और उस जिम्मेदारी का निर्वहन वो कितनी तत्परता और कुशलता से कर पाया। सुनवाई के अधिकार के तहत बूथ स्तर पर सार्वजनिक सुनवाई होगी जिसमें शिकायतकर्ता अपनी बात रख सकेंगें। इसमें राज्य स्तर पर लोक शिकायत निवारण आयोग तथा जिला तथा सम्भागीय स्तरों पर प्राधिकरण बनाने की व्यवस्था के साथ सामाजिक अंकेक्षण परामर्शी बोर्ड बनाने का प्रावधान भी है।

**लोगों का मानना है कि अधिकारियों की जिम्मेदारी के साथ जवाबदेही भी वैधानिक रूप से स्पष्ट परिभाषित होनी चाहिए। मगर प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप में वह धार नहीं है जैसी वे चाहते हैं। अतः वे नये कानून के जरिए ऐसी व्यवस्था कराना चाहते हैं जिसमें कामचोर और भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ा अंकुश लग सके। इसे सूचना के कानून के बाद बड़ा वैधानिक कदम माना जा रहा है।**

बताया जाता है कि इसके मसौदे पर अब भी शासकीय अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों के बीच मतैक्य नहीं है। सभ्य समाज के लोगों का मानना है कि अधिकारियों की जिम्मेदारी के साथ जवाबदेही भी वैधानिक रूप से स्पष्ट परिभाषित होनी चाहिए। मगर प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप में वह धार नहीं है जैसी वे चाहते हैं। जिस तरह का जैसा प्रारूप सामने आया है उससे वे लोग कत्तई संतुष्ट नहीं हैं जो नये कानून के जरिए ऐसी व्यवस्था कराना चाहते हैं जिसमें कामचोर और भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों पर कडा अंकुश लग सके। इसे सूचना के कानून के बाद बड़ा वैधानिक कदम माना जा रहा है। हालांकि बात अब तक वही ढाक के तीन पात रही है। अपने कार्यकाल के बचे समय में मुख्यमंत्री ऐसा कुछ तुरंत करना चाहते हैं जिससे उनके लिए अगले चुनाव की राह आसान होती लग सके। इसलिए इस कानून का विधेयक विधानसभा में पेश किये जाने की संभावना प्रबल हो गई है। हालांकि जवाबदेही विधेयक का प्रारूप फरवरी 2019 में ही राज्य सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के अधिकारिक वेब पोर्टल पर अपलोड कर दिया गयाथा जिस पर आम जन के सुझाव आमंत्रित किये गए थे। तब से अब तक क्या हुआ यह बताने की जवाबदेही भी सरकार नहीं निभा रही है। लोग जानना चाहेंगे कि क्या क्या सुझाव आए और उन पर शासन की क्या प्रतिक्रिया है। इसके लिए सभी को शायद विधानसभा में विधेयक के प्रस्तुत किये जाने का ही इंतजार करना होगा।

सरकार की जवाबदेही संसद और विधान सभाओं के प्रति होती है। किन्तु यह तभी प्रभावी होती है जब निर्वाचित प्रतिनिधि जागरूक और संवेदनशील हों तथा लोकहित के प्रति समर्पित व प्रतिबद्ध हों। कानून बनाएंगे कह देना तो ठीक है, लेकिन इसके ईमानदार पालन की बात सबसे महत्त्वपूर्ण है। देखना यह है कि सरकार महज चुनावों में भुनाने के लिए इस मुद्दे का इस्तेमाल करती है या एक प्रभावी कानून लाने की पहल करती है। यदि प्रभावी पहल होती है तो उसके परिणाम निर्णायक और दूरगामी साबित हो सकते हैं। राज्य की इस पहल से केंद्र सरकार पर भी ऐसे ही कानून लाने का दबाव भी बन सकता है। सबकी निगाहें इस बात पर लगी हैं कि राज्य सरकार इस चुनौती से किस प्रकार निबटती है। क्या वह शासन तंत्र की मर्जी मुताबिक वह कमजोर कानून बनाती है या जन संगठनों की राय के अनुरूप उसमें प्रावधान करती है। प्रभावी सामाजिक जवाबदेही कानून बना कर सरकार सही मायनों में लोकहित के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर सकती है और शासन तंत्र के असंवेदनशील रवैये पर अंकुश लगा सकती है ताकि लोगों को वे सेवाएं निर्बाध रूप से मिल सके जिसके वे हकदार हैं।


**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# सुखद परिणाम : दुखद परिणति

कैंसर की कथा व्यथा के आयाम भी निराले हैं। चिकित्सकों का अनुसंधान, मरीज की जान जोखिम। जान लेवा कैंसर। मरीज की लाचारी, चिकित्सकों की मजबूरी। और इनके बीच झूलता जीवन। उस पर अनुसंधान कर्ताओं के अहम की लड़ाई, प्रतिस्पर्धा और ईर्षा। रोगी को अपने जीवन से प्यार, चिकित्सक को उसके जीवन से। और प्यार में सब जायज। युद्ध में भी सब जायज होता है। कैंसर चिकित्सा भी एक संग्राम ही है। अंत भला तो सब भला। जो जीता वही सिकंदर। यह एक ऐसे ही अनुसंधान संग्राम की कहानी है।

कोरियो कार्सिनोमा: गर्भ या भ्रूण का बाहरी आवरण कोरियोन कहलाता है। यह आवरण ट्रोफोब्लास्ट कोशिकाओं का बना होता है। इसी के एक भाग से प्लेसेन्टा (अपरा या आंवल) बनता है। ट्रोफोब्लास्ट कोशिकाएं ही गर्भाशय की आंतरिक परत – एन्डोमेट्रियम – को भेद कर गर्भ को वहां स्थापित करती हैं और गर्भाशय की रक्त नलियों को खोल कर मां के रक्त से संपर्क स्थापित करती हैं। ट्रोफोब्लास्ट कोशिकाओं में कैंसर कारक विकृति होन पर, गर्भसमापन (प्रसव या गर्भपात) पर, इनमें से कुछ कोशिकाएं चिपकी रह कर गर्भाशय में ही छूट जाती हैं। इन्हीं से पहले गर्भाशय और फिर अन्यत्र घातक कोरियो कार्सिनोमा होता है। यह विकृत गर्भ के समापन या गर्भपात के बाद प्लेसेन्टा की ट्रोफोब्लस्ट कोशिकाओं से होने वाला घातक कैंसर है। यह बड़ी तीर्व गति से गर्भाशय के बाहर, फेंफड़ो, मस्तिष्क, लिवर आदि में फैलता है और जहां पहुंचता है वहां भीषण रक्तस्राव कर महिला की मृत्यु का कारण बन सकता है। इसके सार्थक उपचार की खोज की कहानी जितनी रोचक है उतनी ही शिक्षाप्रद भी।

अगस्त 1956. अमेरिका के नेशनल कैंसर इनस्टिट्यूट के अस्पताल में कार्यरत डॉ. मिन चिऊ ली। अस्पताल में भर्ती कोरियो कार्सिनोमा की एक रोगी को हटात भीषण रक्तस्राव चालू हो गया। डॉ ली ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की पर उसे बचा नहीं पाये। रक्तस्राव शुरू होने के तीन घंटे में उसकी मृत्यु हो गई। इस कैंसर के लिए तब कोई सार्थक दवा उपलब्ध नहीं थी। शल्यचिकित्सा और विकिरण चिकित्सा से अवश्य इलाज होता था। डॉ. ली तीर्व गति के रक्त कैंसर में 1948 से सार्थक प्रयोग में आ रहे एन्टीफोलिक एसिड – मिथोट्रिक्सेट – के बारे में जानते थे। उनका सोच था कि जो औषध तीर्व गति से बढने फैलने वाले रक्त कैंसर में सार्थक कैंसर रोधक का कार्य करती है



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

वह तीर्व गति के कोरियोकार्सिनोमा में भी कारगर होनी चाहिए। उन्हे यह प्रयोग करने का अवसर भी शीघ्र ही मिल गया।

इस महिला का कोरियोकार्सिनोमा गंभीर रूप में फेफड़ों में फैल गया था, अंगूर के गुच्छे जैसा। एक ओर का कैंसर फट गया और उससे सीने में भीषण रक्तस्राव चालू हो गया। सांस उखड़ गई। वैसी ही आपत स्थिति। डॉ. ली और उनके साथियों ने सीने से रक्त निकालने को ट्यूब डाली। रक्त बाहर आया तो सांस ठहरी। रक्त दिया जा रहा था। पर जितना अंदर जाता उससे अधिक ट्यूब से बाहर आ रहा था, वह भी शुद्ध रक्त। रुकने का नाम नहीं। रक्त बैंक से कितना रक्त मिलता। हार कर उन्होने सीने की ट्यूब को रक्त की बोतल से जोड़ दिया। उसी का रक्त स्वयं को। जितना बाहर आता उतना शरीर के अंदर। स्वयं का रक्त सीधे तौर पर देने का संभवत: यह पहला केस था। स्राव रोकने की औषधियां चल ही रही थी। आशा तो नहीं के बराबर थी पर रात भर में महिला की हालत संभल कर स्थिर हो गई।

कैंसर के उपचार की अब दवा दी जानी थी। डॉ. ली ने मिथोट्रिक्सेट का प्रयोग किया। दवा की चार खुराक मिलने के बाद जब सीने का एक्स-रे लिया गया तो जैसे चमत्कार हो गया। कैंसर फेफड़ों से सर्वथा विलुप्त हो गया था। घातक कोरियोकार्सिनोमा की सार्थक दवा मिल गई। डॉ. ली मिथोट्रिक्सेट का प्रयोग इस कैंसर के सभी रोगियों में करने लगे। लेकिन डॉ ली के लिए यह सुखद अंत नहीं साबित हुआ। वे यह दवा रोगियों को उनके कैंसर के एक्स-रे आदि के परीक्षण पर सर्वथा लुप्त हो जाने के बाद भी चालू रखते थे। यह कैंसर एक विशिष्ट हॉर्मोन – हयूमन कोरियोनिक गोनेडोट्रोफिन (एच सी जी) – रक्त में स्रावित करता है। इस हॉर्मोन की रक्त में मात्रा को कैंसर का प्रतीक माना जाता है। कैंसर विलुप्त दिखने पर इसकी मात्रा काफी कम हो जाती थी, लेकिन सर्वथा खत्म नहीं होती थी।

डॉ. ली का मानना था कि हॉर्मोन का होना ईंगित करता है कि कैंसर की कुछ कोशिकाएं शरीर में अभी शेष हैं अत: दवा चालू रखते थे। अन्य डाक्टर इसे अनावश्यक और व्यर्थ रोगी की जान सांसत में डालना मानते थे, कारण इस दवा के गंभीर साइड एफेक्ट (दुष्प्रभाव) होते थे। डॉ. ली अपने विश्वास के पक्के थे वे कोई समझौता करने को तैयार नहीं थे। वे नहीं माने। शिकायत हुई। गवर्निंग बोर्ड की मीटिंग हुई और डॉ. ली को अस्पताल से निकाल दिया गया। वर्षो बाद यह उजागर हुआ कि जिन कैंसर रोगियों में मिथोट्रिक्सेट रक्त से एच सी जी सर्वथा खतम होने से पहले बंद कर दी गई थी उनमें काफी में कैंसर वापस हो गया, केवल वही सर्वकालिक कैंसर मुक्त हुईं जिनमें दवा इस हॉर्मोन की मात्रा शून्य होने तक चालू रखी गई। डॉ. ली सही साबित हुए, लेकिन अपने साथियों की प्रतिस्पर्धा और इर्षा का फल भुगतने के बाद। उन्हे घातक कैंसर का सार्थक इलाज खोजने का श्रेय तो मिला लेकिन काफी जलालत झेलने के बाद। दुष्यन्त के शब्दों में उनकी शर्त थी कि बुनियाद हिलनी चाहिए, महज हंगामा करना उनका मक्सद नहीं था।

**–डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# गुजारिये जिन्दगी हँसते-खिलखिलाते

मन के सुखद भावों को बाहर लाने के लिये हंसी सर्वोत्तम उपाय है। एक हल्की सी मुस्कराहट भी लोगो के दिलों को जीतने में सहायक होती है। जीवन चार दिलों का मेला है और व्यक्ति की मृत्यु निश्चित है परन्तु शेष रह जाती है व्यक्ति की यादें और उसका स्वभाव इसीलिये मुस्कराने से परहेज क्यों?

हँसना, खिलखिलाना, सेहत के लिये अत्यधिक जरूरी है। वैसे देखा जाऐ तो प्रसन्नचित्त व्यक्ति स्वयं को ही आल्हादित नहीं करता वरन अपने आस-पास भी सरल और प्रसन्नचित बना देता है। खुशमिजाज व्यक्ति के साथ हर व्यक्ति अपना समय बिताना चाहता है। आज की भागदौड की जिन्दगी में लगता है मानव के मन की मुस्कराहट कहीं गायब हो गयी है। वह अपना जीवन निराशा, कुण्ठा, निरसता और प्रतिर्स्पधा आदि में ही काट देता है, पर वह क्यों भूल जाता है कि जिस प्रकार खिले हुए फूल पर तितली, भौरें, मधुमक्खियाँ झुण्ड बनाकर बैठे रहते है उसी प्रकार मुस्कराता चेहरा सभी को लुभाता है।

'लियोनार्दो दाविन्सी' ने जिस समय मोनालिसा की तस्वीर बनायी थी, तब क्या उसने सोचा था कि जिस मुस्कराहट को वह तस्वीर में बना रहा है, लोग उसे सैकड़ो वर्षो तक याद रखेगें। मोनालिसा की मुस्कराहट दिलों में राज कर रही है।

हंसी के बारे में सर्व सम्मत सिद्धान्त यह है कि इससे खून बढ़ता है। इसको मात्र कल्पना नहीं समझना चाहिऐं। हंसी की सच्चाई परखने के लिऐ अमेरिका के डॉक्टरों ने एक बार बच्चों के दो समूह बनाये और दोनों को अलग-



सुनिता सक्सैना

अलग रखा। एक ग्रुप के बच्चों को दोपहर के भोजन, के बाद एक मसखरा तरह तरह से हंसाता था लेकिन दूसरे समूह के बच्चों के लिये ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। एक समूह के बाद दोनों समूह के बच्चों का परीक्षण किया गया तो पता चला कि पहले समूह के बच्चों का स्वास्थ्य ज्यादा अच्छा था, और दूसरे समूह के बच्चे उदास और कम खुश पाये गये।

चेहरे की प्रसन्नता बताती है कि उस व्यक्ति का स्वभाव कैसा है और उसके स्वभाव के बारे में आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। व्यक्ति कैसा है, यह तो परखने एवं साथ रहने पर ही पता चलता है, परन्तु व्यक्ति के चेहरे की मुद्रा, किसी दुकान के बाहर लगे 'साईन बोर्ड' जैसी होती है, क्योंकि चेहरे की मुद्रा से ही पता लगता है है कि अमुक व्यक्ति कैसा व्यवहार करेगा।

पेरिस के सभा भवन में प्रत्येक रविवार एक सभा-गोष्ठी का आयोजन

- **व्यक्ति प्रसन्न रहना सीख ले तो सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेता है**

किया जाता था, जिसमें वहॉ के वैज्ञानिक हंसी पर भाषण देते थे, उस गोष्ठी के दौरान, भाषण के अन्त में, भवन में अन्धकार कर दिया जाता था और लोगो के कहकहे गूंजने लगते थे और उसके बाद उस गोष्ठी में शामिल सभी लोग अपने आप को पूरे हफ्ते के लिये तरोताजा समझते थे।

मुस्कराहट, एक ऐसा मन्त्र है जिससे व्यक्ति स्वयं ही प्रसन्नचित्त नहीं रहता, बल्कि अपने आसपास के लोगो को भी प्रसन्न रखता है। हंसना, शरीर की एक शारीरिक क्रिया है जो कि उस व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक दुष्प्रभावों को दूर करती है।

'प्रसन्नता' मुखमुद्रा को सर्वोत्तम गुण है जिसके लिये किसी भी तरह की लाभदायक या अनुकूल परिस्थितियों का होना आवश्यक नहीं है। मात्र कुछ दिनों में ही पूर्णरूप से व्यक्ति के अन्दर प्रसन्नता का गुण समा सकता है बशर्ते वह प्रसन्न रहने की कोशिश करें। मनुष्य कही भी रहे, किसी भी परिस्थिति में रहे यदि वह प्रसन्नता से रहना सीख ले तो सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। अन्त में तो यही कहना चाहूँगी कि हँसीऐ, मुस्कराईये क्योंकि एक व्यक्ति के जीवन की सबसे बडी उपलब्धि 'मुस्कराहट' ही है।

**–सुनिता सक्सैना,**
**साहित्यकार**

# तनोट बॉर्डर पर वाघा बॉर्डर की तर्ज पर होगी रिट्रीट सेरेमनी



**कलेक्टर प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को सीमा पर चल रहे निर्माण कार्य व कैफे का निरीक्षण किया।**

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। पंजाब के वाघा बॉर्डर की तर्ज पर जैसलमेर के तनोट स्थित भारत – पाक बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी होगी । इसमें होने वाली परेड का लुत्फ आम लोग भी उठा सकेंगे । अगले महीने से इसकी शुरुआत हो जाएगी। इसके लिए भारत – पाकिस्तान सीमा पर तनोट में स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। यहां एक साथ 2 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था रहेगी । यहां म्यूजियम और बच्चों के लिए झूले भी होंगे। 31 फीट का ऊंचे वॉच टावर से देशवासी पाक चौकियों को भी देख सकेंगे। उधर , भारत की ओर से पाकिस्तान को इन्विटेशन भेजा गया है फिलहाल , उधर से कोई जवाब नहीं आया है।

सीमा सुरक्षा बल के राजस्थान फ्रंटियर के आईजी पंकज घूमर ने बताया कि अगले महीने सीमा चौकी के पास टूरिज्म की शुरुआत होने जा रही है । पंजाब के वाघा बॉर्डर की तरह यहां भी परेड होगी और इसको आम लोग देख सकेंगे। तत्कालीन कलेक्टर आशीष मोदी

- **परेड का लुत्फ आम लोग भी उठा सकेंगे**

के प्रयासों से शुरू होने जा रहे इस बड़े प्रोजेक्ट को नीति आयोग ने मंजूरी दी थी । इस बार्डर टूरिज्म में तनोट माता मंदिर के आगे एक बड़ा स्टेडियम बनाया जा रहा है । सोनार किले की तरह स्टेडियम में एक बड़ी दीवार बनाई गई है। दोनों तरफ सैलानियों के लिए कुर्सियां लगाई गई हैं। डीजे पर देशभक्ति गीत बजेंगे।

स्टेडियम के सामने एक म्यूजियम बनाया जा रहा है । म्यूजियम में तनोट की हिस्ट्री और 1965 और 1971 के युद्धों की वीर गाथा दर्शाई जाएगी । यहां आने वाले सीमा सुरक्षा बल के इतिहास से रूबरू हो सकेंगे । नव – नियुक्त कलेक्टर डॉ . प्रतिभा सिंह ने दौरा कर व्यवस्थाओं को जांचा । कलेक्टर ने बीएसएफ के अधिकारियों से इस रिट्रीट सेरेमनी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टेडियम और म्यूजियम का दौरा कर बन रहे कैफे को भी देखा।

# कोटा में बनने वाली विश्व की सबसे बड़ी घंटी का वजन 82 हजार किलो होगा

**कोटा,** (निसं)। विश्व मानचित्र पर कोटा शहर की दमदार उपस्थिति दर्ज कराने को संकल्पबद्ध यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर व देश के सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया के निर्देशन में कोटा के विश्व स्तरीय चंबल रिवर फ्रंट पर दुनियां की सबसे बड़ी घंटी का निर्माण किया जा रहा है जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में तीन रिकार्ड अपने नाम करेगी। आज इस घंटी की वास्तविक आकृति के फ्लेक्स का प्रदर्शन साइट पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस घंटी का निर्माण स्टील मेन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात इंजीनियर देवेंद्र कुमार आर्य कर रहे हैं व इसकी कलाकृति का निर्माण कोटा का घटोत्कच चौराहा बनाने वाले राष्ट्रपति पुरुस्कार से



**कोटा चंबल तट पर लगने वाली विश्व की सबसे बड़ी घंटी का वजन बढ़ गया है।**

सम्मानित कलाकार हरीराम कुम्भावत कर रहे हैं। इंजीनियर देवेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि घंटी का स्किन वजन 57000 किलो घोषित किया गया था

- **स्टील मैन ऑफ इंडिया देवेंद्र कुमार आर्य ने पूरी की वजन की गणना ?**
- **तीन गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएगा घंटा**

परंतु तब तक इसमें लगने वाली ज्वेलरी के वजन की गणना नहीं की गई थी, अब इसके वजन की भी गणना कर ली गई है। आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया ने बताया कि विश्व की सबसे बड़ी इस घंटी की ज्वेलरी दिखने में इसकी ज्वेलरी है परंतु वह इस घंटे की मजबूती के लिए दी गई है । आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया ने बताया कि इस घंटे की ज्वेलरी का वजन तकरीबन 25000 किलो है वह भी घंटी के के साथ ही कास्ट होगा।

इस प्रकार इस घंटे का कुल वजन अब 82000 किलो होगा। स्टील मेन आफ इंडिया देवेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि चाइना की घंटी जो इस घंटी से बहुत छोटी है उसका वजन 101 टन है। जबकि मास्को की घंटी का वजन 200 टन है। परंतु कोटा के चम्बल रिवर फ्रंट पर लगने वाली इस घंटी का स्वरूपरूप देश के सर्वश्रेष्ठ आर्किटेक्ट अनूप भरतरिया ने इस तरह डिजाइन किया कि यह कभी टूटे भी नहीं और कम वजन में भी उनसे भारी बनाई जा सके , इस घंटी में किसी भी तरह का जॉइंट नहीं है..यह सिंगल कास्टिंग घंटी है । ये घंटी कोटा की पहचान बनेगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 9 फरवरी, 2022**

माघ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2078, कृत्तिका नक्षत्र रात्रि 12:23 तक, ब्रह्म योग सांय 5:30 तक, बव करण प्रात: 8:31 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-वृष, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन-रात बना रहेगा। ज्वालामुखी योग प्रात: 8:31 तक है और रात्रि 12:33 से पुन: आरम्भ होगा। रवियोग रात्रि 12:33 से आरम्भ होगा। आज अष्टमी तिथि में वृद्धि हुई है। आज बुधाष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:56 तक, शुभ 11:19 से 12:41 तक, चर 3:25 से 4:48 तक, लाभ 4:48 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:12, सूर्यास्त 6:10

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**वृष**
मानसिक तनाव दूर होगा। मन:स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक अड़चनें यथावत बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु**
स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक तनाव दूर होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कुंभ**
परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/व्यक्तिगत कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

# भाजपा विधायकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे दिया धरना

## रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया पर हमले का विरोध

जयपुर। रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया पर बूंदी जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किये गए हमले व पत्थरबाजी मामले के विरोध में जयपुर में महात्मा गांधी सर्किल पर भाजपा विधायकों ने धरना देकर जनविरोधी कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित लगभग 67 विधायकों ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ धरना दिया। भाजपा विधायकों के धरने को गुलाबचंद कटारिया, सतीश पूनिया और राजेन्द्र राठौड़ ने संबोधित किया।

गुलाबचंद कटारिया ने संबोधित करते हुए कहा कि रीट पेपर लीक मामला न सिर्फ प्रदेश के 16 लाख अभ्यर्थियों का ही नहीं है बल्कि उनसे जुड़े हुए प्रदेश के करोड़ों लोगों का मामला है। पेपर लीक की भाजपा सीबीआई जांच की मांग कर रही है जिससे इस पूरे महा-स्कैम का खुलासा हो सके। कटारिया ने कहा कि रीट धांधली मामले में अगर सीबीआई जांच हो जाए तो कांग्रेस सरकार में मंत्री सुभाष गर्ग की भी गिरफ्तारी हो जायेगी और इनके बड़े आका भी जेल में होंगे।

उन्होंने सीबीआई जांच की मांग उठाते हुए कहा यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि क्या एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़, सीएम अशोक गहलोत को बुलाकर सवाल पूछ सकते हैं। किन योग्यताओं के आधार पर राजीव गांधी स्टडी सर्किल के पदाधिकारियों को रीट परीक्षा में कन्वेनर और दूसरी पोस्टिंग दी गई।

कटारिया ने कहा कि रीट की परीक्षा 1 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रभावित कर रही है। जिन लोगों ने परेशानी झेलकर अपने बच्चों को पढ़ाया। उनका भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा है। इस मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए भाजपा 9 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाएगी। कारण यह है कि पेपर लीक नहीं हुआ है, बल्कि षड्यंत्र करके पेपर चोरी करवाकर धन्धा कराने का काम किया गया है। कांग्रेस ने अपने लोगों को नौकरी दिलाने का चोर रास्ता ढूंढा है।

कटारिया ने सतीश पूनिया पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किये गए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राजस्थान की राजनीति में ऐसा दृश्य हमने कभी नहीं देखा कि विरोधी दल के नेताओं पर हिंसात्मक हमले करवाए जाएं। अशोक गहलोत कान खोलकर सुन लें कि यह हमला अकेले सतीश पूनिया पर ही नहीं राजस्थान भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं पर हमला है, हर हमले का भाजपा मजबूती से जवाब देगी, जो भी हमलावर है उनकी गिरफ्तारी हो और सख्त सजा मिले।

राजेन्द्र राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि रीट पेपर लीक मामला कांग्रेस सरकार का सुनियोजित षड्यंत्र है जो इस सरकार के संरक्षण में किया गया है। यह स्पष्ट हो रहा है कि राजीव गांधी स्टडी सर्किल के जरिये कांग्रेस सरकार ने रीट पेपर लीक धांधली से बड़े स्तर पर राशि एकत्रित कर कांग्रेस आलाकमान को खुश करने का काम किया है, क्योंकि राजीव गांधी स्टडी सर्किल के कई लोगों को रीट पेपर आयोजन कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसमें से कई व्यक्तियों के नाम सामने आ चुके हैं।

राठौड़ ने कहा कि रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच के लिए भाजपा सड़क से लेकर विधानसभा तक पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में रीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदेशभर में किये जा रहे आंदोलनों से अशोक गहलोत सरकार पूरी तरह घिर चुकी है और रीट लेवल-2 का पेपर रद्द कर मामले से ध्यान भटकाने का षड्यंत्र किया है, जबकि भाजपा की मांग है कि प्रदेश के युवाओं को न्याय देने के लिए सीबीआई जांच हो।

राठौड़ ने कहा कि सतीश पूनिया की बढ़ती हुई लोकप्रियता से भी अशोक गहलोत व कांग्रेस परेशान है जिससे इस हमले की साजिश होने से इनकार नहीं किया जा सकता। पूरी प्रदेश की जनता को पता चल चुका है कि स्वयं कांग्रेस सरकार में बैठे लोग रीट पेपर लीक मामले में शामिल हैं, भाजपा इस मुद्दे की सीबीआई जांच के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ाई लड़ेगी।

डॉ. सतीश पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का रीट रद्द करने का फैसला ही यह स्वीकार करना है कि रीट में बड़ी धांधली हुई है। रीट ही नहीं, लगता है इस शासन में सारी परीक्षाओं में नकल और बड़े स्तर पर धांधली हुई होगी, सीबीआई जांच से ही निष्पक्ष जांच हो सकेगी।

डॉ. पूनिया ने कहा कि रीट रद्द करके कांग्रेस सरकार ने दोषियों को बचाने की कोशिश की है। सीबीआई जांच तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। साथ ही किसान कर्जमाफी, महिला सुरक्षा, अलवर मूकबधिर नाबालिग मामला इत्यादि मुद्दों पर भी भाजपा सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी और लगातार लड़ रही है। मुझपर कांग्रेस सरकार कितने ही हमले करवाए, डरने वाला नहीं हूँ, किसान का बेटा हूँ, जनहित के मुददों पर करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम की ताकत से भाजपा पूरे प्रदेश में पूरी मजबूती से लड़ाई जारी रखेगी।

इनके अलावा धरने को विधायक वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, रामलाल शर्मा, बिहारी विशनोई, फूलसिंह मीणा, मदन दिलावर इत्यादि ने भी संबोधित किया।साथ ही युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अलका मूंदडा इत्यादि ने भी संबोधित किया।

विधायकों के साथ धरने में प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगडी, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात उत्तर अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, देहात दक्षिण अध्यक्ष रामानंद गुर्जर, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, डिप्टी मेयर पुनीत कर्नावट इत्यादि मौजूद रहे।


रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया पर हमले के विरोध में जयपुर में महात्मा गांधी सर्किल पर भाजपा विधायकों ने धरना दिया।

- धरने में लगभग 67 विधायक रहे मौजूद, कांग्रेस सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान
- अशोक गहलोत कान खोलकर सुन लें कि यह हमला अकेले सतीश पूनिया पर ही नहीं, राजस्थान भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं पर है, भाजपा हर हमले का देगी जवाब :गुलाबचंद कटारिया

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में फिर वृद्धि

## राज्य में मंगलवार को 3479 नए संक्रमित मिले, इससे पहले सोमवार को 2298 रोगी पाए गए थे

- राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 1140 नए संक्रमित मिले हैं।
- राज्य में सात हजार से ज्यादा मरीज ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस घटकर 37 हजार 278 रह गए हैं।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 16 और लोगों की मौत हुई है।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को फिर नए करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 3479 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इस बीच सात हजार से ज्यादा मरीज ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस घटकर 37 हजार 278 रह गए हैं। इधर पिछले चौबीस घंटों में राज्य में करोना से 16 और लोगों की मौत हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को 1181 मामले बढ़ने के साथ ही 3479 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 2298 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी इनकी संख्या में वृद्धि हुई है। इस दौरान यहां 1140 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 300, उदयपुर में 221, गंगानगर में 174, अलवर में 120, कोटा में 119, भीलवाड़ा में 112, अजमेर में 102, चित्तौड़गढ़ में 92, भरतपुर में 90, सीकर में 86, डूंगरपुर में 83, नागौर में 82, जैसलमेर में 76, हनुमानगढ़ में 72, झुंझुनूं में 71, प्रतापगढ़ व टोंक में 70-70, बीकानेर में 58, चूरू में 51, सवाई माधोपुर में 47, राजसमंद में 39, झालावाड़ में 34, बारां में 33, बूंदी में 30, धौलपुर में 25, सिरोही में 22, पाली में 20, बाड़मेर में 15, दौसा में 18, बांसवाड़ा में 4 और जालौर में 3 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं करौली जिले में आज संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।

राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 16 और लोगों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर में 4, बीकानेर, जोधपुर में 2-2, अजमेर, अलवर, बारां, चूरू, झुंझुनूं, कोटा, सीकर और सिरोही में 1-1 मरीज की मौत हुई। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9407 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

उधर राहत की बात यह है कि प्रदेश में पिछले कई दिनों से नए संक्रमितों के मुकाबले अधिक रिकवरी हो रही है। मंगलवार को भी नए संक्रमितों की तुलना में करीब दोगुना 7354 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही रिकवरी रेट बढ़कर 96.26 फीसदी हो गई है। इस बीच एक्टिव केस भी घटकर 37 हजार 278 रह गए हैं। इनमें सर्वाधिक 9236 मामले जयपुर जिले में है।

24-फागी में 65 नए संक्रमित मिले

राजधानी में मंगलवार को फिर करोना संक्रमण के मामलों में बढोतरी दर्ज की गई। इसके चलते 94 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 65 रोगी फागी में मिले हैं। इसके अलावा मालवीय नगर में 58, वैशाली नगर में 50, मानसरोवर में 46, सांभर में 44, टोंक रोड इलाके में 42, सोड़ाला में 38, प्रताप नगर में 37, गोविन्दगढ़ व झोटवाड़ा में 34-34, दुर्गापुरा में 31, आमेर में 30 और नए संक्रमित मिले हैं। वहीं 29 ऐसे मरीज हैं जिनका नाम, पता व मोबाइल नम्बर गलत होने के कारण उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 1576 मरीज रिकवर हुए हैं।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल मनाएगा भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष का जश्न

- फेस्टिवल में शामिल अनेक बेहतरीन सत्रों में से एक सत्र चुनाव प्रक्रिया और लोकतान्त्रिक प्रणाली के पक्ष-विपक्ष पर केन्द्रित होगा।

जयपुर, (का.सं.)। 5-14 मार्च 2022 को आयोजित होने वाले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के प्रमुख आकर्षणों में इंडिया 75 की थीम भी होगी। भारतीय आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर, फेस्टिवल के 15वें संस्करण में अनेक ऐसे सत्रों को वरीयता दी गई है, जो भारत के सफ़र के भिन्न पहलुओं को उजागर करेंगे।

फेस्टिवल में शामिल अनेक बेहतरीन सत्रों में से एक सत्र चुनाव प्रक्रिया और लोकतान्त्रिक प्रणाली के पक्ष-विपक्ष पर केन्द्रित होगा। पैनल में शामिल होंगे भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त और एव्री वोट काउंट्स के लेखक नवीन बी. चावला; भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मेकर्स ऑफ़ मॉडर्न दलित हिस्ट्री के लेखक गुरु प्रकाश पासवान; प्रतिष्ठित ज्यूरी और सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के रिटायर्ड जज जस्टिस मदन बी. लोकुर। इन प्रसिद्ध वक्ताओं के साथ चर्चा करेंगी अकादमिक और लेखिका मुकुलिका बनर्जी।

आधुनिक भारत के विकास में राष्ट्रवाद के ऐतिहासिक, सामाजिक-राजनीतिक और दार्शनिक अध्ययन का अनोखा मिश्रण शामिल है। लेखक और पत्रकार साकेत सुमन की विचारों को झकझोर देने वाली किताब द सायकोलोजी ऑफ़ ए पेट्रियट इसी नए भारत की तस्वीर पेश करती है। लेखक, कवि और अकादमिक मकरंद आर. परांजपे की आने वाली किताबों में शामिल है जेएनयू: नेशनलिज्म एंड इंडिया'स अनसिविल वार। गुरमेहर कौर की नई किताब, द यंग एंड द रेस्टलेस: यूथ एंड पॉलिटिक्स इन इंडिया, भारतीय लोकतंत्र में चुनाव और आदर्शात्मकता की भागीदारी का निरीक्षण करती है। जाने-माने अकादमिक और लेखक बद्री नारायण की किताब, रिपब्लिक ऑफ़ हिंदुत्व: हाउ द संघ इज रिशेपिंग इंडियन डेमोक्रेसी आरएसएस के विश्वास और कार्यों पर नज़र डालती है। इनके साथ चर्चा में लेखिका, अकादमिक और सामाजिक मानवविज्ञानी मुकुलिका बनर्जी देश की नींव और भविष्य पर फोकस करेंगी। मुकुलिका बनर्जी का नया मोनोग्राफ कल्टीवेटिंग डेमोक्रेसी: पॉलिटिक्स एंड सिटिज़नशिप इन अग्रेरियन इंडिया ग्रामीण भारत, विशेषतः पश्चिम बंगाल के सन्दर्भ में, राजनीति और आम नागरिकों के बीच सम्बन्ध का ब्यौरा प्रस्तुत करता है। एक अन्य सत्र में, बनर्जी लेखिका, पत्रकार और अनुवादिका नमिता वायकर से चर्चा करेंगी। ये दोनों कृषि और राजनीति पर प्रकाश डालेंगी।

भारत में विकलांगता अधिकार आंदोलन प्रमुख है, लेकिन इसका प्रतिनिधित्व कम है। प्रोफेसर और उद्यमी अनीता शर्मा देश के 2000 से अधिक ड्राइविंग स्कूलों में गईं और पाया कि उनमें से किसी में भी अक्षम लोगों के लिए कोई समाधान नहीं है। अनीता पोलियो से पीड़ित होने की वजह से जानती हैं कि ऐसे लोगों के लिए ड्राइविंग सीखना कितना जरूरी है। तो उन्होंने 'ऑन माय ओन' नाम से अपना एक ड्राइविंग स्कूल शुरू किया, जहाँ अक्षम लोगों को ड्राइविंग सीखने में मदद की जाती है।

भारतीय ग्रामीण मध्य वर्ग में सैंकड़ों मिलियन लोग आते हैं, जो कृषि और उद्योग, दोनों ही क्षेत्रों से जुड़े हैं। ये संभवतः वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे शानदार, जरूरी और उपेक्षित पहलु है।

## क्या प्रियंका वाड्रा अभ्यर्थियों से बात करना चाहेंगी, जिनसे गहलोत सरकार ने ठगी की? : शेखावत

जयपुर। रीट लेवल-2 की परीक्षा रद्द होने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा से तीखे सवाल पूछे हैं। कैंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रियंका वाड्रा जी को खबर पहुंची या नहीं कि राजस्थान में रीट लेवल-2 की परीक्षा रद्द कर दी गई है। क्या वे अभ्यर्थियों से बात करना चाहेंगी, जिनसे गहलोत सरकार ने ठगी की?

केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट किया कि भाजपा ने सवाल खड़े किए और जनाक्रोश फूटा अन्यथा ठग्स ऑफ राजस्थान ने अपना काला कारनामा अंजाम तक पहुंचा ही लिया था। उन्होंने कहा कि यूपी में योगी जी का काम शुद्ध जल की भांति पवित्र है, लेकिन राजस्थान में गहलोत जी ने हर क्षेत्र में अनिष्ट ही किया है। प्रियंकाजी जैसा दिखावा करती हैं, उसका एक प्रतिशत भी पालन नहीं करतीं। एक शब्द तक नहीं बोला गया उनसे रीट कांड पर, जबकि ये 16 लाख युवाओं के भविष्य का प्रश्न है।

# 'मैं तीसरी बार मुख्यमंत्री, मेरी नैतिक जिम्मेदारी गुड गवर्नेंस के लिए काम करूं, यही काम साथी विधायक करें'

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा 3 साल के बाद भी सरकार विरोधी लहर नहीं, ये हमारे लिए शुभ संकेत
- 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समय की इमरजेंसी की बात तो करते हैं, आज देश में अघोषित इमरजेंसी लगी हुई है'

जयपुर, (का.प्र.)। कांग्रेस विधायकों का चिंतन शिविर समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यह संवाद अच्छा रहा और हर किसी ने खुलकर अपनी बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने हमको सरकार बना कर आशीर्वाद दिया है। मैं तीसरी बार मुख्यमंत्री बना हूं तो मेरी नैतिक जिम्मेदारी है कि मैं किस प्रकार खुद गुड गवर्नेंस के लिए काम करूं और यही काम मेरी टीम के मेरे सभी साथी विधायक करें। तभी हम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री गहलोत ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिए गए बयान को लेकर कहा कि वह इंदिरा गांधी के समय की इमरजेंसी की बात तो करते हैं, लेकिन आज तो देश में अघोषित इमरजेंसी लगी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असेंबली आ रही है और आगे चुनाव भी आएंगे। सभी ने खुलकर इस चिंतन शिविर में अपनी बातें रखी हैं। मैं समझता हूं कि ऐसे चिंतन शिविर होते रहने चाहिए, ताकि सभी को एक दूसरे को जानने का मौका मिले। गहलोत ने कहा कि मैं हमारे विधायकों और समर्थित दलों के विधायकों को बधाई देना चाहता हूं कि सभी ने एकजुटता का संदेश दिया। इस चिंतन शिविर में राजस्थान में गुड गवर्नेंस कैसे हो और उसमें विधायकों की भागीदारी क्या हो, उस पर भी चर्चा खुलकर हुई।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बैठक के बाद कहा कि 3 साल के बाद भी सरकार विरोधी कोई लहर प्रदेश में नहीं है। ये हमारे लिए शुभ संकेत है। यही कारण है कि भाजपा फ्रस्ट्रेशन में आ गई है और वह नॉन इश्यू को इश्यू बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इश्यू को इश्यू बनाया जाए तो हम जवाब भी दें, लेकिन नॉन इश्यू को इश्यू बनाया जाएगा तो इसे भाजपा का कन्फ्यूजन ही माना जाएगा।

लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लॉकडाउन के समय मजदूरों को कांग्रेस द्वारा भड़काने के आरोपों पर भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज देश में हिंसा, अशांति और अविश्वास का माहौल बन गया है, यह आरोप तो एनडीए, भाजपा और आरएसएस पर कांग्रेस के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उल्टा हम पर यह आरोप लगा रहे हैं कि हम लोगों को भड़का रहे हैं। कांग्रेस का इतिहास क्या रहा है, सबको मालूम है।

गहलोत ने कहा कि आजादी की जंग में जो भूमिका कांग्रेस की रही वह सब जानते हैं. हम गांधी को मानते हैं और उनका संदेश ही अहिंसा से शुरू होता है, जिसे हम 70 साल से लेकर चल रहे हैं। इसीलिए देश अखंड है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम पर लोगों को भड़काने का आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि गलती मोदी सरकार ने की है, जिसके कारण देश में लॉकडाउन हुआ और उससे पहले नोटबंदी के वक्त भी कितने लोग मारे गए। लॉकडाउन के समय कितने मजदूरों की जान रास्ते में चलते हुए हुई। क्या उनके पास इसके आंकड़े भी हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 साल की कमियों को उजागर करने की बात करते हैं, जबकि उन्हें अब खुद का इतिहास बनाना चाहिए। कमियों को बताने में ही समय अगर निकाल देंगे तो फिर विकास की बात कब करेंगे।

# रीट में भ्रष्टाचार से बेरोजगारों के पैसे डूबे, सरकार करे युवाओं को पैसों का भुगतान : किरोड़ी मीणा

जयपुर। सांसद डॉ किरोड़ी मीणा ने कहा है कि रीट में हुए भ्रष्टाचार से बेरोजगारों के पैसे डूब गए हैं। जमीन जायदाद बेचकर भ्रष्टाचारियों के हत्थे चढ़ने वाले युवा आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार को चाहिए की पीड़ित बेरोजगारों कि खर्च का भुगतान सरकार जल्द से जल्द करे। डॉक्टर मीणा ने युवाओं से अपील की है कि रीट के नाम पर जिसने भी पैसा लिया है उसका नाम लिखकर दें जिससे वह पैसे दिलवाने की कोशिश कर सकें।

डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने बताया कि सरकार ने रीट में भ्रष्टाचार के पर्याप्त तथ्यों के कारण रीट द्वितीय लेवल की परीक्षा निरस्त करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के बाद भ्रष्टाचार के शिकार बेरोजगारों में भय व्याप्त हो गया है कि उनके पैसे डूब गए, वे स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। टोंक जिले के ग्राम रानीपुरा निवासी लोकेश मीणा की संदिग्ध मौत मिलने में नया मोड़ आया है। रीट परीक्षा के पेपर के लिए दो बड़े दलालों को करीबन 40 लाख रुपए दिए थे।

# विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण आज

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र बुधवार 9 फरवरी को प्रातः 11 बजे विधान सभा में अभिभाषण देंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल, मुख्य सचिव उषा शर्मा और विधानसभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा विधानसभा पहुँचने पर राज्यपाल मिश्र का स्वागत करेंगे। विधानसभा के मुख्य द्वार पर राज्यपाल मिश्र को आर.ए.सी. बटालियन द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी जायेगी।

# राजस्थान सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन कर उभरा है : सीएम

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि निवेश को प्रोत्साहन देने की राज्य सरकार की नीतियों का परिणाम है कि आज राजस्थान सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन कर उभरा है। रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में देश-विदेश की जानी-मानी कंपनियां और इन्वेस्टर्स प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि राजस्थान सोलर उपकरणों के मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में भी विकसित हो। निवेशक इस दिशा में बढ़-चढ़कर अपनी रूचि दिखाएं। राज्य सरकार उन्हें भरपूर सहयोग देगी।

गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों के साथ 3 लाख 5 हजार करोड़ के एमओयू एवं एलओआई हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस निवेश से प्रदेश में करीब 90 हजार मेगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा का उत्पादन होगा। इस अवसर पर निवेशकों व राज्य सरकार के बीच हस्ताक्षरित एमओयू एवं एलओआई का आदान-प्रदान किया गया।

राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि राजस्थान शांतिप्रिय एवं निवेश के लिए सर्वाधिक अनुकूल प्रदेश है। राजस्व विभाग निवेशकों के लिए भूमि से संबंधित आवश्यकताओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा कर रहा है। साथ ही, भूमि अधिग्रहण में किसानों एवं अन्य पक्षों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।



मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों से 3 लाख 5 हजार करोड़ के एमओयू एवं एलओआई पर हस्ताक्षर किये गये।

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सूचना
श्री अमर जैन मेडिकल रिलीफ सोसाइटी चौडा रास्ता, जयपुर
के 15 सदस्यों की कार्य-समिति के लिये मतदाता सूची के अनुसार चुनाव 27 फरवरी 2022 को अमर जैन अस्पताल, चौडा रास्ता, जयपुर में सम्पन्न होगें। कार्यक्रम सूचना पट्ट पर देखे।
सुरेन्द्र कुमार पोखरना
चुनाव अधिकारी

ऑफिसर्स कैंपस विकास समिति जयपुर
आम सूचना ऑफिसर्स कैंपस विकास समिति जयपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की साधारण सभा की बैठक दिनांक 13 फरवरी 2022 रविवार को प्रात 11.00 बजे शक्तीश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में रखी गई है। इस बैठक में प्रबंध कार्यकारिणी के निर्वाचन भी कराए जाएंगे। कृपया नियत समय पर उपस्थित होंवे।
कुमोद कंवर अध्यक्ष

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक सम्पत्ति जिसका पता 58, 59 मॉडल विलेज, नीयर जमना डेयरी, मदरामपुरा, अजमेर रोड, जयपुर में स्थित है, जिस पर मेरी माताजी नीलम जैन पत्नि स्व. श्री बजरंग लाल जैन ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त सम्पति के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (Mortgage) कर रखे हैं।
यह कि मेरी माताजी नीलम जैन पत्नि स्व. श्री बजरंग लाल जैन का दिनांक 5.5.2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लेट/मकान/प्लाट के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त फ्लेट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूं यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, सी-25, भगवानदास रोड, सी-स्कीम, जयपुर (फोन नम्बर 0141-6480799) में सम्पर्क करें। सूचित रहे। संजय बी जैन
निवासी: 58, 59 मॉडल विलेज, नीयर जमना डेयरी, मदरामपुरा
दिनांक :- 09.02.2022 अजमेर रोड, जयपुर। मो. 9414070815

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-5/2022/डी-341 दिनांक-4.2.2022
आम सूचना खुदावादी सोनार कोआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि.की योजना पदमावती कॉलोनी-प्रथम के भूखण्ड संख्या 255 का इस कार्यालय द्वारा दिनांक 17.09.2001 को श्री केदार नाथ गर्ग पुत्र श्री साधू नारायण गर्ग के पक्ष में क्षेत्रफल 160 वर्गगज का पट्टा विलेख जारी गया है। आवेदक श्री शुभम किशन कौल पुत्र श्री किशन लाल कौल द्वारा उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बावत श्री केदार नाथ गर्ग द्वारा श्रीमती संतोष कांटरू पत्नी स्व. श्री पी.एल. कांटरू के पक्ष में निष्पादित रजि. विक्रय पत्र, श्रीमती संतोष कांटरू का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं श्रीमती संतोष कांटरू द्वारा उक्त भूखण्ड बावत आवेदक के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा की प्रति प्रस्तुत की गई है। अतः उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देंवे। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-5

सूचना
सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. बी-425, मालवीय नगर, 315 वर्गगज का लोन हेतु संयुक्त आवेदन 01. विष्णुकुमार गुप्ता पुत्र श्री कपूर चन्द गुप्ता एंव श्रीमती ममता गुप्ता धर्मपत्नी विष्णु कुमार गुप्ता 02. बृजपाल लोधा पुत्र श्री कल्याण लोधा एंव सरोज लोधा धर्मपत्नी बृजपाल लोधा द्वारा किया गया है। उपरोक्त प्रोपट्री की रजिस्ट्री दिनांक 15.09.2021 को श्री पुरूषोत्तम रामरखानी, श्वेता रामरखानी, जमना रामरखानी, प्रदीप रामरखानी द्वारा श्री विष्णु कुमार गुप्ता एवं ममता गुप्ता तथा बृजपाल लोधा और सरोज लोधा के पक्ष में बेचान किया गया था। उक्त प्रोपर्टी के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र (19.02.1981) व कब्जा पत्र (18.02.1982) की मूल प्रति जो प्रभुनारायण मीणा के नाम से है खो गये हैं जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट LR no. 1346824/2022 ऑनलाईन दर्ज करा दी गई है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो SBI सहायक प्रबन्धक RACPC जयपुर को 07 दिवस में सूचित करें, अन्यथा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदकों को लोन की कार्यवाही निष्पादित करदी जावेगी।
SBI सहायक प्रबन्धक RACPC

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-5/2022/डी-314 दिनांक-3.2.2022
आम सूचना खुदावादी सोनार कोआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि.की योजना पदमावती कॉलोनी-प्रथम के भूखण्ड संख्या 256 का इस कार्यालय द्वारा दिनांक 17.09.2001 को श्री केदार नाथ गर्ग पुत्र श्री साधू नारायण गर्ग के पक्ष में क्षेत्रफल 160 वर्गगज का पट्टा विलेख जारी गया है। आवेदक श्री शुभम किशन कौल पुत्र श्री किशन लाल कौल द्वारा उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बावत श्री केदार नाथ गर्ग द्वारा श्रीमती संतोष कांटरू पत्नी स्व. श्री पी.एल. कांटरू के पक्ष में निष्पादित रजि. विक्रय पत्र, श्रीमती संतोष कांटरू का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं श्रीमती संतोष कांटरू द्वारा उक्त भूखण्ड बावत आवेदक के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा की प्रति प्रस्तुत की गई हैं। अतः उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र व दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देंवे। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त एवं प्राधिकरण अधिकारी जोन-5 जयपुर विकास विकास प्राधिकरण,जयपुर

खोया पाया
अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्रा. महासभा के मूल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र क्रमांक 51/1951, मूल रजिस्ट्रेशन की प्रति एवं विधान नियमावली और कार्यकारणी की सूची दस्तावेज खो गये है। मिलने पर सूचित करें। मो. 9414079540

मेरा राजस्थान फार्मेसी काउन्सिल/ट्रिब्यूनल द्वारा जारी फार्मासिस्ट पंजीयन प्रमाण पत्र संख्या 34281 जारी दिनांक 23.03.2011 कहीं खो गया है, जो इस समय मैसर्स ### ड्रग लाइसेंस संख्या ### पर अंकित था। मिलने पर निम्न पते पर पहुंचाने का श्रम करें। रविकांत शर्मा मो. 9413691556, प्लाट नं. 87-ए, उत्तम नगर, गोविन्दपुरा, कालवाड़ रोड, जयपुर-302012

मेरे भूखण्ड संख्या ए-48 व ए-49 पुराना विद्याधर नगर जयपुर का आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र गुम हो गया जिस किसी को मिले कृपा सूचित करें। संगीता पंवार, पता-ए-48, रजनी विहार, अजमेर रोड, हीरापुरा, जयपुर



# रीट नकल प्रकरण के पांच आरोपी कोर्ट में पेश

## कोर्ट ने पांच में से तीन को भेजा जेसी व दो को दिया पुलिस रिमांड

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** रीट परीक्षा नकल प्रकरण में एसओजी ने मंगलवार को 5 आरोपियों को गंगापुर सिटी कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट ने आरोपियों को पुलिस रिमांड व तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा है। एसओजी के इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि एसओजी की ओर से रामकृपाल, उदाराम, भजनलाल, डॉ. प्रदीप पाराशर, सोहनी देवी को गंगापुर सिटी कोर्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पेश किया गया। एसओजी की ओर से कोर्ट में पेश

■ **एसओजी को इन दो आरोपियों से कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है**


गंगापुर सिटी कोर्ट में आरोपियों को पेश करती एसओजी।

किए गए पांच आरोपियों में से तीन आरोपियों को न्यायिक हिरासत भेजा गया हैं। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए रामकृपाल, उदाराम, सोहिनी देवी को न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। एसओजी की ओर से अन्य दो आरोपी भजनलाल और डॉ. प्रदीप पाराशर का वापस से पीसी रिमांड मांगा गया था। सुनवाई करते हुए व गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने डॉ. प्रदीप पाराशर व भजनलाल को 12 फरवरी तक के लिए पीसी रिमांड पर भेजा है। फिलहाल एसओजी को इन दो आरोपियों से कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है।

जिसके चलते एसओजी की ओर से दोनों आरोपियों का एक बार फिर से पुलिस रिमांड लिया है।

# अलवर में 50 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरफ्तार

## पेटीएम से गामडी गांव के ठग रुपये निकालते हैं उन्हें 20 फीसदी भुगतान किया जाता है

**अलवर, (निसं)।** तेजस्वनी गौतम पुलिस अधीक्षक अलवर द्वारा ऑनलाइन ठगी की वारदातों को रोकने के लिए टीम का गठन किया गया।

मुखबिर की सूचना पर टीम सैमला रोड पर बुलाहेडी जाने वाले रास्ते पर पहुंची जहां पर एक व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पकड़कर नाम पता पूछा तो अपना नाम अकबर बताया। जिसके हाथ में दो माबाइल फोन मिले जिनको चौक किया तो दोनों मोबाईलों में कई गाड़ियों के फोटो, अर्द्धसैनिक बल के आई डी कार्ड, रुपये ट्रांजेक्सन के स्क्रिनसाट, कई ट्रान्जेक्शन एप, ठगी के सम्बन्ध में वाईस मैसेज, फोजियो की फोटो आदि संदिग्ध चीजे मिली जिसके सम्बन्ध में उक्त अकबर से पूछा तो बताया कि वह फोजी बनकर सस्ते दामो में गाडी बेचने का झांसा देकर लोगों से ठगी करता है। साथ ही बताया कि सिम व पेटीएम गामडी गाव थाना जुरहेडा जिला भरतपुर थाना से 5000 रुपये में खरीद कर लाते हैं व उस फर्जी सिम का उपयोग कर लोगो सो झांसे मे लेकर उनसे पैसा उक्त पेटीएम में डालवाते हैं इस पेटीएम से गामडी गांव के (सिम बेचने वाले) ठग रुपये निकालते हैं और बाद में वो उक्त ठगी के रुपयो में से 20 प्रतिशत रुपये काटकर बाकी 80 प्रतिशत रुपये हमको दे देते हैं।

अकबर ने बताया कि वह करीब 3 महिने से लोगो के साथ में आन लाइन फ्राड कर रहा है और अभी तक करीब 50,00,000 की ठगी कर चुका है उक्त आरोपी अकबर मेव निवासी पथराली पुलिस थाना गोपालगढ़ जिला भरतपुर को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से दो मोबाईल फोन व फर्जी सिमो को जप्त किया गया। आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन, फर्जी सिमो को जप्त किया गया।

## बीकानेर में घट रहे कोरोना पॉजिटिव

**बीकानेर, (कासं)।** जिले में अब नियमित रूप से कोरोना पॉजिटिव की संख्या सौ से नीचे रहने लगी है। वहीं रिकवर होने वाले रोगियों की संख्या अभी भी पॉजिटिव से ज्यादा है। जिले में अब मौत का सिलसिला थम गया है। सीएमएचओ डॉ. बी.एल.मीणा ने बताया कि सोमवार को बीकानेर में 1573 के टेस्ट करवाए गए थे, जिसमें 62 पॉजिटिव आए हैं, जबकि सत्तर को रिकवर घोषित किया गया है। फिलहाल अस्पताल में 32 रोगी भर्ती है, जिनमें अधिकांश की स्थिति नियंत्रण में है। बीकानेर में रोगी कम हुए हैं लेकिन अब भी नोखा, देशनोक, नापासर, गंगाशहर, शहरी परकोटे में भी कोविड पॉजिटिव आ रहे हैं।

# कनिष्ठ सहायक ने आत्महत्या कर की जीवन लीला समाप्त

**उनियारा/टोंक, (निसं)।** नगर फोर्ट थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा में एक युवक ने रस्सी से फंदा लगा जीवन लीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। मृतक लोकेश कुमार मीणा निवासी रानीपुरा नैनवां बूंदी से प्रतिनियुक्ति पर हिंडोली बूंदी में लगा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीट परीक्षा के मामले में रुपयों के लेन–देन को लेकर मृतक मानसिक दबाव में चल रहा था। मृतक युवक के द्वारा मौके पर एक सुसाइड नोट भी छोड़ना बताया। जिसकी जांच पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है।

■ **रीट परीक्षा में रुपयों के लेन-देन को लेकर मानसिक दबाव में चल रहा था मृतक**

पुलिस को घटना स्थल पर मृतक के भाई द्वारा हैंगिंग से काम में ली गई रस्सी एवं एक सुसाइड नोट पुलिस को सौंपा। पुलिस ने एफएसएल टीम एवं एमओबी टीम को मौके पर बुलाकर इस घटना की जांच करवाई। मृतक के पिता द्वारा 11लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। इस दौरान परिजन मृतक युवक के शव को गांव के बाहर रख कर मुल्जिमानों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे तथा पुलिस प्रशासन को चेताया कि मुलजिमों की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव का दाह संस्कार नहीं करेंगे। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रिय विधायक हरिश्चंद्र मीणा मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि मामले का निष्पक्ष अनुसंधान एवं कार्यवाही करवाई जाएगी। विधायक तथा पुलिस उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर उनकी निगरानी में शव का दाह संस्कार कराया गया।

# ग्राम विकास अधिकारी को थमाई 17 सीसी की चार्जशीट

**लालसोट, (निसं)।** खंड विकास अधिकारी दिवाकर मीणा द्वारा पंचायत समिति क्षेत्र की गोल व डिगो सहित इन्दावा खटुम्बर ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया।

इस औचक निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत गोल के ग्राम विकास अधिकारी नितिन कुमार एवं खटूम्बर के ग्राम विकास अधिकारी महेश बोहरा बिना किसी पूर्व सूचना के एवं सक्षम स्तर पर बिना स्वीकृति के अनुपस्थित पाए जाने पर खंड विकास अधिकारी मीणा द्वारा दोनों ग्राम विकास अधिकारियों को 17 सीसी की चार्ज सीट जारी की है।

इसी दौरान खंड विकास अधिकारी मीणा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय गोल में बच्चों का शैक्षणिक स्तर भी जांचा इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राएं अंग्रेजी की किताबों को तक नहीं पढ़ पाए।

ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान खटूम्बर ग्राम पंचायत के सरपंच लादूराम मीणा द्वारा खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि


खटुम्बर पंचायत में औचक निरीक्षण करते बीडीओ दिवाकर मीणा।

■ **निरीक्षण में छात्र नहीं पढ़ सके अंग्रेजी की किताब**

उनके यहां ग्राम विकास अधिकारी अनुपस्थित रहता है इसके कारण पंचायत का कार्य बाधित हो रहा है। खंड विकास अधिकारी मीणा द्वारा एसीईओ सुनील आर्य के निर्देशानुसार ग्राम विकास अधिकारी मनोज बैरवा को ग्राम खटूम्बर में ग्राम विकास अधिकारी मनोज बैरवा को तत्काल लगाया एवं नियम अनुसार कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## ओडिशा के राज्यपाल ने किए बालाजी के दर्शन

**सुजानगढ़, (निसं)।** ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल ने सालासर के श्री बालाजी मंदिर में पहुंचकर बालाजी के दर्शन किये व पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की। पुजारी परिवार के सदस्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करवाई। सालासर मन्दिर प्रवेश द्वार पर राज्यपाल का प्रशासनिक अधिकारियों ने अगवानी की। राज्यपाल स्थित श्री बालाजी गौशाला संस्थान पहुंचे जंहा पर उन्होंने गायों को गुड खिलाया व इस दौरान उन्होंने गौसेवा के लिए एक पिकअप भी भेंट की जिसको उन्होंने हरा झंडी दिखाकर रवाना किया। गौशाला अध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया। गौशाला देख राज्यपाल ने गौशालाध्यक्ष रविशंकर पुजारी का माल्यापर्ण कर अभिनंदन किया। इस दौरान उनके साथ परिवार के सदस्य राजभवन के कार्मिक मौजूद रहे। एडीएम, एएसपी, एसडीएम, डीवाईएसपी, तहसीलदार प्रोटोकॉल में मौजूद रहे।

# 'किसी वार्ड में एक रुपए का काम भी मंजूर नहीं तो कहीं 48 लाख रुपए के काम मंजूर हो गए'

**अलवर, (निसं)।** अलवर नगर परिषद के बीजेपी के पार्षदों ने मंगलवार को यह कहकर विरोध जताया कि किसी वार्ड में एक रुपए का काम भी मंजूर नहीं हुआ तो कहीं 48 लाख रुपए के काम मंजूर हो गए। बीजेपी पार्षदों ने कहा कि पूरे शहर में बराबर विकास कार्य होने चाहिए। एक कांग्रेसी के वार्ड

■ **अलवर शहर में 15 करोड़ के विकास की शुरूआत होते ही विरोध शुरू**

■ **बीजेपी पार्षद बोले क्या उनके वार्ड की जनता टैक्स नहीं देती**

में 48 लाख के कार्य मंजूर किए गए हैं। वहीं एक बीजेपी के पार्षद में एक रुपए के काम भी मंजूर नहीं किए।

नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद सतीश यादव ने कहा कि बीजेपी के बोर्ड में


अलवर नगर परिषद के भाजपा पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया।

सब जगहों पर बराबर का विकास कराया था। अब कांग्रेस के नेता भेदभाव कर रहे हैं। पार्षद हेतराम ने कहा कि वार्ड 56 में एक रुपए की एनआईटी नहीं लगाई है। एनआईटी में पहले नाम था लेकिन बाद में हटा दिया। पार्षद अरुण जैन ने कहा कि 11 लाख रुपए का काम लगा है उस काम को कोई ठेकेदार लेने को तैयार नहीं है। वार्ड 37 में केवल 10 लाख का काम लगा है। महिला पार्षद ने जवाब दिया कि क्या मेरे वार्ड की जनता टैक्स नहीं भरती है। पार्षद शीला जांगिड ने कहा कि केवल 10 लाख रुपए का काम लगा है। पार्षद सुमन चौधरी ने कहा कि उनके वार्ड में भी केवल 10 लाख रुपए का काम मिला है।

**कांग्रेस के वार्डों में 48 लाख रुपए :-** बीजेपी के पार्षद सीताराम चौधरी ने बताया कि नारायण साईंवाल के वार्ड में 48 लाख रुपए का काम लगाया गया है। ऐसा ही कई अन्य कांग्रेसी पार्षदों के वार्ड में 30 से 40 लाख रुपए के विकास के कार्य कराने की तैयारी है लेकिन बीजेपी के पार्षदों के वार्डों में भेदभाव हुआ है जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

# बेटे ने पत्थर से सिर कुचलकर की बाप की हत्या

**मेहंदीपुर बालाजी, (निसं)।** एक बेटे ने पत्थर से सिर कुचलकर पिता की हत्या कर दी। हत्या के बाद बेटा वहीं रूका रहा। साथ में मौजूद ड्राइवर वहां से भाग गया और गांववालों को पूरी घटना बताई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि पिता उस पर तंत्र–मंत्र करता था, इसलिए परेशान होकर उसने हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के अमरावती जिले के वरुड़ का विष्णु टाकर (62) अपने परिवार के साथ सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने आया था। मंगलवार को परिवार के साथ तीन पहाड़ भैरव मंदिर दर्शन के लिए गए थे। पहाड़ी की तलहटी में सुनसान जगह पर बेटे अभिषेक (22) ने अपने पिता का पत्थर से सिर कुचल दिया। पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस बता रही है कि बेटा मानसिक रूप से बीमार है। हालांकि बेटे ने संपत्ति का विवाद भी बताया है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। युवक ने बताया कि मां–बाप उसे मानसिक रूप से बीमार समझते थे। इसके लिए अलग–अलग डॉक्टर के पास ले जाते यहां तक कि कई मंदिर और दूसरे स्थानों पर ले जाकर तंत्र–मंत्र और टोटका भी कराया। बेटे ने दावा किया कि वह पूरी तरह से


कातिल अभिषेक

स्वस्थ है। इसके बाद भी वह ऐसे इलाज से परेशान हो गया था। उसने महाराष्ट्र में भी पिता को मारने की कोशिश की लेकिन

■ **बेटा बोला - मानसिक बीमार समझकर मुझ पर तंत्र-मंत्र कराते थे, इसलिए मार डाला**

मौका नहीं मिला। यहां दर्शन के दौरान मौका मिल गया तो हत्या कर दी। मंदिर दर्शन के दौरान ड्राइवर और युवक की मां हेमा भी साथ में थी। युवक की मां ने भी अपने पति को बचाने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुई। थाना प्रभारी गिर्राज का कहना है की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ लिया है।

## एक रुपए लेकर किया विवाह

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर के नोखा में दो और युवकों ने बिना दहेज विवाह करने का रास्ता अपनाया है। रासीसर के दो युवा महेन्द्र सीगड़ व पुत्र शिवरतन सीगड़ व दिनेश सीगड़ पुत्र भंवरलाल सीगड़ का विवाह कुदसू के भंवरलाल भादू की पुत्रियां विमला व कंचन के साथ सात फरवरी को सम्पन्न हुआ। शादी हिन्दू रीति रिवाज से सम्पन्न हुई। महेन्द्र सीगड़ सरकारी अध्यापक है व दिनेश सीगड़ प्रशिक्षक है। वर महेन्द्र सीगड़ ने बताया कि लाखों रुपए दहेज के रूप में लेने की परंपरा के वो सदा ही खिलाफ रहे हैं। ऐसे में अपना विवाह भी बिना दहेज के करना चाहते थे।

# जज डॉ. रूबीना परवीन के निरीक्षण में किशोर गृह टोंक में मिली अनियमितता

**टोंक, (निसं)।** सम्प्रेषण एवं किशोर गृह समिति टोंक के अध्यक्ष, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा राजकीय किशोर गृह टोंक का निरीक्षण सोमवार शाम को किया गया। डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के निर्देशानुसार राजकीय किशोर गृह टोंक का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय 13 बालक उपस्थित मिले। निरीक्षण के

■ **डॉक्टरों द्वारा बालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करना भी नहीं पाया गया**

दौरान भोजन की गुणवत्ता जांचे जाने पर जानकारी में आया कि बालकों को सुबह की बनी हुई बासी दाल शाम के भोजन में दिये जाने हेतु पाई गई, बालकों को दिये जाने वाला भोजन डाइट चार्ट के अनुसार भी नहीं पाया गया, जो संबंधित विभाग की बच्चों की सेहत की प्रति लापरवाही को दर्शाता है।

निरीक्षण के दौरान किशोर गृह में बालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियुक्त किये गये चिकित्सक की उपस्थित भी नियमित होना नहीं पाई गई। सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण टोंक में निवासरत बालकों का समय–समय पर कोविड–19 जांच करवाने तथा कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिशा निर्देशों की कठोरता से पालना हेतु निर्देशित किया गया।

# पीएम से मिली सांसद रंजीता, रीट की सीबीआई से जांच कराने की मांग की

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने पीएम से मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए करोड़ों के घोटाले व रीट परीक्षा 2021 धांधली के मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। 8 फरवरी को भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने पीएम से मुलाकात कर राजस्थान में रीट परीक्षा 2021 धांधली के मामले से भी प्रधानमंत्री को अवगत करवाया। सांसद ने कहा की विधानसभा कामां की पंचायत समिति कामां, पहाड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना में बहुत बड़ा

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए करोड़ों के घोटाले की भी जांच की मांग की**


पीएम मोदी से मिली भरतपुर सांसद रंजीता कोली।

फर्जीवाड़ा किया गया है, इस योजना में करोड़ों रूपये का घोटाला किया गया है, जिसकी जांच 18 सितम्बर 2020 को पूरी कर ली गई थी।

जांच में एक ही मकान के फोटो को कामां और पहाड़ी में अलग–अलग लोगों के दिखा कर फर्जी भुगतान उठा लिए, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सांसद ने आरोप लगाया कि कामां विधायक के गृह 'पंचाल' में भी बड़े स्तर पर इस योजनान्तर्गत भुगतान उठाये गये हैं। स्थानीय प्रशासन विधायक व मंत्री जाहिदा खान के दवाब में दोषियों को बचा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के अधिकारी मिशन को फेल करने में लगे हैं, इसलिए इस पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच करवाई जाये।

## सरकारी प्रेस में मशीनों की नीलामी

**अलवर, (निसं)।** राजकीय मुद्रणालय यानी सरकारी प्रेस के बंद होने के बाद मंगलवार को वहां पुरानी मशीनों की नीलामी शुरू होने से पहले हंगामा हो गया। खुली बोली से मशीनों को बेचा जाना था। बोली लगाने के लिए 32 लोगों को पहले अंदर प्रवेश दे दिया गया। 11 बजे बाद करीब 20 से अधिक बोली में भाग लेने के लिए कबाड़ी और पहुंच गए लेकिन उनको प्रवेश नहीं दिया।

इसके बाद उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इन कर्मचारी व अधिकारियों की मिलीभगत है, ये नहीं चाहते सरकार को अधिक रेवेन्यू मिले। इसलिए कुछ मिनट देर से आने वालों को प्रवेश नहीं दिया जबकि 1 बजे तक ऑक्शन शुरू भी नहीं किया गया।

अलवर शहर में डीआरडीए के निकट रोजगार कार्यालय के निकट पहुंचे लोगों ने आरोप लगाए कि उनको प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। यदि वे भी बोली में भाग लेंगे तो मशीन अधिक दामों में बिकेंगी। जिससे सरकार को अधिक राजस्व मिलेगा लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी ऐसा नहीं चाह रहे हैं। अधिकारियों का कहना था कि तय समय तक प्रवेश दिया गया। इसके बाद नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जो देरी से आए उनको प्रवेश नहीं दिया गया।

# नसीराबाद अस्पताल में शाम ढलते ही डॉक्टर छोड़ देते हैं मुख्यालय

## आईसीयू वार्ड में सभी उपकरण धूल फांक रहे हैं

**नसीराबाद, (निसं)।** गहलोत सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में आमजन को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के सभी अस्पतालों में मरीजों को परेशानी नहीं हो उसको देखते हुए सभी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसके चलते नसीराबाद अस्पताल में भी ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आईसीयू वार्ड सुविधा सरकार के द्वारा क्षेत्र वासियों के लिए नसीराबाद अस्पताल में उपलब्ध कराई गई है किंतु स्थानीय अस्पताल प्रबंधन की मनमानी के कारण नसीराबाद क्षेत्र के लोग इन सभी सुविधाओं का लाभ लेने में मेहरूम है।

नसीराबाद अस्पताल में शाम होते ही स्थानीय अस्पताल में पद स्थापित अधिकांश डॉक्टर मुख्यालय छोड़ देते हैं जिसके चलते रात्रि में आपात पड़ने पर मरीजों को बिना इलाज के अजमेर रेफर कर दिया जाता है। गौरतलब है कि अस्पताल प्रभारी डॉ विनय कपूर भी शाम होते ही मुख्यालय से अजमेर अपने निवास स्थान के लिए रवाना हो जाते हैं।



नसीराबाद अस्पताल में बंद पड़ा सोनोग्राफी कक्ष।

उसके पश्चात नसीराबाद अस्पताल का कोई धनी धोरी नहीं रहता है।

चिकित्सा प्रभारी डॉ विनय कपूर जोकि एक वरिष्ठ सर्जन है उसके बावजूद भी नसीराबाद अस्पताल में ऑपरेशन नहीं होते हैं। मरीजों को अजमेर रेफर कर दिया जाता है जबकि सरकार के द्वारा स्थानीय अस्पताल में सभी सुविधाएं उपलब्ध है। वेरीड बोर्ड सदस्य सुशील जैन गदिया ने भी संयुक्त निदेशक डॉ इंद्रजीत सिंह को अस्पताल में व्याप्त व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की थी। विचारणीय बिंदु है कि लगातार अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसके बावजूद भी क्षेत्रीय विधायक रामस्वरूप लांबा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साध रखी है।

# 3000 पेड़ों की जड़ों तक पानी देने के लिए ग्रास पेपर वर्क होगा

## मुख्य सड़कों और फुटपाथ पर आ रहे पेड़ों को संजीवनी देने वाले इस प्रोजेक्ट पर जेडीए 87 लाख रुपये खर्च करेगा



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की मुख्य सड़कों और फुटपाथ पर आ रहे करीब 3 हजार पेड़ों के चारों तरफ डामर रोड व टाइल्स हटाकर ग्रास पेवर वर्क कराया जायेगा, ताकि इन पेड़ों की जड़ तक पानी पहुंच सके। जेएलएन मार्ग, टोंक रोड और पृथ्वीराज मार्ग पर करीब 650 पेड़ों के चारों तरफ के स्थान को सही करते हुए ग्रास पेवर का काम मई तक पूरा किया जायेगा।

जेडीसी गौरव गोयल ने बताया कि आमतौर पर

■ **जेएलएन मार्ग, टोंक रोड और पृथ्वीराज मार्ग पर करीब 650 पेड़ों पर यह कार्य मई तक होगा**

देखने को मिल रहा है कि मुख्य सड़कों पर लगे हरे-भरे पेड़ धराशायी हो जाते है, कारण है कि सड़क बनाने के दौरान इनकी जड़ों तक पानी पहुंचने के लिए जगह नहीं छोड़ी जाती। अब इस प्रोजेक्ट में पेड़ के चारों ओर लगी डामर और टाइलों को हटाकर यहां पत्थरी डिजाइन में जगह छोड़ी जायेगी, जिसमें पेड़ों की जड़ों तक पानी पहुंचने की जगह होगी। जेडीए प्रशासन ने शहर में कुछ जगहों पर ऐसा कार्य करके भी देखा है। गोयल ने बताया कि विद्याधर नगर में सेक्टर-1 में जे.के.जे. चौराहे से काली माता चौराहे तक मुख्य सड़क के डामरीकरण और विकास कार्यों के लिए 88.42 लाख रूपये स्वीकृत किये है। विद्याधर नगर में ही सड़कों के सिविल रिपेयर पर 96.91 लाख रूपये खर्च किये जाएंगे।

# एसआई भर्ती में नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने उपनिरीक्षक प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती 2019 के खेल कोटे में पात्र होने के बावजूद भी नियुक्ति नहीं देने पर गृह सचिव, डीजीपी भर्ती और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भर्ती बोर्ड से जवाब मांगा है। जस्टिस महेंद्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश जग दातार सिंह की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि विभाग ने 23 दिसंबर 2019 को एसआई भर्ती के लिए खेल कोटे में आवेदन मांगे। याचिकाकर्ता वॉलीबॉल का नेशनल लेवल का खिलाड़ी है और उसने नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक भी जीता है। इसके अलावा भर्ती की लिखित परीक्षा पास करने के बाद विभाग की ओर से ली गई खेल परीक्षा में भी उसने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद विभाग ने उसका चयन नहीं किया। याचिका में यह भी कहा गया की विभाग ने याचिकाकर्ता से कम पदक विजेता और खेल परीक्षा में निम्न स्तर का प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थी का चयन कर लिया। विभाग की ओर से गत 25 जनवरी को जारी अस्थायी चयन सूची में याचिकाकर्ता को शामिल नहीं किया। याचिका में गुहार की गई है कि खेल प्रतियोगिता की वीडियोग्राफी मंगाकर फैसला किया जाए।

# 8 घंटे तक सचिवालय के अंदर कैद रहे कुलपति प्रो. राजीव जैन

## एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने गेट पर ताला लगाकर बाहर धरना दिया, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई

**जयपुर** । यूजी और पीजी का सिलेबस कम किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई ने ना केवल राजस्थान विवि. में प्रदर्शन किया, बल्कि उन्होंने कुलपति सचिवालय पर ताला लगा दिया। इसके कारण कुलपति प्रो. राजीव जैन 8 घंटे तक अंदर कैद होकर रह गए।

कुलपति सचिवालय पर ताला लगाने के बाद कार्यकर्ता सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए, उनका कहना

■ **स्नातक-स्नातकोत्तर में पाठ्यक्रम कम करने की मांग**

था कि जब तक कुलपति उनसे नहीं मिलेंगे, तब तक न तो ताला खुलेगा और ना ही कार्यकर्ता अपना धरना समाप्त करेंगे। दिन भर चले इस हंगामे के चलते कुलपति तकरीबन आठ घंटे तक कुलपति सचिवालय से बाहर नहीं निकल सके। शाम को जब उन्होंने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को वार्ता के लिए बुलाया तब जाकर ताला खुल पाया। इससे पूर्व मौके पर पहुंची पुलिस ने भी ताला खुलवाने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता टस से मस नहीं हुए।

इससे पूर्व एनएसयूआई के विवि ईकाई अध्यक्ष अमरदीप के नेतृत्व में कार्यकर्ता विवि. के मुख्यद्वार पर एकत्र हुआ और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस के साथ



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राजस्थान विवि. में कुलपति सचिवालय पर ताला जड़कर बाहर विरोध जताया।

उनकी जमकर धक्कामुक्की भी हुई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहनाा था कि पूरे सत्र के दौरान विवि में ना तो नियमित रूप से कक्षाएं लगी और ना ही ऑनलाइन क्लास लगाई गई जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हुई है। ऐसे में विवि प्रशासन को यूजी और पीजी का सिलेबस 50 फीसदी कम करना चाहिए। उन्होंने राजस्थान विवि के ऑनर्स विषय में भी पासकोर्स के समान ड्यू पेपर का ऑप्शन रखने की मांग की जिससे छात्रों का साल खराब ना हो। उनका कहना था कि जिन विद्यार्थियों को सैकेंड ईयर से थर्ड ईयर में एडमिशन दिया गया था उनमें 30 फीसदी विद्यार्थी ऐसे हैं जो किसी ना किसी पेपर में सैकेंड ईयर में फेल हो गए हैं ऐसे विद्यार्थियों के पेपर को ड्यू रखकर उन्हें थर्ड ईयर के परीक्षा के साथ यह पेपर दिलवाया जाए या फिर उनकी फीस वापस की जाए क्योंकि थर्ड ईयर में उन्हें एडमिशन देने के साथ ही विवि प्रशासन ने उनकी थर्ड ईयर की फीस भी ली है। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ता एक बार फिर राजस्थान विवि के मुख्यद्वार पर जुटे और प्रदर्शन किया।

# 15वीं विधानसभा का सप्तम सत्र आज से

**जयपुर** । 15वीं राजस्थान विधानसभा का सप्तम सत्र बुधवार 9 फरवरी को प्रातः 11 बजे आहूत होगा। कोविड-19 से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को ध्यान में रखते हुए विधान सभा में पुख्ता व्यवस्थाएं की गई हैं। विधान सभा सत्र के दौरान दर्शक, विशिष्ट और अध्यक्ष दीर्घा के लिए प्रवेश पत्र नहीं बनाये जायेंगे।

राजस्थान विधान सभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रवेश द्वारों पर हाथ धोने और सेनेटाइज किये जाने वाली मशीनें पर्याप्त संख्या में लगाई गई है। उन्होनें बताया कि करोना से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सभी सावधानियों को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा सत्र के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। विधानसभा में संचालित एलोपैथिक, होम्योपैथिक, आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सालयों में चिकित्सकों और औषधियों की व्यवस्था कोविड-19 के दृष्टिगत पर्याप्त की गई है। मंगलवार को विधान सभा में अधिकारियों ने राज्यपाल के आगमन, सदन में प्रोसेसन में ले जाने और प्रस्थान की व्यवस्थाओं का रिहर्सल किया। विधानसभा परिसर में सप्तम

■ **दर्शक, विशिष्ट और अध्यक्ष दीर्घा के लिए नहीं बनेंगे प्रवेश पत्र**

■ **सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रवेश द्वारों पर फ्लेप बैरियर लगाये**

सत्र के लिए जारी वाहन प्रवेश पत्र लगे वाहनों का ही प्रवेश होगा। अधिकारियों के वाहनों का आवागमन विधानसभा के गेट संख्या 5 और 6 से होगा। पत्रकारों के दोपहिये वाहनों का प्रवेश भवन के उत्तरी द्वार गेट न. 1 से और चार पहिये वाहन का प्रवेश गेट न. 6 से होगा, जिनकी पार्किंग पूर्व की भांति पूर्वी एवं दक्षिणी कोने में बनाये गये पार्किंग स्थल पर होगा। विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए भवन के प्रवेश द्वारों पर एम्सस कन्ट्रोल के लिए फ्लेप बैरियर स्थापित किये गए है। विधानसभा भवन में प्रवेश करते व निकलते समय स्मार्ट कार्ड को फ्लेप बैरियर को खोलने पर ही आवागमन हो सकेगा।

# रीट पेपर लीक मामले की सुनवाई 28 तक टली

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रीट भर्ती-2021 के पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 28 फरवरी तक टाल दी है।

महाधिवक्ता एमएस सिंघवी ने जस्टिस महेन्द्र गोयल के समक्ष कहा कि रीट भर्ती के लेवल-दो के लिए आयोजित की गई परीक्षा को रद्द कर दिया है। ऐसे में याचिकाएं सारहीन हो गई हैं, इसलिए याचिकाओं को खारिज किया जाए। जिसके जवाब में याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता अधिवक्ता आरपी सैनी व दिनेश गर्ग ने कहा कि मामले में पूरी रीट 2021 को ही रद्द करने और मामले की सीबीआई जांच करवाए जाने का आग्रह किया है। इसलिए मामले में सीबीआई जांच पूरी नहीं होने तक किसी को भी नियुक्ति नहीं दी जानी चाहिए। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर मामले की सुनवाई 28 फरवरी को तय की। याचिकाओं में कहा है कि राज्य सरकार की जांच एजेंसी एसओजी खुद ही मान चुकी है कि पेपर शिक्षा संकुल से चोरी हुआ था और उसे करोड़ों रुपये में बेचा गया था तो ऐसे में भर्ती परीक्षा को रद्द कर मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए।

# लघु व मझौले समाचारपत्रों की समस्याओं पर चर्चा

**जयपुर/कानपुर** । लघु एवं मझौले वर्ग के समाचारपत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले "एसोसियेशन ऑफ स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया" की राष्ट्रीय परिषद् की मीटिंग वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चन्दोला ने की। बैठक में देश के कई राज्यों से पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। उन्होंने लघु और मझौले समाचारपत्रों की समस्याएं बताई। साथ ही डीएवीपी विज्ञापन पॉलिसी-2020 की खामियों को बताया और दूर करवाने की मांग रखी गई।

इतना ही नहीं डीएवीपी (बी.ओ. सी.) की विभागीय कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर की गई और कहा कि बी.ओ. सी. की कार्यशैली से लघु एवं मझोले वर्ग के समाचार पत्रों की विकासदर प्रभावित हो रही है। पदाधिकारियों का कहना था कि लघु और मझौले समाचारपत्रों को बी.ओ.सी. द्वारा नियम-कायदों के नाम पर बहुत परेशान किया जा रहा है, जो कि निन्दनीय है। समस्याओं को सुन राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चन्दोला ने

■ **डी.ए.वी.पी. की विज्ञापन नीति-2020 की खामियों को दूर करने की मांग रखी**

आश्वासन दिया कि समाचारपत्रों की समस्याओं से सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार एवं डीएवीपी (बी.ओ.सी.) को अवगत कराया जायेगा और उनका उचित हल निकालने की बात रखी जायेगी।

वर्चुअल मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चन्दोला, उप्र से श्याम सिंह पंवार, डी.के. मैथानी, महाराष्ट्र से अप्पा साहिब पाटिल, गोरख तावरे, प्रदीप कुलकर्णी, चन्द्र शेखर गायकवाड़, प्रवीण पाटिल, शोभा जयपुरकर, राजस्थान से डॉ. अनन्त शर्मा, उत्तराखंड से निशा रस्तोगी, आन्ध्र प्रदेश से एम. मौलिकुमार, कोंडलराव सेंडीरेड्डी, कर्नाटक से विद्याधर, पश्चिम बंगाल से नारायण चटर्जी, गुजरात से शंकर एम. कतीरा, कर्नाटक से तारिका बेल्कर, विद्याधर, असम से किरि रांगहेंग, गिरिन्द्र कुमार, राजू धनराजानी शामिल हुए।

# लोहा और इस्पात निर्माण में प्लास्टिक कचरे के उपयोग की संभावना देखें : राम चंद्र प्रसाद सिंह



**जयपुर** । केंद्रीय इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने आज नई दिल्ली में लोहा और इस्पात के निर्माण में प्लास्टिक कचरे के उपयोग की संभावना तलाशने के लिए इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य और भारतीय इस्पात अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी मिशन के निदेशक अंशुमन त्रिपाठी के साथ एक बैठक बुलाई। प्लास्टिक कचरे का उपयोग और निपटान एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दा है और इसे संबोधित करने की आवश्यकता है। कुछ देश इस कचरे का उपयोग लोहा और इस्पात उद्योग में कर रहे हैं। कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस जैसे क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के उपयोग की उपयुक्तता और इसके लाभ तथा हानियों पर चर्चा की गई। इस्पात उद्योग द्वारा वर्तमान में प्रचलित प्लास्टिक कचरे के उपयोग की मात्रा, इसके पृथक्करण सहित पूर्व-उपचार प्रक्रिया, तकनीकी-अर्थशास्त्र और इस्पात निर्माण प्रक्रियाओं आदि में इसके उपयोग पर उत्सर्जन और प्रभाव आदि पर भी चर्चा की गई। इस्पात मंत्री ने सचिव (इस्पात) संजय कुमार सिंह को गृह मंत्रालय व पर्यावरण वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बातचीत करने का निर्देश दिया। मंत्री ने निर्देश दिये कि इस्पात क्षेत्र द्वारा प्लास्टिक कचरे के उपयोग के लिए एक महीने के भीतर एसआरटीएमआई से एक कार्य योजना तैयार करें।

# मासूम से रेप और मर्डर केस के अभियुक्त की सजा पर फैसला कल

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष कोर्ट में मंगलवार को नरैना थाना इलाके में 11 अगस्त 2021 को चार साल की मासूम से रेप व मर्डर के अभियुक्त सुरेश की सजा के बिन्दु पर बहस पूरी हो गई। अदालत मामले में 10 फरवरी को सजा का ऐलान करेगी।

सजा के बिन्दु पर अभियुक्त की ओर से कहा कि वह शादीशुदा है और जल्द ही पिता बनने वाला है। इसके अलावा परिवार में उसकी मां है। यदि उसे फांसी की सजा दी गई तो उसका परिवार तबाह हो जाएगा। उससे जीवन में पहला अपराध हुआ है। इसलिए उसके प्रति नरमी रखी जाए। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से एसपीपी महावीर किशनावत ने कहा कि अभियुक्त ने एक चार साल की मासूम का किडनैप करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। यह अपराध जघन्य और दुर्लभतम अपराध है। इसलिए अभियुक्त को फांसी की सजा दी जाए। गौरतलब है कि अदालत ने इस मामले में गत दिनों अभियुक्त सुरेश को मर्डर व रेप का दोषी करार दिया है। मामले के अनुसार परिवादी ने 12 अगस्त को एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी बीती राज घर के नजदीक थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। वहीं कुछ देर बाद पुलिस को पास की तलाई में बच्ची का शव मिला था। पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो रिपोर्ट में हत्या से पूर्व मृतका के साथ दुष्कर्म होने की भी पुष्टि हुई। पुलिस ने 13 अगस्त को सुरेश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया था।

# रिश्वतखोर उपायुक्त ममता रिलीव, कनिष्ठ अभियंता व लेखाधिकारी को निलंबित कर मूल विभाग भेजा

## 1.10 लाख की घूस के साथ गिरफ्तार आरोपियों पर जेडीसी ने सख्ती दिखाई

**जयपुर** (कासं)। सिद्धार्थ नगर के 13 भूखंड़ों के पट्टे देने की एवज में 15 लाख रु. की रिश्वत मांगने वाली जेडीए जोन-4 की घूसखोर उपायुक्त ममता यादव को जयपुर विकास आयुक्त गौरव गोयल ने रिलीव कर दिया है। साथ ही उपायुक्त पर अग्रिम कार्यवाही के लिए कार्मिक विभाग को पत्र भी भेजा है। इसके अलावा जेडीए के सहायक प्रशासनिक अधिकारी विजय मीना को निलंबित किया है। जबकि कनिष्ठ अभियंता श्याम मालू और लेखाधिकारी रामतूफान को निलंबित करके मूल विभाग में भेजा है। रिश्वतखोर कम्प्यूटर ऑपरेटर अखिलेश को जेडीए से हटाने और उसे ब्लैक लिस्टेड करने के लिए ठेका फर्म को पत्र लिखा गया है। एसीबी की कार्रवाई के बाद जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने अब उपायुक्तों को आड़े

■ **सहा.प्रशासनिक अधिकारी विजय मीणा को निलंबित किया, कम्प्यूटर ऑपटरेटर को ब्लैक लिस्ट कराया**

हाथ लिया है। उन्होंने अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन जुगल किशोर मीणा को साफ कहा है कि ऐसे भी उपायुक्तों की सूची बनाओ, जो पिछले सालभर से एक ही जोन में टिके है। इन सभी उपायुक्तों का जोन बदला जायेगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जेडीसी ने बताया कि निदेशक वित्त, अतिरिक्त आयुक्त एलपीसी और सिस्टम एनालिस्ट की कमेटी बनाई गई है, जो कि जांच के लिए जुटेगी।

गौरतलब है कि एसीबी टीम ने सोमवार को जेडीए परिसर से इन पांचों आरोपियों को 1 लाख 10 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। उधर एसीबी को उपायुक्त ममता यादव के घर से 1 लाख 45 हजार नकद, जमीनों के कागजात और लॉकर मिला है। जेईएन श्याम मालू के घर से 50 हजार नकद, जमीनों के दस्तावेज मिले हैं। सहायक लेखाधिकारी राम तूफान के घर से 3 लाख 45 हजार रुपए नकद मिले हैं। सहायक प्रशासनिक अधिकारी विजय मीणा के घर 1 लाख नकद और जमीनों के कागजात मिले हैं। संविदा में रखे हुए कम्प्यूटर ऑपरेटर अखिलेश के घर से एसीबी को 2 लाख 50 हजार रुपए नकद मिले हैं। एडीजी एसीबी दिनेश एमएन ने बताया कि एसीबी आगामी दो दिन में परिवादी का जेडीए पट्टा भी बनाने का काम करेगी, ताकि लोगों का मनोबल बढ़े।

# पांचों आरोपी एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में

**जयपुर, (का.सं.)।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार जेडीए जोन-4 की उपायुक्त ममता यादव और जेईएन श्याम मालू सहित सभी पांच आरोपियों को एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में एसीबी को सौंप दिया है।

एसीबी की ओर से ममता यादव, श्याम मालू, राम तूफान, विजय मीणा और आरोपी अखिलेश को अदालत में पेश किया गया। एसीबी की ओर से कहा गया की आरोपियों से रिश्वत की रकम को लेकर पूछताछ करनी है। इसलिए उन्हें एक दिन के लिए पुलिस अभिरक्षा में दिया जाए। इस पर अदालत ने पांचों आरोपियों को एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में एसीबी को सौंप दिया है। गौरतलब है की जवाहर सर्किल स्थित सिद्धार्थ नगर में जमीनों के पट्टे जारी करने के एवज में जेडीए के जोन 4 में रिश्वत का खेल चल रहा था। परिवादी की शिकायत पर एसीबी ने मामले में आरोपियों को एक लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत के साथ ट्रेप किया था।

## सार-समाचार

### गड्ढ़े में गिरने से युवक की मौत

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर स्थित वंदे मातरम सर्विस रोड पर बीसलपुर लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढ़े में गिरने से जीवन विहार, सांगानेर निवासी विनोद सैन (35) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां से उसे एसएमएस रैफर कर दिया गया। इलाज के दौरान घायल विनोद सैन ने दम तोड़ दिया। यह हादसा 5 फरवरी को रात 9 बजे हुआ था। मृतक के भाई ओमप्रकाश ने मामला दर्ज कर बताया कि विनोद सैन अपने दोस्त दिलीप सैन के साथ घर से किसी काम से यश सर्किल जा रहा था। रास्ते में अंधेरा होने के कारण उसे गहरा गड्ढ़ा नहीं दिखा और बाइक उसमें गिर गई। इससे विनोद और दिलीप घायल हो गए। विनोद को गंभीर घायल होने की वजह से एसएमएस रैफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित ने जेडीए व नगर निगम प्रशासन और ठेकेदार को इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए मुकदमा दर्ज करवाया है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ परिवार की पूरी जिम्मेदारी थी। प्रशासन एवं ठेकेदार की लापरवाही के चलते लोगों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि सड़क पर इतना बड़ा गडढ़ा खोदने के बाद बैरिकेट और लाइट इंडिकेटर तक नहीं लगाया गया। प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही ने एक युवक की जान ले ली।

### छात्रों को नदियों का महत्व बताया

**जयपुर** । पत्रकारिता के छात्रों को भारतीय नदियों से जोड़ने के महत्व और देश के विभिन्न हिस्सों में इनके किनारों पर स्थित यात्रा स्थलों से अवगत कराने के लिए जयपुर में सक्षम संचार फाउंडेशन ने नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदा नदी पर बनी फिल्म रेवा का स्क्रीनिंग कार्यक्रम आइनॉक्स जीटी सेंट्रल मॉल में किया। इस फिल्म के माध्यम से छात्रों को इस तथ्य से अवगत कराया गया कि नदियाँ भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा कैसे हो सकती हैं और वे संस्कृति, व्यापार, पर्यटन और व्यवसाय को कैसे बढ़ावा दे सकती हैं। नदियों के किनारे दुनिया में हर जगह सांस्कृतिक व नगर विकसित हुए। लेकिन आज आधुनिक कही जाने वाली संस्कृति नदियों को निगल रही है। इस अवसर पर अनुभवी फिल्म समीक्षक मनु त्रिपाठी ने कहा कि नदियों के महत्व जानने के लिए पत्रकारिता के छात्रों को फिल्म स्क्रीनिंग से जोड़ना मेरा पहला अनुभव है। सामाजिक कार्यकर्ता सुजाता वर्मा ने कहा कि छात्रों को प्रकृति के आशीर्वाद से अवगत कराने के लिए यह सबसे अच्छा प्रयास है। वरिष्ठ पत्रकार अर्चना शर्मा ने संचार संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बार-बार किए जाने चाहिए ताकि छात्र हमारी नदियों, प्राकृतिक संसाधनों के बारे में जान सकें और उनसे जुड़ी कहानियों को सामने ला सकें। इस मौके पर फाउंडेशन के कोर्डिनेटर रवींद्र नागर, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार और प्रो. अमिताभ श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### 140 सोनोग्राफी केन्द्रों का निरीक्षण

**जयपुर, (कासं)।** प्रदेश में पीसीपीएनडीटी एक्ट की प्रभावी पालना के लिए चलाए जा रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को 140 सोनोग्राफी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत 5 फरवरी से अब तक 446 सोनोग्राफी केन्द्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि विशेष सघन निरीक्षण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के सभी जिला नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं उपखण्ड समुचित प्राधिकारियों को अभियान के दौरान सभी अधीनस्थ सोनोग्राफी केन्द्रों के निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। राज्य स्तर से इस अभियान की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# राजस्थानी पहली हिंदी फीचर फिल्म "ज्यूडिशियल कस्टडी"

## डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जल्द होगी रिलीज

**जयपुर।** यूं तो राजस्थानी फिल्मों का निर्माण होता रहता है, लेकिन राजस्थान सिने जगत में हिन्दी फीचर फिल्म बनाने में प्रोड्यूसर हिचकिचाते हैं। वे अपने नफा नुकसान की लिहाज से हिन्दी फिल्म निर्माण में कम ही रुचि लेते हैं। इसकी वजह भी साफ है। जब लोगों को करोड़ों रुपए की बजट वाली सुपर स्टार्स की हिन्दी फिल्में देखने को मिल रही हैं तो वे कम बजट की राजस्थान के कलाकारों की हिन्दी फिल्म क्यूं देखेंगे।

जयपुर के प्रोड्यूसर तपेश कोटिया ने राजस्थान के कलाकारों को लेकर हिन्दी फीचर फिल्म ज्यूडिशियल कस्टडी का निर्माण कर न सिर्फ एक मिसाल कायम की है, बल्कि इस बात को साबित करने की कोशिश की है कि यदि फिल्म की स्टोरी कंटेंट दमदार हो तो फिर भाषाई धरातल पर पसोपेश की संभावना सिफर हो जाती है। इस फिल्म में कलाकारों से लेकर गीत लेखक, म्यूजिक डायरेक्टर और सिंगर्स समेत फिल्म डायरेक्टर और शूटिंग लोकेशन सब कुछ राजस्थान से ही हैं। यह फिल्म जल्द ही ओटीटी, डिजिटल सरीखे प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। हाल में प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म का ट्रेलर यूट्ययूब पर रिलीज कर दिया है।

कोटिया ने अपने दृश सिने प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म ज्यूडिशियल कस्टडी बनाई है जो एक ड्रामा जोनर की पारिवारिक फिल्म है। व्यवसायी और फिल्म उत्साही कोटिया ने यह फिल्म उनके खुद के तजुर्बों और हकीकत जिन्दगी की घटनाओं से प्रेरित है। एनएसडी ग्रेजुएट जयरूप जीवन के पटकथा लेखन व निर्देशन से सजी इस फिल्म में एफआईआईआई(पुणे) से एक्टिंग के गुर सीखे जयपुर के सौरभ सारस्वत ने मुख्य भूमिका निभाई है।

# जेवर, मोबाइल व वाहन चुराने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर** (कासं)। चेन स्नैचिंग, चोरी और नकबजनी के साथ लूट की वारदात करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को विद्याधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बैनाड रोड निवासी सुमेर उर्फ पिंटू बावरिया (33) और उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी मुरारी लाल जाटव (24) है। डीसीपी नॉर्थ परिस देशमुख ने बताया कि पुलिस ने इन बदमाशों से लूटी गई 5 सोने की चेन, 4 महंगे मोबाइल फोन और 4 दुपहिया वाहनों के साथ ही 26 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी वारदात करने के बाद लोगों द्वारा पीछा करने या पकड़ने का प्रयास करने पर देशी हथियार गुलेल से हमला करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास एक गुलेल और कांच के कंचे बरामद किए है। दोनों बदमाशों के खिलाफ 6-6 अपराधिक मामले पहले से दर्ज है। दोनों बदमाशों ने पिछले दो महीनों में लूट व चोरी की 20 वारदातें की।

# यूडी टैक्स के नोटिस मिलने पर ग्रेटर निगम के विरोध में उतरे मुहाना मंडी के व्यापारी




मुहाना मंडी परिसर में व्यापारियों ने मंगलवार को ग्रेटर नगर निगम के विरोध में प्रदर्शन किया।

**जयपुर।** मुहाना मंडी परिसर में मंगलवार को मुहाना सब्जी मंडी अध्यक्ष राहुल तंवर के नेतृत्व में मंडी के व्यापारियों ने नगर निगम ग्रेटर जयपुर के विरूद्ध विरोध-प्रदर्शन किया।

दरअसल ग्रेटर निगम ने मंडी में दुकानदारों को यूडी टैक्स जमा करवाने का नोटिस थमाया है, इसे लेकर व्यापारियों में नाराजगी व्याप्त है। जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना टर्मिनल के अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि मुहाना मंडी कृषि उपज मंडी क्षेत्र में आती है। मंडी परिसर में सभी सुविधाएं कृषि उपज मंडी समिति द्वारा की जाती है। सड़क, पानी, बिजली व साफ सफाई तथा सुरक्षा गार्डों की व्यवस्था कृषि उपज मंडी समिति द्वारा की जाती है। मंडी परिसर नगर निगम के क्षेत्राधिकार में नहीं आती है लेकिन फिर भी मुहाना मंडी के दुकानदारों को यूडी टैक्स के नोटिस दिये गये हैं, जो कि अनुचित है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ग्रेटर इस नोटिसों को निरस्त करे, अन्यथा आने वाले दिनों में जन आन्दोलन किया जायेगा।



## Congenital Heart Defect Awareness Week

Having a healthy heart can make all the difference in a person's life. Of course being born with a heart defect can significantly reduce that person's ability to interact with the world around them. Congenital heart defects occur more frequently than many people know, and yet not much research has been funded into this cause. Congenital Heart Defect Awareness Week hopes to change those perspectives, by informing people about what CHDs are and what they can do to improve those statistics.

#DISCUSSION

# Myriad Arts of Rajasthan



Fresco Art prevalent in Dhola Maru.

Artists and art experts participated and shed light on the diverse art forms of Rajasthan in two virtual sessions on Facebook recently.



**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

To safeguard, promote and create awareness about the different folk and traditional arts of Rajasthan, two online sessions were recently organized on Facebook. While one session was organized by Jawahar Kala Kendra on 'Fresco Paintings of Rajasthan', the other was themed on 'Folk Arts of Rajasthan' and was organized by Delphic Council of Rajasthan. Below are snippets from the sessions.

### The Intricacies of Fresco

Experts of fresco painting and famous artists, Dr Nathulal Verma and Samdar Singh Khangarot 'Sagar' participated in the discussion 'Fresco Paintings of Rajasthan'. During the programme, fresco painting, its technique and features in mural painting were discussed in detail. The session was moderated by Abdul Lateef Usta.

The discussion began with introduction to the technique of fresco and its types. Nathulal Verma highlighted that a painting done on fresh or wet lime plaster usually on walled surfaces is known as 'fresco'. There are 2 techniques of fresco painting – Buon Fresco and Secco fresco. Buon Fresco involves drawing and colouring on a wet surface. It is then beaten with special tools to absorb the colour in the plaster. This technique is also popularly known as Araish or Jaipuri Fresco.

In Secco fresco, the mural is prepared and left to dry. After which, the painter can fill in the colour at any time. In this, mineral, chemical, and vegetable dyes are used and gum is also added to make these set colours.

Work using these techniques can be seen in temples, palaces or havelis. "The painter should choose the right mural (wall) with no moisture or cracks. He should also have complete knowledge of colours and tools. Materials like lime, marble powder and colour are most significant in fresco," he said.


Talking about Mural painting, the art expert said that it is an ancient art done on the wall using any means. Examples of this can be seen in the form of paintings made on rocks and cave walls.

Artist Samdar Singh Khangarot 'Sagar' said that Rajasthan is a state rich in art and craft. Each area has a different kind of art form. Both the forms of fresco can be seen in abundance in the state in areas like Mewar, Amber, Marwar, Shekhawati, among others. "The Open Art Gallery of Shekhawati region is a one-of-its-kind concept that cannot be found anywhere else in the world. The technique of wall and floor painting -- 'Mandana' is another unique art form that is typical to the desert state. One sees its use across the rural areas of Rajasthan as per the convenience and economic status of the people," pointed out the artist.

### The Nuances of Folk Arts of Rajasthan

As a part of the series, 'Delphic Dialogues', the Delphic Council of Rajasthan also recently organized a discussion on Folk Paintings of Rajasthan. The objective of organizing the dialogue was to generate awareness among the general public about the democratization of arts, the protection and promotion of folk arts.

The panelists were Archaeologist and Museologist, Dr. Pankaj Dharendra and Art and Heritage expert, Abdul Lateef Usta. "The folk arts of Rajasthan represent the ethnicity, rituals and traditions of



Bundi style of Fresco

the state. These arts promote cultural harmony as well. A typical characteristic of folk arts is 'artistic innocence'," shared Usta. Adding to the characteristics of folk arts, Dr. Dharendra said that no elaborate tools are required in folk arts. The use of local and natural substances as tools and pigments is significant in these forms of art.

The folk arts of Rajasthan such as Kavad, Phad, Toran, Aaliye, Pichwai, Mandana, Godna and Mehndi, among others were discussed in great detail. The need for conservation and promotion of folk painting of Rajasthan was also emphasized by the speakers. The history and cultural heritage of Rajasthan will survive through the display and protection of folk paintings, they pointed out. Furthermore, Rajasthani folk paintings were compared with folk paintings not just from different states of India but from across the globe.





Abdul Lateef Usta in conversation with Dr Pankaj Dharendra.



Mig 21

# Of Officers & Gentlemen

# 'KEMPY's NOSE'

"I can understand if you left behind a Colonel. I can forgive you even if had left behind the GOC 2 Div." He paused, seemingly at a loss of words. "F***ing shit bag, you went and left the Army Cdr on a f***ing BSF picket and he is sitting on a charpoy right now." Jaya banged his glass on the bar counter, and lit a cigarette. Through a smoke ring, he kept staring at me. "You went and chopped up your tail rotor, and had the audacity to fly it right back to Chabua," he said softly. I thought I could make out a note of admiration in his voice. "Sir," I said pleasantly, "I shall go and pick up the Army Cdr first thing tomorrow morning." Jaya was my best friend, my guru, my only mentor, my only benefactor in all my years in uniform."You will do nothing of the sort," he roared like a lion. "I shall pick up the Army Cdr myself," he said. "You".....he paused for effect. "You are f***ing going on permanent detachment to Chakabama."





**Wg Cdr Unni Kartha (Retd)**
*aka Cyclic is a retired IAF pilot with a penchant for storytelling*

#PREDICAMENT

The dark, ominous, thunder heads had been rising from the depths of Subansary valley all morning. The orographic winds pushed them up the slopes and the impetus helped it to climb higher and higher till the cataclysmic thermodynamics of thunder clouds unleashed enough energy to help them climb unrestricted to unimaginable height, hell bent on destruction around 'Mechuka'. I was in the middle of it.

After waiting for several hours, I had got airborne from Dinjan in a Mi-4, on a bad weather day, to take the Army Cdr on a recce of the Chinese border. The GOC had other preoccupations and hence I got airborne close to 1100 hrs, something which we had been told not to do, due to bad weather and turbulence inside the hills after 1200 hrs. The Eastern Air Force, those days, was a different sort of IAF, much like the CIA operations in Lagos, a decade earlier, except that we did neither gun running nor dope peddling like the CIA, we were very socially useful and productive fellows. Most of the guys in Chabua were either the ones who had failed the promotion exams, or were the guys on punishment posting. The guys that the IAF did not want to have around in any self respecting squadron. Chabua was therefore the best self respecting places to be. SOPs were made just for the pleasure of breaking the rule. Anyway, to continue my story......, that day we went from place to place on the whim of the Army Cdr, who seemed to be enjoying himself at my expense. He kept dilly dallying at each whistle stop and as the day went by, we got hemmed in by the line squall while we were deep inside the hills.

Flying in bad weather was nothing new to me, in those years I was compulsively drawn to it, it was exhilarating, the most adventurous thing that I could do at the age of 26. As usual, I dumped collective, descended to the deck, with the Mi-4's wheels touching the Subansary river, more like driving a 'Jonga' than flying an airplane. I zig zagged along the river, acutely aware of a theorem propounded by my earlier Stn Cdr (Vir Narain). I whistled the morbid tune, taught to me by a navigator friend, it was called 'point of no return'. The Mi-4 was one hell of a helicopter to fly. In due course, we braved the weather and got out of the hills, to my recollection, around 1600 hrs ....... about 45 minutes before sunset.

That is when I heard James Palapura on the radio.

James was overhead Tezpur, in a Mig 21 acting like an airborne FAC coordinating search and rescue over Dulanmukh range. I heard arguments, between a Caribou, Chetak and James. The sensible guys in the Caribou and Chetak were calling off the search and going home due to impending bad weather and darkness. James was trying to order them back. I had no business to go anywhere other than directly east, back to Chabua, and get the Army Cdr off my back. Yet, curiosity overwhelmed me.

"James Sir," I called on the radio. "Who punched out?" I asked.

"Kempy," he said promptly, and gave me a quick rundown.

### Moral Dilemma

It seemed Kempy (then Flt Lt Deviah, a course mate) had punched out from a Gnat earlier that morning over Dulanmukh after he got hit by ricochet, and the engine flamed out. None saw him punch out, none noted where the aircraft went down. The place as you guys know is thick jungles, with crazy wild animals.

Just then my radio quit. That was not unusual. It was unusual if the radio ever worked in a Mi-4. We were quite used to flying the Mi-4 without radio, without navigational aids of any kind, without anything known or popular in aeronautics, all except a wing and a prayer.

I went into a tizzy, 'hicum foocum', sudden rush of shit to the brain. I was beset by a moral dilemma.

Do I pretend not to have heard about Kempy ? Do I leave him there in the jungle and go home? Do I rationalise that I had no business to get involved? Do I make excuses that I had the Army Cdr on board? Do I make an excuse that it was going to be sun set; that the weather was bad, that I was about 40 miles north and headed in the wrong direction?

"God, I didn't even know if Kempy was dead or alive......" I said in monologue.

"Oh God, my CO will make mice meat out of me," I said to myself in self defence.

No .....in retrospect, I did not bring God in between and I did not consult with him either. I went mind dead for about four minutes while I contemplated the odds. In the fifth minute, I turned around and went back to a clearing near Passighat which I had over flown about ten minutes earlier. I went and landed on a volley ball court next to some tents and without switching off, I ordered the Army Cdr out. He was dumbfounded, initially loss of words. But when it came, he let it fly at me, alternating between request, order, court marshal, pleading and jostling. Actually, he was a very fine man, a person I held in great awe. So I reasoned with him.

"Course mate down, Sir," I said in clipped military parlance.

"He needs me," I told him with finality.

"You are the Tiger, the army is here, and they will take care of you," I think I told him. "Kempy is down there, I got to go before the Tigers get to him."

I think the Army Cdr made a request to take him along. I think I did not want to take him along lest I endanger his life. It is possible that I left him behind out of spite, for making me wait at all the places where we went and making me go through bad weather. I don't remember. It is quite possible. I was very young and impetuous.

Any way I then headed full throttle for Dulanmukh range. It was almost sun set by the time I reached there. I had to ask someone the general direction in which Kempy went down. I went and landed in front of the RSO's hut, and a WO ran out. He quickly pointed out the general direction and I was off the ground in a jiffy.

The jungles reek a musty smell as the sun begins to set. I noticed it because I was at tree top height flying with both side doors wide open. There was total green cover, thick foliage. I looked for a fire, broken branches, silvery flash of the Gnat's fuselage or wings, a parachute, smoke, anything to indicate a crash site. There was nothing. I did not know where to go looking. I did mental DR, 1/60 rule, calisthenics to try and figure out where Kempy may have crashed. Over the whirring sound of the rotor, I had caught only snatches of what the WO had told me at the range.

He had said something about cross wind. Yes, he had said that Kempy had ejected on the cross wind. That meant close by. James in his zealous enthusiasm had misdirected the search as others had gone looking for Kempy far and wide, and had missed him.

### Hand of God

I flew over a large patch of open grassy space. I saw a large herd of frightened wild elephants scattering in all directions with their tails and trunks held high.

"Kempy, where are you?" I shrieked over the noise of the wind and the Mi-4.

Suddenly I heard him. I swear I heard him. It seemed the Mi-4 knew where to go to find Kempy. I swear I never flew it. It was the hand of God that held the cyclic.

I overflew a hut in another patch of grass, and I thought I saw about 50 people milling about. The Mi-4 turned around on it's own and this time I could see clearly that there was some commotion on the ground. I closed the throttle, yanked the speed down and set down the helicopter in a small clearing with very tall trees all around. When I switched off, the helicopter started juddering and after the rotors stopped, I realised that I had hit a tree while landing. About 7 inches of all the tail rotor blades had been cleanly shorn off. I also discovered to my horror that the Russians had made the tail rotor with ply wood. But at that time I was not too worried about the tail rotor. I ran forward to find Kempy.

Kempy was lying on a charpoy about 300 mtrs from the place I had landed, where the villagers had brought him out from the jungle. He appeared to be semi conscious, groaning with pain. He still had his helmet on, though the mask was dangling around his chest. His nose was completely smashed and his face covered with blood. His nostrils were choked partially with dried mucus and blood, still oozing plasma. He was labouring for breath through his mouth, spasms raking his chest. I think he had been like that all day, while the search was on overhead, the villagers were frightened to touch him.

The sun by then had set or was about to set.

I quickly got Kempy's helmet off, poured water on his face, cleaned his nose and mouth and made him drink some water. He seemed partially awake but he had no situational awareness or what happened to him. It also looked as if he had suffered a compression fracture of his spine. I knocked out the charpoy legs, loaded Kempy still on the charpoy into the Mi-4 and we went back to Chabua, unmindful of the missing portion of the tail rotor, the Mi-4 juddering and shaking all the way. 45 minutes later, when we landed, there was a big crowd on the tarmac, including the Station Commander and my CO, late Jayaraman.

### Rimcolian Tradition

The docs took charge of Kempy, and I think he was flown to Calcutta, never saw him afterwards for a long time. The CO took me by the elbow and marched me to his jeep. Never said a word, he went straight to the bar, where Durga the ever smiling barman poured us both a large Rum with water, the favourite drink in Chabua. There were many others too in the bar. Jayaraman, took a sip and I think he could not control himself any more.

"I don't know what to do with you," he said.

"First you broke the 12 o'clock rule," he waved the glass in my face. My untouched glass still on the bar counter. True to Rimcolian tradition, I always took bull shit standing at attention. In RIMC, it was believed that attention was the only safe position to ward off predation.

"I can understand that you came out of the hills at 2 o'clock, I can forgive you if it went to 3 o'clock. But I cannot suffer in silence if you decided to clear the hills at sun set." His voice was quivering with emotion. There was pin drop silence in the bar. All drinks lay untouched on the bar counter. He took another sip.

"You got into bad weather." He paused. "No, not just bad weather, you f***ing had to go and penetrate a line squall and mapped the Subansary river with your wheel to get out." I began to wonder where he had heard that one.

> James was overhead Tezpur, in a Mig 21 acting like an airborne FAC coordinating search and rescue over Dulanmukh range. I heard arguments, between a Caribou, Chetak and James. The sensible guys in the Caribou and Chetak were calling off the search and going home due to impending bad weather and darkness. James was trying to order them back. I had no business to go anywhere other than directly east, back to Chabua, and get the Army Cdr off my back. Yet, curiosity overwhelmed me.





Mi-4

Then I realised that the army may still be searching for their Army Cdr. "I can understand if you left behind an army captain," he said very softly. He took another sip of Rum and water.

"I can understand if you left behind a Colonel. I can forgive you even if had left behind the GOC 2 Div." He paused, seemingly at a loss of words. "F***ing shit bag, you went and left the Army Cdr on a f***ing BSF picket, and he is sitting on a charpoy right now." Jaya banged his glass on the bar counter, and lit a cigarette. Through a smoke ring, he kept staring at me.

"You went and chopped up your tail rotor, and had the audacity to fly it right back to Chabua," he said softly. I thought I could make out a note of admiration in his voice.

"Sir," I said pleasantly. "I shall go and pick up the Army Cdr first thing tomorrow morning." Jaya was my best friend, my guru, my only mentor, my only benefactor in all my years in uniform.

"You will do nothing of the sort," he roared like a lion. "I shall pick up the Army Cdr myself," he said. "You"..... he paused for effect. "You are f***ing going on permanent detachment to Chakabama." He said with finality. Chakabama, a helipad in the middle of nowhere in Nagaland was the loneliest place those days, detachment in Chakabama was akin to solitary confinement.

"But for now, Barman....." he commanded, looking for Durga. "The drink will be on the house, put it all on Kartoos, he will pay for the drinks tonight."

He then raised his glass, like a formal dining in night, "For now, let us drink to Kempy's nose." "To Kempy's nose," we replied in unison, drowning the glass of large Rum and water in one single bottoms up. That night, we did bottoms up again and again, each time toasting to Kempy's nose. My bar book was closed that night, I had exceeded Rs 75, the bar book limit.

Considering that Rum cost Rs 3.50 a bottle and water cost nothing, we drank around 22 bottles of Rum that night, all towards Kempy's nose. Assuming that there were around 28 of us that night at the bar, including the Gnat guys on detachment at Chabua, that was around 10 large pegs each, all for good cause, Kempy's nose. May be we all had one peg each and quite possible that Jagga Barar drank the extra 28 pegs. I think it was one of those nights when Jagga did not count the pegs using match sticks, lined up on the bar counter, one stick per peg. I think he lost count, like Counta Barar, who never counted.

### Closing Act

Next morning I was packed off to Chakabama in the dicky of a Mi-4, and I am told I kept saying, "To Kempy's Nose" all the way from Chabua to Chakabama, rather silly of me. I stayed there for three whole months before Jaya relented and brought me back.

Kempy now has a wonderful nose. Makes him look very handsome and dignified. Every bit like his illustrious martial predecessors from Koorg. I cannot take the credit; it was the Docs at Calcutta who made Kempy's nose look Koorgi, handsome and accomplished. Me, I take back the credit only for the incredible act of closing my bar book in one night, cheering for Kempy's nose.

writetoarbit@rashtradoot.com

*Unnikartha also known as King Fox- Wg Cdr Unni Kartha/Fox/37**

*(All photos are for representational purpose only.)*





Subansaryvalley

#APIOLOGY

# Neonic Pesticides can harm Bees for Life



A new study finds that pesticides directly affect bee's health and the effects from past exposure can carry over to future generations.

The study, published in the journal Proceedings of the National Academy of Sciences, suggests that bees may require multiple generations to recover from even a single application.

Bees play a critical role in agricultural ecosystems, providing pollination for many important crops. In most agricultural areas, bees may be exposed to pesticides multiple times, over multiple years. Studies to date have only looked at exposure to pesticides in one life stage or over one year.

"It was important for us to understand how exposure persists from one generation to the next," says lead author Clara Stuligross, a PhD candidate in ecology at the University of California, Davis. "Our findings suggest we need to be doing more to help mitigate risks or we limit critical pollination services."

In a study, the blue orchard bee was exposed to imidacloprid -- the most commonly used neonicotinoid in California -- according to amounts recommended on the label. Neonicotinoids are a class of insecticides chemically related to nicotine. Stuligross says the exposures were similar to what the bees would experience in the field. Female bees that were exposed to the insecticide as larvae had 20% fewer offspring than bees not exposed. Those bees that were exposed as larvae and as adults had 44% fewer offspring.




"We gave them one application in the first year and one in the second -- that's a pretty standard exposure. Even then, we saw strong results that added up, each exposure reducing fertility," says Stuligross.

Because the impacts of insecticides tend to be additive across life stages, repeated exposure has profound implications for population growth. The research showed that bees exposed to neonicotinoids in both the first and second year resulted in a 72% lower population growth rate compared to the bees not exposed at all. Neonicotinoids also persist in the environment long after application.

The study reveals how past pesticide exposure can have lasting impacts, says co-author Neal Williams, professor of entomology. "One could draw parallels to human health where impacts early in development show up much later in life," he says. "We just didn't know the same was true for bees. Now we do and we need to continue to manage risks appropriately."

The study had support from a UC Davis Jastro Research Award, a UC Davis Ecology Graduate Research Fellowship, a National Science Foundation Graduate Research Fellowship, the National Science Foundation, and the UC Davis entomology department through the Harry H. Laidlaw Jr. Bee Research Facility and Laidlaw Endowment.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# झुंझुनूं में नवजात को ठंड में मरने के लिए रेहड़ी पर छोड़ा

**झुंझुनूं,(निसं)।** मंगलवार को झुंझुनूं जिले में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। निर्दयी ने नवजात बच्चीं को ठंड में रेहडी पर मरने के लिए छोड़ दिया ।

राजकीय बीडीके अस्पताल के पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि अस्पताल में लावारिस नन्ही बच्चीं को नवजात शिशु ईकाई में भर्ती कर उपचार आरंभ कर दिया गया है। अस्पताल के सामने स्थित फ्रूट विक्रेता जावेद राईन ने बताया कि वह प्रात: काल साढ़े सात बजे फ्रूट रेड्डी में सामान लगाने हेतु पहुंचा तो देखा कि रेड्डी पर एक कपड़ा पड़ा है और कपड़े में इधर-उधर हिलने की गतिविधियां हो रही है।

यह देखकर जावेद राईन ने साथी आरिफ एवं आदिल को बुलाया। जावेद राईन ने बच्चीं को छूकर देखा तो बच्चीं की किलकारी निकल उठी। जावेद राईन तुरंत बच्ची को लेकर बीडीके अस्पताल की आपातकालीन इकाई की ओर भागा। जहां डॉ. रामस्वरूप पायल ने अविलंब बच्चीं को आईसीयू में भर्ती कर पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू को सूचित किया गया।



**पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू की देखरख में बच्चीं का इलाज चल रहा है।**

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि बच्ची कोल्ड स्ट्रैस में थी तथा बच्चीं को लंबे समय तक दूध नहीं मिलने से शुगर का लेवल भी काफी कम आ रहा था ।

डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने बताया कि बच्चीं को मैन्युअल मोड पर रेंडियंट वार्मर को रखकर तापमान को मानक स्तर पर लाया गया तथा आवश्यक दवाओं एवं सीपैप मशीन से नवजात शिशु ईकाई में उपचार आरंभ किया गया। डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि ऐसे बच्चों को अस्पताल में स्थापित पालना गृह में छोड़ा जा सकता था।

- **लावारिस बच्चीं को राजकीय बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया**
- **पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया की देखरख में चल रहा इलाज**

पीएमओं एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि नवजात के परीक्षण से ज्ञात हुआ कि बच्चीं लगभग 28 से 30 सप्ताह (लगभग सात महिने) की है, बच्चीं का वजन 1400 ग्राम है। किसी अस्पताल में प्रसव 12-24 घंटे के अंतराल पूर्व हुआ प्रतीत हो रहा है।

## खेतों के बीच गड्ढे में गिरा जरख, पैंथर समझकर गांव वाले डरे

**डूंगरपुर,(निसं)** सदर थाना अन्तर्गत मनपुर घाटी में खेतों के बीच एक गड्ढे में जरख गिर गया। घायल जरख को देख गांव के लोग डर गए। वन विभाग ने आकर जरख का रेस्क्यू किया और पशु अस्पताल में इलाज करवाया।

डूंगरपुर के दोवडा वन क्षेत्र की मनपुर घाटी में आज सुबह खेतों के बीच गड्ढे में एक जंगली जानवर को देखा गया। जानवर गड्ढे में गिरने के कारण उठ नहीं पा रहा था। जानवर को देख एक बार गांव के लोग भी डर गए। लोगों ने इसे पैंथर समझा। सूचना पर सदर थानाधिकारी हजारीलाल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। वन विभाग से सहायक वनपाल अशोक भोई समेत वनकर्मी पहुंचे। वनकर्मियों ने जंगली जानवर को जरख होना बताया। जरख के पैर पर चोट लगने से वह उठ नहीं पा रहा था। वनकर्मी अशोक भोई ने मशक्कत के बाद जरख को पकडा। घायल जरख को वन विभाग की गाडी से डूंगरपुर पशु अस्पताल लेकर आए। पशु डॉक्टरों ने जरख का इलाज शुरू कर दिया है। वनकर्मियों ने बताया कि जरख को रात के समय किसी वाहन ने टक्कर मारी होगी, जिससे वह घायल हुआ होगा। इसके बाद वह गड्ढे में गिर गया और उठ नहीं सका।

# ट्रक व ट्रोला की भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत, दो घायल

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़-हिसार सड़क मार्ग पर स्थित लसेडी टोल नाके के पास ट्रोला व ट्रक की हुई आपसी टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई है, जबकि दोनों वाहनों में दो घायलों का उपचार जारी है।

राजगढ़ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि महावीर पुत्र ओमप्रकाश जाति राजपूत निवासी बापोडा तहसील व जिला भिवानी हरियाणा ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसके ट्रक पर नन्दकुमार ब्राह्मण निवासी बापेडा चालक था, जिसके साथ जयप्रकाश ब्राह्मण निवासी बापोडा परिचालक था। जो ०8 फरवरी को सुबह करीबन 6 बजे गुजरात जाने के लिए रवाना हुए थे। जो वक्त करीबन 8.20 बजे हिसार से राजगढ़ सड़क मार्ग पर एनएच 52 लसेडी टोल प्लाजा के करीबन 400 मीटर राजगढ की तरफ पहुंचे तो सामने से आ रहे ट्रोला के चालक ने अपने वाहन को तेजगति व लापरवाही से चलाते हुए ऑवरटेक कर गलत दिशा में आकर उसके ट्रक को टक्कर मारकर दुघर्टनाग्रस्त कर दिया। जिससे उसके ट्रक में वाहन चालक नन्दकुमार व परिचालक जयप्रकाश को चोटे आई। दुघर्टना के बाद मौके पर एम्बुलेंस के द्वारा उन्हें श्रीनाथ अस्पताल राजगढ में लेकर आये। जिस पर प्राथमिक उपचार के बाद रैफर करने पर गंभीर घायल चालक नन्दकुमार को हिसार के सपरा अस्पताल में ले जाकर भर्ती करवाया। जहाँ पर चालक नन्दकुमार की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल जयप्रकाश श्रीनाथ अस्पताल में उपचाराधीन है।

- **ट्रोला चालक ने ओवरटेक कर गलत दिशा में आकर ट्रक को टक्कर मारी**



**सादुलपुर-हिसार सड़क मार्ग पर लसेडी टोल नाके के पास ट्रोला व ट्रक की भिड़ंत के बाद दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।**

पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच प्रारंभ कर दी है। सूत्रों के अनुसार दूसरे ट्रोला का चालक कैलाश पुत्र रतनलाल उम्र 25 साल निवासी माडवारिया अजमेर भी घायलावस्था में उपचाराधीन है, मगर उनकी ओर से मामला दर्ज नहीं करवाया गया है।

# 180 ग्राम अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,**(निसं)। लोहारिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति को अफीम के साथ गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने थाना अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ बेचने एवं उपयोग में लेने की तस्दीक कर उन पर लगातार निगरानी रख उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये है। इसी क्रम में लोहारिया थाना पुलिस द्वारा करणपुर निवासी पदमजी पाटीदार पुत्र रूपेंग पाटीदार को 180 ग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। मोटा गांव थानाधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि लोहारिया थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पदमजी पाटीदार को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो 180 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में पदमजी पाटीदार ने बताया कि यह अफीम उसके भाई कुबेर पाटीदार ने उसे दी है तथा उसका भाई कुबेर पिछले कई वर्षों से अफीम का सेवन करता है। जिस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दशरथ लाल, एसआई रतनलाल, हेड कांस्टेबल उमेश चंद्र, बदामीलाल एवं कांस्टेबल कैलाश शर्मा शामिल रहे।

- **पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने दे रखे है कार्रवाई के निर्देश**



**बांसवाड़ा की लोहारिया थाना पुलिस ने अवैध अफीम रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया।**

## एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान से खेल प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा : सांसद दीया कुमारी


**राजसमंद,** (निसं)। सांसद दीया कुमारी के प्रयासों राजसमंद जिले को खेल जगत की तकदीर में मिल का पत्थर साबित होगा। खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत 5 करोड़ रुपये की लागत से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के निर्माण संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। राजसमन्द में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के लिए 5 करोड़ की स्वीकृति के लिए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुरागसिंह ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए सांसद दीया कुमारी ने कहा कि एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान बनने से खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। राजसमंद सहित पूरे राजस्थान में खेलों का स्तर बढ़ेगा और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी। खिलाडी न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेल जगत में देश का नाम रोशन कर सकेंगे। गौरतलब है कि सांसद दीयाकुमारी ने राजसमंद में बहुउद्देशीय हॉल, एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान और 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के लिए दिसंबर 2021 में वित्तीय सहायता की मांग रखी थी। खेलो इंडिया स्कीम के तहत राजस्थान राज्य में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए 40 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को पहले ही संस्वीकृत किया जा चुका है।

- **5 करोड़ की लागत से निर्मित होगा एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान**
- **खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का जताया आभार**
- **40 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को पहले ही संस्वीकृत किया जा चुका है**

# वैभव गहलोत ने प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने मंगलवार को उदयपुर में प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के स्थल का निरीक्षण किया।

यूआईटी के अधिकारियों के साथ यहां पहुंचे गहलोत ने मौके पर वर्तमान में चल रहे समतलीकरण कार्य का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को यह कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान नगर विकास प्रन्यास सचिव अरुण कुमार हसीजा ने गहलोत को मानचित्र के माध्यम से भूमि संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। उल्लेखनीय है कि नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा उदयपुर शहर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम हेतु राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को जुलाई, 2021 में राजस्व ग्राम खेडा कानपुर में 10.600 हेक्टेयर भूमि का आवंटन/पट्टा जारी किया गया था। इस स्थापित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट के खेल एवं उससे संबंधित अन्य गतिविधियों का विकास करना है जिसमें क्रिकेट स्टेडियम, पवेलियन, वी.आई.पी. बॉक्स, कमेण्ट्रेटर रूम, अम्पायर रूम, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाऊस, क्रिकेट एकेडमी, स्पोर्ट्स क्लब इत्यादि आवश्यक संरचनाओं का निर्माण करना सम्मिलित है। निरीक्षण दौरान राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव महेन्द्र शर्मा, अधीक्षण अभियंता अनित माथुर, अधिशासी अभियंता हितेश सुखवाल आदि मौजूद थे।



**उदयपुर में प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के स्थल का आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने निरीक्षण किया।**

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**डूंगरपुर,(निसं)।** सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की 8 दिन बाद मौत हो गई। पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

डूंगरपुर के कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान ने बताया कि 30 जनवरी को दिलीप (27) अपने फूफेरे भाई अरविंद डामोर के साथ बाइक पर बिछीवाडा जा रहा था। बलवाडा रेलवे फाटक के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। दिलीप की हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर रैफर किया गया। एक्सीडेंट के 8 दिनों बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के पिता कमलेश पारगी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया।

# पीहर छोड़ने के बहाने काका ससुर ने दुष्कर्म किया

**डूंगरपुर,(निसं)।** बहू को पीहर छोडने का झांसा देकर काका ससुर ने रेप किया। पति ने वायरल फोटो देखा, तब घटना का पता चला। एक महीने पुराने मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है। घटना डूंगरपुर के निठाउवा थाना क्षेत्र की है।

निठाउवा थानाधिकारी अब्दुल रज्जाक ने बताया कि विवाहिता ने अपने काका ससुर के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि एक जनवरी को पीहर जाने के लिए बस स्टैंड पर खडी थी। रिश्ते में काका ससुर कालिया मीणा (21) पुत्र थावरा मीणा निवासी रेटूआ बाइक लेकर आया। उसने पीहर छोड़कर आने की बात कही। जबरन साबला के एक होटल पर ले गया और डरा-धमकाकर रेप किया। इस दौरान आरोपी ने फोटो भी खींच लिए। किसी को बताने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी।

- **धमकी देकर बार-बार बुलाता रहा, फोटो सोशल मीडिया पर डालने पर पति को चला पता**

थानाधिकारी ने बताया की विवाहिता का पति गुजरात में मजदूरी के लिए गया था।

डर की वजह से उसने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। आरोपी उसे डरा-धमकाकर बुलाने लगा और न जाने पर फोटो सोशल मीडिया ग्रुप पर वायरल कर दिए। वायरल फोटो देख पति घर आ गया और घटना के बारे में पूछा। इसके बाद मामला दर्ज करवाया है। जांच आसपुर थानाधिकारी सवाई सिंह को सौंपी है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध गांजे सहित तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। डबोक थाना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश कुंवर के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी योगेन्द्र व्यास के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल भरतलाल, कांस्टेबल महेन्द्रसिंह, मंगल चंद, मनोज कुमार, रमेशसिंह मय टीम ने सोमवार को गश्त के दौरान रोशीयों घाटी नान्दवेल डबोक निवासी डालचनछ पुत्र नारायणलाल को रोक तलाशी ली तो उसके कब्जे में 830 ग्राम गांजा पाया गया। पूछताछ में स्वयं के के उपयोग के लिए लेकर आना बताया। इस पर पुलिस ने गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया।

# सुजानगढ़ के सरकारी स्कूल, होटल व बंद मकान में हुई चोरी

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर में चोरों ने एक के बाद एक तीन स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। वाल्मिकी बस्ती स्थित भूरमल मिश्र राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय में प्याऊ में लगी टूंटियों को तोड कर ले जाने एवं पोषाहार चोरी के असफल प्रयास को लेकर मुकदमा दर्ज करवाने के लिए पुलिस थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

प्रधानाध्यापक रिंकू सोनी ने प्रार्थना पत्र में बताया है कि 6 फरवरी की रात्री को अज्ञात असामाजिक तत्व विद्यालय की पिछली दीवार पर लगाये कांच तोड कर अन्दर प्रवेश कर प्याऊ पर लगी हुई सात पीतल की टूंटियां व फिटिंग तोड कर ले गये तथा पोषाहार व अन्य सामग्री चुराने का असफल प्रयास किया। इसी प्रकार सूर्य भगवान मंदिर के पीछे स्थित कोडामल शर्मा के आवास पर चोरों ने प्रवेश कर नगदी व जेवरात चुरा लिए। पडौस के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी चोरों के घर में प्रवेश करने एवं वापस जाने की हरकत रिकार्ड हुई है। जानकारी के अनुसार कोडामल असम रहते हैं, जो कि अभी आये हुए हैं। 6 फरवरी रविवार को वे अपनी पत्नी भंवरीदेवी एवं पुत्री अंकिता के साथ अपनी ससुराल साण्डवा गये हुए थे। सोमवार शाम को साण्डवा से वापस आकर घर संभाला तो कमरों में सामान बिखरा हुआ था। जिस पर उन्होने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर मौका मुआयना किया। जानकारी के अनुसार चोर नगदी व जेवरात चुरा कर ले गये। सीसीटीवी कैमरों रिकार्ड फुटेज के अनुसार 6 फरवरी की रात करीब 12.10 पर दो जनों ने घर में प्रवेश किया तथा 12.35 पर वे घर से बाहर चले गये। चोरी की सूचना मिलने पर पार्षद मनोज पारीक, राधेश्याम सोनी, राजकुमार बागडा, राजेन्द्र बागडा आदि मौहल्लेवासी भी पहुंच गये। कोडामल शर्मा ने इस सम्बंध में पुलिस को शिकायत दी है। इसी प्रकार मेगा हाईवे स्थित एक होटल से दो गैस सिलेण्डर व अन्य सामान चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार निवासी वार्ड नं. 8 ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि सात फरवरी की रात को मेरी पुजारी होटल से अज्ञात चोरों ने गैस सिलेण्डर की दो बडी टंकिया, बीडी, सिगरेट, पुडिया एवं करीब चार हजार रूपये चुरा लिए। समाचार लिखे जाने तक चोरी की तीनों ही वारदातों में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

- **सीसीटीवी में भी चोरों के घर में प्रवेश करने एवं वापस जाने की हरकत रिकार्ड हुई**

## उदयपुर जिले में 221 पॉजीटिव

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले में मंगलवार को 221 पॉजीटिव मिले है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 2162 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 1941 नेगेटिव व 221 पॉजीटिव मिले है। शहरी क्षेत्र में मिले 125 संक्रमितों में से 05 कोरोना वॉरिसर्य, 52 क्लॉज कान्टेक्ट, 67 नए संक्रमित व 01 माइग्रेंट है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 96 संक्रमितों में 05 कोरोना वॉरियर्स, 41 क्लॉज कान्टेक्ट व 50 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 72662 हो गया है। इनमें से 70110 रिकवर हो चुके है। एक्टिव केस की संख्या 1779 है इनमें से 1721 होम आइसोलेटेड है व 58 अस्पताल में भर्ती है। आज जिले में 495 संक्रमित रिकवर हुए।

- **मंगलवार को 495 संक्रमित रिकवर हुए**

# महात्मा गांधी अंग्रेजी स्कूल चल रहे पुराने भवनों में, 33 में प्री प्राइमरी कक्षाएं शुरू

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 134 पिछड़े ब्लॉकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा सत्र 2014 -15 से स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल संचालित किए गए। राजस्थान शिक्षा परिषद् जयपुर द्वारा संचालित स्कूल एक ब्लॉक में एक ही है जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध है। शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद ने बताया की इन स्कूलों को राज्य सरकार द्वारा सेंटर एक्सिलेंसी के रूप में विकसित किया गया।

ये स्कूल कक्षा 6 से 12 तक संचालित हों रहे है। इन स्कूलों में प्राइमरी कक्षाओं के लिए करोड़ों रुपए की लागत से भवन बनकर तैयार है लेकिन सरकार ने प्राइमरी और प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन व बच्चों के प्रवेश के लिये किसी प्रकार का आदेश जारी नहीं किए जबकि इस सत्र से इनमें कक्षाएं शुरु होनी थी लेकिन कक्षाएं शुरु नहीं होने से प्रवेश लेने वाले बच्चें व अभिभावक असमंजस में है की प्रक्रिया शुरु होगी या नहीं। मॉडल स्कूलों में अलग से प्राइमरी कक्षाओं के भवन के लिए प्रति स्कूल एक से 1.50 करोड़ तक की राशि का बजट अलग से स्वकृत हुआ जिसके बाद निर्माण कार्य शुरु हुआ था। साथ ही राज्य में 2019 से 33 जिला मुख्यालय पर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल शुरु हुए थे। इसके बाद 167 ब्लॉक मुख्यालय और अब 345 ग्रामीण स्तर पर स्कूल शुरु हुए। इन स्कूलों में दो वर्ष बाद ही जिला मुख्यालय पर प्री प्राइमरी कक्षाओं का संचालन शुरु कर दिया गया। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल सर्व सुविधा युक्त है लेकिन अभी तक 134 स्कूलों में से एकभी स्कूल में प्री प्राइमरी कक्षाओ का संचालन नहीं हुआ है। जिससे करोड़ों की लागत से बने भवन अनुपयोगी साबित हों रहें है। राज्य सरकार ने अभी तक इन कक्षाओं के अध्ययन करवाने के लिए प्रतिनियुक्ति के लिए अभी तक शिक्षकों के साक्षात्कार नहीं लिए है। प्री प्राइमरी कक्षाओं के संचालन के लिए राज्य सरकार के वित्त विभाग ने अभी तक स्वकृति जारी नहीं की है जिससे प्रवेश की सारी प्रक्रिया बंद पड़ी है। राजकीय मॉडल स्कूलों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रति कक्षा में 15 छात्र व प्राथमिक कक्षाओं में प्रति कक्षा 40 छात्रों के प्रवेश की योजना प्रस्तावित है। लेकिन अभी तक राज्य सरकार की और से प्रवेश संबंधी आदेश जारी नहीं होने से प्रवेश का इन्तजार कर रहें विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया सपना बनता जा रहा है।

- **राज्य के 134 मॉडल स्कूलों में करीब 150 करोड़ की लागत से बने प्राइमरी कक्षाओं के भवन**

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद का कहना है कि मॉडल स्कूलों में करोड़ों रुपए की लागत से भवन तैयार हो गए इसलिए राज्य सरकार व विभाग को राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की तरह स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूलों में भीं प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया अतिशीघ्र प्रारम्भ करनी चाहिए जिससे इन स्कूलों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को इसका फायदा मिल सकें।

# उर्स : जन्नती दरवाज़ा बंद हुआ, बड़े पीर की पहाड़ी से दी गई तोपों की सलामी

**अजमेर,** (कासं)। ख्वाजा गरीब नवाज़ के 810वें उर्स मुबारक के मौके पर मंगलवार को दरगाह शरीफ़ स्थित महफिल खाने में कुल की महफिल सम्पन्न हुई। सज्जदानशीन दीवान सैयद जैनुलआबेदीन अली खान की सदारत में आयोजित महफिले कुल में दरगाह शरीफ़ के शाही कव्वाल ने हजरत अमीर खुसरो के कलाम को पढ़ा। हर तरफ ख्वाजा के चाहने वालों की फरियादें और 810वें उर्स मुबारक में शामिल होने की खुशी थी। सब की बस एक ख्वाहीश थी कि करम की बस एक नजर हो या गरीब नवाज़।

कुल की महफिल के साथ ही सुराही में गुलाब जल और केवड़े का पानी छिड़का गया। कुल के छींटे को पाने की हसरत में हर कोई नजर आया। दरगाह शरीफ़ में देर रात से धुलाई का सिलसिला शुरू हो गया था, जिससे की पूरी दरगाह के अहाते में एक रूहानी फिज़ा फैली हुई महसूस हुई। कुल की रस्म के दौरान दरगाह में सुबह से ही जायरीन का सैलाब उमड़ पड़ा। आहाता ए नूर, आरकाट का दालान, अंजुमन दफ्तर वाला दालान, झालरा, शाहजहांनी मस्जिद परिसर, बाबा फरीद का चिल्ला, महफिलखाना के सामने, बुलंद दरवाजे और अकबरी मस्जिद परिसर सहित दरगाह के परिधि इलाकों में सभी जगह जायरीन से अटे पड़े थे। इस अवसर पर जायरीन में पानी को बोतलों में भी बतौर तबर्रुक भरने की होड़ मच गई। कुल की महफिल के साथ ही दरगाह शरीफ़ के क़दीमी रस्मों को मौरूसी अमले की जानिब से पूरा किया गया। जहां बड़े पीर की पहाड़ी से तोपों की सलामी दी गई वहीं नक्कारखाने से शादियाने बजाए गए। कुल की महफिल समाप्त होने के साथ ही सज्जादानशीन दरगाह ख्वाजा साहब आस्ताना शरीफ़ में हाजरी के लिए पहुंचे। इसी के साथ जन्नती दरवाज़ा बंद हो गया। ख्वाजा गरीब नवाज़ के उर्स के मौके पर दरगाह कमेटी द्वारा सभी आशिके ख्वाजा और जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा किया गया। इस मौके पर दरगाह कमेटी के चेयरमैन अमीन पठान द्वारा अपने संदेश में कहा गया कि यह ख्वाजा गरीब नवाज़ का करम है कि हर साल की तरह इस साल भी आपका उर्स मुबारक अपनी पूरी शानों शौकत और अज़्मत के साथ मनाया गया। हम दुआ करते हैं कि पूरी दुनिया जल्द कोरोना वबा से निजात पाए। उर्स के मौके पर दरगाह कमेटी के नायब सदर मुनव्वर खान, सदस्य सैयद बाबर अशरफ, सैयद शाहिद हुसैन रिज़्वी, सपात खान, वसीम राहतअली, जावेद पारेख सहित नाजिम् शादां जैब खान उपस्थित रहे। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से चादर पेश की गई दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अमीन पठान देहात भाजपा के पूर्व अध्यक्ष बीपी सारस्वत,अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष शफीक खान, मुनसिफ अली खान सहित अन्य भाजपाई वसुंधरा की चादर लेकर ख्वाजा साहब की दरगाह पहुंचे, यहां वसुंधरा के परिवारिक खादिम सय्यद अफसान चिश्ती ने ख्वाजा साहब की मजार पर वसुंधरा की चादर पेश की।



**अजमेर ख्वाजा साहब के उर्स में दरगाह में उमड़े जायरीन।**

- **अकीदत के छीटों के साथ कुल की रस्म अदा हुई**

## संक्षिप्त

### पुनरीक्षण कार्यक्रम 26 फरवरी से

**देवली।** उपखंड के दूनी ग्राम पंचायत सरपंच सहित अन्य ग्राम पंचायतों के उपचुनाव को लेकर निर्वाचक नामावली के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम 26 फरवरी से शुरू होगा। एसडीएम कार्यालय की सूचना के अनुसार 26 फरवरी को निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 27 फरवरी व 6 मार्च को विशेष अभियान तिथियां होगी। इसी तरह 7 मार्च को दावों व आक्षेपों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 16 मार्च को दावों व आक्षेपों के निस्तारण की अवधि, 25 मार्च को पूरक सूचियों की तैयारी तथा 29 मार्च को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन होगा। गौरतलब है कि उक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम दूनी सरपंच, सांवतगढ़ उपसरपंच वार्डपंच तथा गैरोली के वार्ड पंच उपचुनाव को लेकर किया जा रहा है।

### नशा मुक्ति पर नाटक का आयोजन

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पीजी कॉलेज में मंगलवार को छात्राओं द्वारा महिला अध्ययन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में नशा मुक्ति पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रेणु माथुर ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुलोचना शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस मौके पर कीर्ति, कविता, निशा, संगीता, पूजा, सुमन, मनिता, नीशू व कृष्णा आदि छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस दौरान डॉ.आर.पी.गुर्जर, प्रो.सुरेश यादव, डॉ.मधु नागर, डॉ.शोभा जौहरी, डॉ.पदमा मीणा, डॉ.अनुपमा सक्सेना समेत छात्रायें मौजूद रही।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च किया

**देवली,** (निसं)। कानून व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों की सक्रियता को लेकर मंगलवार शाम पुलिस अधिकारियों ने शहर में फ्लैग मार्च किया। इसे लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मालपुरा) राकेश बैरवा देवली पहुंचे। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार तथा थाना प्रभारी राजेंद्र खंडेलवाल के साथ थाना परिसर से फ्लैग मार्च शुरू किया। फ्लैग मार्च में आगे-आगे अधिकारी चल रहे थे। जिन्होंने बाजारों में अपनी सक्रियता दिखाई।

### सार्वजनिक पार्क में बैंचें लगाई

**खैरथल।** लायंस क्लब खैरथल मंडी की ओर से स्थाई सेवा गतिविधि के तहत प्रथम चरण में सार्वजनिक स्थानों पर 51 बैंच लगाने का शुभारंभ किया गया। क्लब के सचिव मनीष गर्ग व एडवोकेट भानू अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष अभिषेक गोयल की अध्यक्षता व सीईओ सुनील अरोड़ा और रीजन चेयरमैन डॉ रिंकू मेहता के सानिध्य में कृषि उपज मंडी यार्ड के लाला बंशीधर शरबती देवी बघेरीवाला पार्क में कुर्सियां लगा कर गतिविधि का शुभारंभ किया गया।

### कोटपूतली में 11 नए पाजिटिव मिले

**कोटपूतली।** कोरोना की तीसरी लहर के दौरान कोटपूतली में कोरोना पॉजीटीव मरीजों का आंकडा 922 पहुंच गया है। जबकि 75 मरीज अभी भी एक्टिव है। बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को ब्लॉक में 11 नये पॉजीटीव मरीज सामने आये है। जिनमें से एक मरीज अन्य क्षेत्र का है।

# क्षेत्र के चौमुखी विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा: विधायक बाबूलाल नागर

**फागी,** (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट घोषणा की क्रियान्वित में विधायक नागर की अनुशंसा पर 27 योजना व नवीन सड़क वर्ष 2018-19 के अंतर्गत सवाईजयसिंहपुरा से शेरपुरा लम्बाई 2.50 किलोमीटर राशि 50 लाख रुपये, चान्दमा कलां रोड से हरसुंदरपुरा उर्फ हथेली लम्बाई 1.40 किलोमीटर राशि 16.80 लाख रुपये, एआर से कुंडली लम्बाई 1 किलोमीटर राशि 25 लाख रुपये, घटियाली से

■ विधायक नागर ने पांच जगह सड़कों का शिलान्यास किया

गोपालपुरा लंबाई 1.90 किलोमीटर राशि 57 लाख रुपये, मंडावरी से बनेड़िया लम्बाई 1.75 किलोमीटर राशि 1.75 लाख रुपये इस तरह कुल 8.55 किलोमीटर लम्बाई की सडको हेतु राशि 169.80 लाख रुपये की स्वीकृत सड़कों के नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण का मंगलवार को विधायक बाबूलाल नागर के मुख्य आतिथ्य में शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक नागर ने आम जनता को सड़कों की नई सौगात देते हुए कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोडूंगा ,क्षेत्र के विकास में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मेरा कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करें तो क्षेत्र के विकास की गति रुकने नहीं दूंगा। साथ ही क्षेत्र की गरीब जनता का मैं हमेशा ऋणी रहते हुए इनकी हर समस्या का समाधान करने का मेरा पूरा पूरा प्रयास करूंगा। इस मौके पर ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए शीघ्र ही मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को जनता की समस्या का हल करने के निर्देश दिया। इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष भंवर सिंह पचाला, जिला परिषद सदस्य एडवोकेट जितेश चौधरी, पंचायत समिति सदस्य दुर्गा लाल मीणा, मांदी ग्राम पंचायत सरपंच कैलाश स्वामी, कुडली ग्राम पंचायत सरपंच सावित्री बेरवा ,मंडावरी ग्राम पंचायत सरपंच माफिया बानो, सवाईजयसिंहपुरा सरपंच शिवजी चौधरी, पंचायत समिति सदस्य बृजमोहन बैरवा, राशन डीलर एवं समाजसेवी भैरू राम चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक नागर को ग्राम के अंतिम छोर पर बने स्वागत द्वार से गाजे-बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाकर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा 51 किलो की माला से विधायक नागर का अभिवादन किया।



फागी उपखंड की ग्राम पंचायतों में सड़कों के शिलान्यास समारोह में 51 किलो की माला पहनाकर विधायक बाबूलाल नागर का अभिवादन किया।

### विवाहिता की मौत के सभी जिम्मेदारों को गिरफ्तार करने की मांग

**निवाई,** (निसं)। कृषि मण्डी के पीछे स्थित कॉलोनी में गत दिनों हुई एक विवाहिता की मौत के बाद कॉलोनी वासियों व परिवारजनों में पुलिस उपाधीक्षक रूद्रप्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर नामजद सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं दहेज का सामान वापस दिलवाने की मांग की है।

ज्ञापन में मृतका के भाई रणजीत बैरवा ने बताया कि उसकी बहिन आरती का विवाह रामअवतार बैरवा पुत्र रामनिवास बैरवा निवासी गेटोर सिद्धार्थ नगर जयपुर के साथ किया गया था। शादी के बाद आरती का पति व उसके सास ससुर दहेज के लिए प्रताडित करने लगे। 31 जनवरी को उसकी बहिन का पति सास कचन देवी व ससुर रामनिवास निवाई आए और आरती को घर के बाहर छोडकर चले गए। उन्होंने किसी से भी कोई बात नहीं की। उसी दिन उसकी बहिन आरती ने खुदकशी कर ली थी। इस बाबत मृतका के भाई रणजीत ने मृतका के पति ससुर, सास व जेठानी के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया था। उसने ज्ञापन में बताया कि पुलिस ने केवल मृतका के पति को ही गिरफ्तार किया है। जबकि अन्य आरोपी पकडे नहीं गए हैं। पुलिस ने दहेज का सामान भी बरामद नहीं किया है।

## सार-समाचार

### लूपिन निदेशक गुप्ता की जयंती मनाई




**राजगढ़।** दादूपंथी ठिकाना गंगाबाग के महंत प्रकाश दास महाराज ने कहा कि लूपिन के निदेशक देशबंधु गुप्ता राजगढ़ क्षेत्र को देश एवं विदेश में विशेष पहचान दिलाई। गुप्ता जैसी महान शख्सियत की कामयाबी से राजगढ़ क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। यह उद्गार महंत प्रकाश दास महाराज ने देश बंधु गुप्ता की 84 वीं जयंती पर सेवा दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया । माता श्री गोमती जन सेवा निधि की ओर से 25 सिलाई मशीन एवं इलेक्ट्रिक टूल्स एवं विद्यालय में दरी पट्टी सहित अन्य सामग्री वितरित की। संस्था के मुख्य कार्यक्रम समन्वयक वेद प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं साफा से स्वागत किया। महंत प्रकाश दास महाराज, क्षेत्रीय प्रबंधक वेद प्रकाश शर्मा, समाजसेवी मीना खंडेलवाल,ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, खेम सिंह आर्य, पदमा गोयल, कृष्णा अग्रवाल, कमलेश मामोडिया, मदन लाल शर्मा,अनिल गुप्ता, आशा तांबी, डॉक्टर मीना गुप्ता, दीपक गुप्ता, गिर्राज शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, सहित अन्य मौजूद रहे ।

### अवैध शराब परिवहन पर कार्रवाई

**देवली,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई कर शराब का अवैध तौर पर परिवहन कर ले जाए जा रहे दो जनों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेंद्र खंडेलवाल के अनुसार पहली कार्रवाई में पुलिस ने सांवतगढ़ गांव में प्लास्टिक के कट्टे में अवैध तौर पर ले जाई जा रही शराब पकडी है। पुलिस ने मामले में जयसिंह मीणा पुत्र कल्याण सिंह मीणा निवासी सांवतगढ़ को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 31 पव्वे देशी शराब के तथा 21 कांच के पव्वे अंग्रेजी शराब के पकडे गए। पुलिस ने एक्साइज एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई हैडकॉन्स्टेबल बद्रीलाल यादव, पुलिसकर्मी हंसराज, मुकेश, भंवरलाल की टीम ने की। इसी प्रकार पुलिस ने रावता माताजी क्षेत्र में मुकनाराम पुत्र गोपीराम मीणा को प्लास्टिक की सफेद रंग की पीपी में हथकढ़ शराब ले जाते पकडा है। पुलिस ने मुकनाराम के पास से तीन लीटर हथकढ़ शराब बरामद की हैं। वहीं मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीन नासिरदा चौकी पुलिस ने मंगलवार दोपहर नाकाबंदी कर हथकढ़ शराब ले जा रहे दो जनों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 4 लीटर हथकढ़ शराब भी बरामद की है।

### पंचायत प्रतिनिधियों का संवाद कार्यक्रम

**निवाई।** सिकोईडिकोन संस्था के तत्वावधान में शिवमंगल पेराडाइज में पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। किसान सेवा समिति के अध्यक्ष मदनलाल शर्मा ने ग्राम पंचायतों के गांवों में हो रहे अतिक्रमण को हटाने व विकास कार्य में मदद करने का आव्हान किया। संस्था के केदारमल बैरवा ने बताया कि एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम में सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी पंचायतों में संचालित कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान विकास कार्यों के आने वाली परेशानियों की चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। स्वराज संस्था के डॉ.आलोक व्यास ने जन संगठनों व पंचायत प्रतिनिधियों को समन्वय व तालमेल रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जन संगठनों को पंचायत बैठकों व ग्राम सभाओ मे भागीदारी निभाने का आव्हान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ललवाडी सरपंच देवालाल गुर्जर, बजरंगलाल बैरवा, बिंदु कंवर, आशा देवी जाट, श्योजीराम जाट, सुनिता बैरवा, राजाराम जाट, प्रभाती देवी, भरत सिंह सहित कई सरपंच व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन घायल

**निवाई।** गांव रजवास मोड पर मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने मोटरसाईकिल के टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार तीन जनें घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पहुंची और घायलों को सीएचसी लाकर भर्ती करवाया। पुलिस ने बताया कि शोभाराम गुर्जर, धर्मराज व हनुमान सिंह निवासी थली बासडा मोटरसाईकिल पर सवार होकर टोंक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रजवास मोड पर अज्ञात वाहन ने बाईक के टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शोभाराम और धर्मराज की हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने जयपुर रेफर कर दिया। इसके बाद निवाई पुलिस ने बरोनी थाना को सूचना दी।

### लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी

**किशनगढ बास।** भारत रतन महान गायिका लता मंगेशकर के आकस्मिक निधन पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारत रत्न महान गायिका लता मंगेशकर के निधन पर 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। अभिभाषक संघ सचिव अजीत राव ने बताया कि भारत रतन महान गायिका लता मंगेशकर के निधन पर अभिभाषक संघ की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं ने महान गायिका लता मंगेशकर के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अध्यक्ष अमित गौड सुनील यादव संतोष गुप्ता धर्मपाल यादव अजय कृष्ण व्यास रामचंद्र यादव सूरज भडाणा परमानंद मिश्रा शेर मोहम्मद सहित अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### स्काउट व गाइड का प्रशिक्षण शिविर

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में द्वितीय व तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार को ग्राम दादुका स्थित गुरु शिखर पब्लिक स्कूल में हुआ। शिविर में स्काउट व गाइड के युवाओं को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए प्रधान एड. मनोज चौधरी ने कहा कि देश सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। देश व समाज के उत्थान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति अपना श्रेष्ठ योगदान करें। इस मौके पर उप प्रधान रामकरण सैनी, व्यवस्था प्रभारी हंसराज रावत, प्रशिक्षक अतुल आर्य, अशोक आर्य आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### 132 बालिकाओं को साइकिल मिली

**फुलेरा।** कस्बे के हलवाई बाजार के निकट स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेयरमैन प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, पालिकाउपाध्यक्ष योगेश कुमार सैनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद हेमलता सैनी, विमला देवी, कृष्ण गोपाल रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। प्रधानाचार्या ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के तहत कक्षा 9 वीं की 132 छात्राओं को विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति की उपस्थिति में निशुल्क साइकिल वितरण की गई। इस अवसर पर विद्यालय की संगीता स्वामी, शर्मीला भाटिया, अनीता मीणा, चन्द्रशेखर त्यागी, कमला बागड़ी, पुष्पा राजावत, अशोक कुमार, अशोक कुमार शर्मा, अर्जुन सिंह मीणा, राहुल बोदल्या, अरुणा आमेरिया, बीना मौर्य, ममता मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सांभर में झण्डे की रस्म के साथ 703वां उर्स का आगाज

**सांभरझील,** (निसं)। यहां पुरानी धानमण्डी स्थित अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सगे लाडले पोते हजरत ख्वाजा हुसामुद्दीन चिश्ती जिगर सोख्ता रहमतुल्लाह अलेह का झण्डे की रस्म के साथ ही 703 वां उर्स का आगाज हुआ।

दरगाह शरीफ के बुलन्द दरवाजे पर हाजी स्व. छोटू खान अगवान के पुत्र शफात खान अगवान की ओर से असर नवाज बाद झण्डा रस्म अदा की गयी। इस दौरान अगवान परिवार की ओर से चादर का जुलूस बैण्ड बाजों के साथ प्रमुख रास्तों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा। ख्वाजा साहब के आस्ताने दरबार में चादर पेश की गयी। दरगाह खादिम अलताफ अहमद की ओर से जियारत करवायी गयी।

झण्डे की रस्म के मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विद्याधर सिंह चौधरी, काजी जीएच उस्मानी, चेयरमैन बालकिशन जांगिड, वाईस चेयरमैन नवलकिशोर सोनी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शेख शमीमुलहक, पूर्व चेयरमैन अवधेश कुमार पारीक, पूर्व पदाधिकारी बाबू खां अगवान, अंजुमन हुसामियां इस्लामियां कमेटी के सदर नदीम अहमद कुरेशी, कोषाध्यक्ष मुज्जफर रहमान, जनरल सैक्रेट्री अहसान खान, नायब सदर अब्दुल रशीद खान, पूर्व सदर अब्दुल हमीद कादिर, एड. कृष्ण कुमार पारीक, पार्षद वकार युनूस, पार्षद शकील शेख, कांग्रेस के राकेश कश्यप, पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी, निसार बैग, टीकमचन्द कुमावत, रमेश उर्फ दाऊद चौधरी, अभिलाष तम्बोलिया, राकेश परिहार, सद्दीक मोहम्मद सहित अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।



सांभर में मंगलवार को दरगाह शरीफ के बुलंद दरवाजे पर झण्डे की रस्म के साथ उर्स का आगाज हुआ।

■ ख्वाजा साहब के आस्ताने दरबार में चादर पेश की गयी

# शहर के विकास के लिए 71 करोड़ 56 लाख के प्रस्ताव को मंजूरी दी

**निवाई,** (निसं)। नगरपालिका बोर्ड की बैठक मंगलवार को पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत में सदन ने सर्वप्रथम भारत रत्न व स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी।

बैठक में अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के विकास कार्यों के लिए 71 करोड 56 लाख रुपये बजट प्रस्ताव रखा। बजट प्रस्तावों को सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक में पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने सभी पार्षदों से वार्डों में विकास कार्यों के लिए लिखित में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। बैठक में पार्षद रामबिलास बलाई, कमलेश किराड तथा अल्लारखा ने प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान शिवाजी कालोनी में मकानों के पटटे नहीं देने का मुद्दा उठाया।

■ निवाई नगरपालिका बोर्ड की बैठक पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई

इसी प्रकार पार्षद मदनलाल वर्मा एवं संजय रैगर ने वार्ड 11 व 12 में भी पट्टे नहीं बनने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने शीघ्र पट्टे बनाने की मांग की। इस पर अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी व चेयरमैन दिलीप इसरानी ने फाईलों की जानकारी लेकर शीघ्र ही पट्टे बनवाने का आश्वासन दिया। पार्षद प्रदीप पारीक ने बस स्टैंड के विकास और प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि पार्षदों की एक कमेटी बनाकर विधायक प्रशांत बैरवा के नेतृत्व में राज्य सरकार से पीडब्ल्यूडी की भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव रखा। इस पर सभी पार्षदों ने बस स्टैंड बनाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। पार्षद परसराम कुमावत ने बस स्टेण्ड के दुकानदारों को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की। बैठक में बस स्टैंड के मुद्दे पर बोल रहे भाजपा पार्षद मदनलाल वर्मा को बीच में भाजपा पार्षद अल्लाहरखा ने टोक दिया जिस पर दोनों एक दूसरे से जोरदार उलझ पडे।

सदन ने शिवाजी पार्क के विकास के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार प्रताप स्टेडियम में फुटबॉल मैदान तथा दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड बनाने की रूपरेखा पर सहमति जताई गई। इस पर पार्षद कमलेश किराड ने शिक्षा विभाग से सहमति पत्र लेने के बात कही। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, नितिन छाबडा, भानु जोधा, दयाराम चौधरी, अजहर कुरेशी, इमरान, गिर्राज चौधरी सहित पार्षद मौजूद थे।

# आबकारी पुलिस पर हमला करने वाले दो आरोपी पकड़े

**किशनगढ बास,** (निसं)। अलवर जिले में किशनगढ बास क्षेत्र के गांव दौहडा में करीब 10 दिन पहले अवैध हथकढ शराब पकड़ने पहुंची खैरथल थाना आबकारी पुलिस पर शराब तस्करों की ओर से लाठी सरियों से किए गए हमले तथा राजकार्य में बाधा डालने और सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना अधिकारी अमित चौधरी ने बताया आबकारी खैरथल पुलिस 27 जनवरी को किशनगढ बास के गांव दौहडा में अवैध हथकढ शराब बनाने की सूचना पर पहुंची तो शराब तस्कर मौके से भाग गए अवैध शराब भट्टीयों को नष्ट कर वापस लौट रही आबकारी पुलिस अधिकारियों के वाहन को रोककर अवैध शराब तस्करों ने लाठी सरियों से हमला बोल दिया। हमले में आबकारी पुलिस कर्मी चोटिल हुए और वाहन के शीशे तोड दिए। शराब तस्करों से बचकर किशनगढ बास पुलिस थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराने पर हमले चोटिल हुए पुलिसकर्मियों का मेडिकल कराया जाकर हमलावरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

आबकारी खैरथल थाना पुलिस इंचार्ज प्रभु दयाल की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए डीएसपी अतुल अग्रे थाना अधिकारी अमित चौधरी पुलिस बल के साथ किशनगढ बास के गांव दौहडा पहुंचे तब तक हमलावर गांव छोडकर भाग चुके थे।

भिवाडी एसपी शांतनु कुमार सिंह एडिशनल एसपी नीमराणा जसराम मीना डीएसपी अतुल अग्रे के निर्देशन में पुलिस लगातार हमलावर शराब तस्करों की तलाश में लगी थी। सोमवार को पुलिस ने गुरु नाम पुत्र नारायण सिंह राय सिख तथा जस्सी उर्फ जसवीर सिंह पुत्र उत्तम सिंह निवासी दौहडा किशनगढ बास को पुलिस ने हमले राजकार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### राशन की दुकानों से गेंहू चोरी करने पर दो जने पकड़े

**अलवर,** (निसं)। तेजस्वनी गौतम जिला पुलिस अधीक्षक अलवर के निर्देशानुसार श्रीमनलाल मीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर ग्रामीण एवं मृत्यूंजय मिश्रा वृताधिकारी बानसूर जिला अलवर के सुपरविजन में अवतार सिंह थानाधिकारी थाना बानसूर के नेतृत्व में मय जाप्ता के द्वारा आरोपी धर्मवीर बावरिया निवासी हाजीपुर थाना बानसूर, महेन्द्र बावरिया निवासी देहलावास थाना पचेरी कलाँ जिला झुन्झुनू को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी ग्राम कोथल में उचित मूल्यों की राशन की दुकान का शटर तोडकर 54 कट्टे गेंहू के चोरी कर ले गये इसी प्रकार ग्राम भूपसेडा में उचित मुल्य की राशन की दुकान का शटर तोडकर 20 क्विंटल गेहुं चोरी कर ले गये तथा ग्राम खेडा से राशन की दुकान का शटर तोडकर 103 कट्टे गेंहु के चोरी कर ले गये। आरोपियो द्वारा राशन की दुकानों में रात्री के समय शटर तोडकर की गई चोरी का माल 34 क्विंटल गेंहु बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप व मोटरसाईकिल को बरामद किया गया।

# स्कूटी की चाबी पाकर दिव्यांगजनों के खिले चेहरे

**अलवर,** (निसं)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने मंगलवार को अलवर में इंदिरा गांधी स्टेडियम में 85 दिव्यांगजनों को पुष्पहार पहनाकर स्कूटी की चाबी सौंपी तथा हेलमेट भेंट किए।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है जिससे वे मुख्य धारा में शामिल होकर अपने सपने साकार कर सकेंगे। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की बागडोर संभाल रहे टीकाराम जूली के बारे में कहा कि जरूरतमंदों की मदद के प्रति बहुत संवेदनशील है और इनका यह विभाग जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी लाने का माध्यम बन रहा है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने उपस्थित दिव्यांग बालक-बालिकाओं का हौंसला बढाते हुए कहा कि वे बाधाओं को अपनी ताकत बनाकर आगे बढेंगे तो कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। उन्होंने स्कूटी के साथ हेलमेट भी भेंट करते हुए सभी को हेलमेट नियमित पहनने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मेरे एक पैर में मामूली सा फर्क है जिससे मुझे रोजमर्रा के काम में ज्यादा तकलीफ नहीं होती किन्तु दिव्यांगजनों की पीडा को मैं भली-भांति महसूस कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि दिव्यांगजनों को राज्य सरकार द्वारा हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जाए।

जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2020-21 के तहत प्रदेश में फरवरी माह में ही 2 हजार स्कूटी वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अलवर जिले में प्रथम चरण में 100 स्कूटी का अनुमोदन हो चुका है जिसके तहत आज 85 स्कूटी वितरित की गई है। शेष शीघ्र ही वितरित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अपने विधायक कोष से भी 20 स्कूटी दिव्यांगजनों के लिए स्वीकृत की है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों का मंच से नीचे आकर स्वयं साफा बांधकर सम्मान किया। इस पर दिव्यांगजन भाव-विभोर नजर आए।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने दिव्यांगजनों के साथ स्कूटी पर बैठकर स्टेडियम में चक्कर लगाया। इस पर दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने विभाग में संचालित योजनाओं एवं जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल ने आगन्तुकों का आभार जताया। मंच संचालन शिक्षाविद् दिनेश शर्मा ने किया।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर में इंदिरा गांधी स्टेडियम में 85 दिव्यांगजनों को पुष्पहार पहनाकर स्कूटी की चाबी सौंपी।

■ 85 दिव्यांगजन को निःशुल्क स्कूटी वितरित की


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक- नपाश्रीमा./2021-22/4382-83 दिनांक- 07.02.2022

**आपत्ति आमंत्रण-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

| क्र.स. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री नवाब लुहार पुत्र बल्ली मोहम्मद वार्ड नं. 32 कचियागढ श्रीमाधोपुर | 138.88 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 03 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक- नपाश्रीमा./2021-22/4379-80 दिनांक- 07.02.2022

**आपत्ति आमंत्रण-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

| क्र.स. | नाम पत्रावली | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शायरा पत्नि नूर मोहम्मद शेख वार्ड नं. 32 कचियागढ श्रीमाधोपुर | 138.88 वर्गगज | आवासीय पट्टा नामान्तरण |

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 03 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर

## संक्षिप्त

### हेल्थ वर्करों का सम्मान किया

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोहनपुरा में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण होने पर मंगलवार को राजू यादव द्वारा हैल्थ वर्करों का सम्मान किया गया। इस मौके पर नारेहडा सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा समेत कोरोना हेल्थ वर्करों का माला पहनाकर व साफा बांधकर सम्मान किया गया। मंच संचालन राजू यादव ने किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच सुरेश यादव, रामु यादव, एएनएम रमेश यादव, सीएचए सरिता यादव, आशा सहयोगनी उषा शर्मा, सावत्री देवी, भागेश यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला यादव, लक्ष्मी यादव, ओमवती देवी, अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउण्डेशन मोहनपुरा से हेमंत श्रीवास्तव, अशोक कुमार सुरेलिया, बाबूलाल यादव, शिवसागर शर्मा, मनीष भण्डारी व महिपाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 'गौ माता की सेवा सबसे बड़ा धर्म'

**कोटपूतली।** स्थानीय स्वच्छता सेवा दल टीम के संरक्षक महेश मीणा के जन्मदिवस पर मंगलवार को विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय जयसिंह गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़ व दलिया खिलाया गया। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने टीम के प्रत्येक सदस्य के जन्मदिन पर सेवा कार्यो का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया। इस दौरान कमलेश प्रजापति, दयाराम कुमावत, प्रमोद गुरूजी, सीताराम बंसल, विक्रम शर्मा सहित अन्य लोग मौज़ूद थे।

### सेमिनार आज

**फुलेरा।** पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में संचालित इन्दिरा रसोई के पास आज दोपहर 12:15 सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि दीनदयाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सुजस् सांस्कृतिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में नगर पालिका मंडल फुलेरा क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के संघ बनाकर उनको आर्थिक सामाजिक संबल प्रदान करने की योजना है। इसमें महिलाएं अपने व्यवसाय के लिए ऋण से परीक्षण लेकर अच्छे से अपने कार्य कर सकती है।

### मालपुरा ब्लॉक में 14 जने पॉजिटिव मिले

**मालपुरा।** उपपंजीयक कार्यालय का सुरक्षागार्ड कोरोना पॉजिटिव होने के बाद एसडीएम के आदेशों पर तहसीलदार जीआर बैरवा के निर्देशों पर उपपंजीयक कार्यालय मंगलवार को दूसरे दिन भी शुन्य गतिशील रहा। दो दिन से कार्यालय बंद होने से कार्यालय से जुडे रजिस्ट्रीकरण व अन्य कार्य प्रभावित रहे। मंगलवार को जिला मुख्यालय से आई जांच रिपोर्ट में सीएमएचओ अशोक कुमार यादव ने ब्लॉक में 14 जने संक्रमित होने की पुष्टि की है।

### बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल दी

**चाकसू।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सवाई माधोसिंहपुरा के गांव स्वामी का बास राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 में अध्यनरत 14 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें दी गई। साइकिल वितरण समारोह प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार चौधरी व सरपंच रामजीलाल यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।बेटियों को साइकिलें मिलते ही चेहरे खिल उठे।

# शहीद राजीव सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर तिरंगा रैली निकाली

**पावटा, (निसं)।** शहीद राजीव सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि समारोह पर लुहाकणा में सुखदेव सिंह गोगामेडी के मुख्य आतिथ्य व विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर की अध्यक्षता एवं प्रधान बूंदी देवी, रानी रत्ना कुमारी, भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष, ब्रिगेडियर जापान सिंह, धर्मेंद्र मीणा, अर्जुन मीणा, अभय सिंह शेखावत,

- शहीद के नाम से विद्यालय का हुआ नामकरण
- शहीद के नाम से स्मारक के लिए विधायक इंद्राज गुर्जर ने 2 लाख की घोषणा की

जितेंद्र सिंह शेखावत, द्रियाव सिंह, रामेश्वर गुर्जर, रविन्द्र सिंह, सीताराम सोनी, हितेंद्र सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में दौलत सिंह के नेतृत्व में हरि झंडी दिखाकर बाइक तिरंगा रैली का शुभारंभ किया किया।

जो लुहाकणा शहीद स्मारक से सुरजपुरा, जयसिंहपुरा, भाबरू आजाद चौक होते हुए वापस शहीद स्मारक पहुंची। वहीं तिरंगा रैली समारोह में सुखदेव सिंह गोगामेडी ने कहा कि देश की आन, बान और शान के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले देश के शहीदों का सम्मान करना प्रत्येक भारतीय का प्रथम कर्तव्य है। वही राजेश गुर्जर ने कहा कि शहीदों की शहादत को नमन एक दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन होना चाहिए। वहीं रत्ना कुमारी ने कहा कि शहीदों के बलिदान से देश को आजादी और सुरक्षा मिली है। सीमा पर तैनात वीर जवानों के त्याग और बलिदान के कारण ही हम अपने घरों में शांति और सुरक्षा से रह रहे है। शहीद राजवीर सिंह के शहीद स्मारक के लिए विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने विधायक इंद्राज के निर्देशों पर 2 लाख रुपये देने की घोषणा की।

वही जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा शहीद राजीव सिंह के परिजनों का सम्मान किया गया एवं शहीद राजीव सिंह के चरणों में पुष्प अर्पित कर दीपक जलाया। रैली में उपस्थित युवाओं ने वंदे मातरम, हिंदुस्तान जिंदाबाद, देश के अमर शहीदों की जय के साथ अन्य देश भक्ति भरे नारे लगाकर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर काफी संख्या में युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वही दौलत सिंह ने कहा आगे शहीदों के सम्मान में हमेशा ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे और सभी का आभार प्रकट किया।



शहीद राजीव सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर युवाओं ने बाइक तिरंगा रैली निकाली।

## मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली/पावटा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पाथरेड़ी स्थित बाबा भोमियां मंदिर के सामने भोमिया बाबा मंदिर पर शिवालय व बजरंग बली मंदिर, राज सीनियर स्कूल में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुआ।

इस मौके पर सोमवार रात्रि को सत्संग व जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दानदाताओं, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। लेखक व गायक गिर्राज लालवाड़ी एण्ड पार्टी एवं हीरालाल अवाना एण्ड पार्टी का कम्पीटीशन एवं मशहुर डांसर साहिबा अलवर व पूजा सीकर तथा कॉमेडी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान लॉयन्स क्लब कोटपूतली के तत्वाधान में प्लस हॉस्पिटल की मेडीकल टीम द्वारा फ्री मेडीकल चौकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. संध्या, डॉ. विष्णु सैनी, डॉ. विनोद भावी, डॉ. रवि गुप्ता, डॉ. अपराजिता चौहान द्वारा मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया एवं डॉ. बी लाल लैब द्वारा ब्लड प्रेशर व शुगर की निःशुल्क जाँच की गई। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष एड. प्रेमप्रकाश शर्मा, डीवाईएसपी राजेश जांगिड़, देवदत्त शर्मा, पवन कुमार शर्मा, सीताराम, मुकेश मुक्कड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सार-समाचार

### स्कॉलरशिप के लिए 3 छात्रों का चयन



**पावटा।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रागपुरा अंग्रेजी माध्यम पावटा के कक्षा 9 के 3 छात्रों शुभम यादव, आशीष यादव, तथा रवि सैनी का एनएमएमएस छात्रवृत्ति हेतु राज्य स्तर पर चयन होने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने छात्रों को बधाई देकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। वही समस्त छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं गौरतलब है कि इन छात्रों को 4 वर्ष तक राजकीय विद्यालय में अध्ययन करने पर 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्राप्त होगा।

### अपराध की बढ़ती घटनाओं से भय

**बहरोड़।** जिला पुलिस भिवाडी के अंतर्गत थाना क्षेत्र बहरोड़ में बढ़ते अपराध की घटनाओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन चाहे नेशनल हाईवे नंबर 48 पर दिल्ली पुलिस के जवान के साथ 23 जनवरी को हुई लूट की घटना या बहरोड़ के गूंति गांव के पास कांकर छाजा के होटल मालिक के होटल पर हुई फायरिंग की घटना, अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अपराधी आए दिन किसी न किसी घटना को अंजाम देते रहते हैं। कुछ दिन पहले नारनौल रोड के भगवाड़ी में हुए गोलीकांड की घटना हो या बिजोरावास गांव के लड़के के साथ हुई घटना हो। इसी क्रम में सोरवा गांव के ब्लू वाटर पार्क पर बदमाशों की दहशत फैलाने की घटना रही हो। सूत्रों के हवाले से ऐसा सुनने में आ रहा है कि आज दिन में क्षेत्र में चर्चा रही कि बहरोड थाना क्षेत्र के जागुवास ग्राम की सीमा में रात्रि को शराब पीकर दो दोस्तों में आप से झगड़ा हुआ, इस झगड़े में एक पक्ष का दूसरे युवक पर दोपहर करीब 11 बजे फायरिंग होने की अफवाह सी फैली हुई बताई। परंतु घटनास्थल पर आसपास के लोगों ने ऐसा होने से इनकार किया बताया। ।

### फूड लाइसेंस कैंप 12 फरवरी को

**टोंक (निसं)।** चिकित्सा विभाग द्वारा 12 फरवरी शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला कोटा रोड पर एक दिवसीय फूड लाइसेंस कैंप का आयोजन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया के सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन हेतु एक दिवस कैंप का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विक्रेताओं को जागरूक भी किया जायेगा और फूड लाइसेंस सभी विक्रेताओं के लिये अनिवार्य है, यदि किसी विक्रेता के पास निरिक्षण के दौरान फूड लाईसेंस नहीं पाया जाता है तो एफएसएस के नोर्म के अनुसार कार्यावाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन लाल गुर्जर ने बताया कि इस दौरान कैंप में खाद्य पदार्थ व्यवसाय के सभी फर्म एवं विक्रेता अपना लाइसेंस बनवाए जा सकते हैं। साथ ही जिनका नवीनीकरण करवाना हो वह भी आवेदन कर सकते हैं।

### सड़क बनाने की मांग

**मंडावरी।** नगर पालिका के खेड़ा वाले एवं धातारी मोहल्ले के रहने वाले लोगों द्वारा वहां पर मोहल्ले में सड़क बनाने की मांग की है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि मौजूदा समय में इस जगह मोहल्ले की सड़क जर्जर अवस्था में है एवं कई जगह से टूट चुकी है। सड़क जर्जर अवस्था में उनकी जगह टूटी होने के कारण मोहल्ले वासियों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि यह मार्ग मुख्य बाजार से सीधे बस स्टैंड जाने वाले मार्ग को जोड़ता है इसके कारण क्षतिग्रस्त टूटी फूटी सड़क पर आवागमन ज्यादा रहता है। मोहल्ले वासियों द्वारा क्षेत्रीय विधायक चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा से आग्रह करते हुए मोहल्ले की सड़क को दुरुस्त करा कर मोहल्ले वासियों को राहत प्रदान करने की मांग की गई है।

### लोक अदालत को लेकर बैठक

**मालपुरा।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा 12 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत को लेकर मंगलवार को एडीजे विनोद कुमार शर्मा ने आवश्यक बैठक ले लोक अदालत के सफल आयोजन पर चर्चा की। तालुका विधिक सेवा समिति सचिव रवि कुमार जांगिड ने बताया कि 12 मार्च को ऑनलाईन व ऑफलाईन नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। सिविल व फौजदारी न्यायालयों के साथ राजस्व न्यायालयो मे भी लोक अदालत आयोजित होगी। एडीजे शर्मा ने बताया कि लोक अदालत के लिए प्री काउंसलिंग व डोर स्टेप काउंसलिंग करवाने के निर्देश दिये गये है। बैठक मे एसीजेएम भावना भार्गव,एमजेएम सुनिता चिन्दोलिया, तहसीलदार जीआर बैरवा,डीवाईएसपी सुशील मान सहित विधुत निगम व जलदाय विभाग सहित बैंक शाखा प्रबंधक व तालुका के न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

### हादसे को निमंत्रण दे रहा पोल

**चाकसू।** कोटखावदा रोड पर प्रशासन द्वारा लोहे के पोल पर बनाया गया दिशा सूचक प्रवेश द्वार अपनी घटिया निर्माण सामग्री के कारण मौसम के थपेड़ों को सह नहीं पाया और लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है। द्वार पर लगाए गए दिशा सूचक सूचनाओं, लागत एवं निर्माण दिवस का बोर्ड गायब हो चुका है और केवल लोहे के पोल खड़े हैं लोहे के पोल नीचे धीरे-धीरे वेल्डिंग छुटने के कारण एक तरफ झुके जा रहे हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विभाग लापरवाह बना हुआ है। राहगीरों एवं आसपास के दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है।

### सड़क हादसे में बालिका की मौत

**चाकसू।** कस्बे में पुराने हाईवे पर बालाजी मंदिर के आगे एक कार ने 12 वर्षीय बालिका के टक्कर मार दी जिसे उपजिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवनारायण कालोनी के रहने वाले सुरेश सेन की 12 साल की बेटी धरा सेन परिजनों के साथ पूर्णिमा मैरिज गार्डन में शादी के समारोह में भाग लेने जा रही इस दौरान एक कार ने बच्ची के टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। वही अंधेरे की वजह से कार के नम्बर नहीं देख सके।

## एसओजी को ज्ञापन एवं ऑडियो भेजकर रीट भ्रष्टाचार प्रकरण में जांच की मांग की

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा के प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने आज एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर राजीव गांधी स्टडी सर्किल आरजीएससी के राज्य समन्वयक एवं कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में पदस्थापित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक डॉ. बनयसिंह की रीट भ्रष्टाचार प्रकरण में संलिप्तता की सघन जांच की मांग की है। इस विषय में डॉ.बनयसिंह के साले की बातचीत का ऑडियो भी प्रेषित किया गया है।

ज्ञापन में डॉ.बैरवा ने आक्रोश व्यक्त किया है कि रीट के भ्रष्टाचार में संलिप्त व्यक्तियों ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। राज्य सरकार एवं रुक्टा ही नहीं, राजस्थान के कॉलेज शिक्षकों की गरिमा को भी तार-तार किया है। साख पर बट्टा लगाया है। आरजीएससी को बदनाम किया है।

उन्होंने बताया कि रीट भ्रष्टाचार प्रकरण के सबसे बड़े सुपरवाइजर आरजीएससी के राज्य समन्वयक डॉ.बनयसिंह है। बनयसिंह ने ही परदे के पीछे सक्रिय रहकर मनमाने तरीके से रीट के जिला समन्वयक तय किए हैं। घर की पंचायत समझ, नियमों को ताक पर रख निजी कॉलेजों के तथा सेवानिवृत शिक्षक जैसे गैरसरकारी व्यक्तियों को जिला समन्वयक बनवाकर इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा की जिम्मेदारी देने का आपराधिक कृत्य किया है। जिला समन्वयकों के जरिए पैसे लेकर ब्लैक लिस्टेड कॉलेजों एवं संस्थाओं को परीक्षा केंद्र बनाए हैं। जमकर पैसे कमाए हैं। राजनीतिक एवं सरकारी संरक्षण प्राप्त डॉ.बनयसिंह स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त है एवं अन्य लोगों के जरिए भ्रष्टाचार को अंजाम देता है,यह इनके साले की बातचीत के एसओजी एवं उच्च स्तर पर भेजे ऑडियो से भी सुस्पष्ट है।

# सांसी बस्ती में अवैध शराब की भट्टियों को नष्ट किया

**डिग्गी, (निसं)।** मंगलवार को सुबह मालपुरा पुलिस उपाधीक्षक सुशीन मान व पचेवर थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह एवं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी के नेतृत्व में डिग्गी सांसी बस्ती पर कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान पुलिस के द्वारा

- 500 लीटर हथकड़ शराब एवं वॉस की नष्ट, वहीं देसी शराब बनाते एक महिला गिरफ्तार

अवैध शराब की भट्टियों को भी तोड़ा गया। डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि कार्यवाही के दौरान लगभग 500 लीटर अवैध हथकढ शराब एवं वॉश पुलिस के द्वारा नष्ट किया। वहीं मौके पर शराब बनाते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया। डिग्गी थाना पुलिस के द्वारा की गई कार्यवाही में सांसी बस्ती में हडकंप मच गया।

वहीं पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने के लिए अपराधियों पर यूं ही कार्यवाही जारी रहेगी। डिग्गी थाना पुलिस की इस छापामार कार्यवाही की ग्रामीणों में भी दिनभर चर्चा रही।



मालपुरा पुलिस उपाधीक्षक सुशीन मान व पचेवर थानाधिकारी एवं डिग्गी थानाधिकारी के नेतृत्व में सांसी बस्ती में कार्यवाही की।

## 400 बीघा चारागाह से अतिक्रमण हटाया

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के झाडली ग्राम पंचायत के राजस्व गांव संग्रामपुरा में हुए अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पंचायत प्रशासन ने अतिक्रमियों पर पीला पंजा चला चारागाह को मुक्त कराया। युवा समाज सेवी नरसिंह राठौड़ ने बताया कि अतिक्रमियों ने लाम्य्जूनारदार व संग्रामपुरा में 400 बीघा से अधिक कच्चे-पक्के निर्माण कर अतिक्रमण कर लेने से मवेशियों के सामने आई समस्या को गंभीरता से ले पंचायत प्रशासन ने मंगलवार को लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में 400 बीघा से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की।

# 'बनास नदी में सांठ-गांठ से चल रहा बजरी ओवरलोड का खेल'

**टोंक, (निसं)।** देवली में बनास नदी में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से दी गई बजरी खनन की अनुमति के बाद सांठ-गांठ से बजरी के ओवरलोड का खेल चल रहा है। इससे जहां हादसे की सम्भावना व सड़कों के क्षतिग्रस्त होना है। वहीं सरकार को राजस्व का नुकसान भी है।

- कांग्रेस अभाव अभियोग के पूर्व प्रदेश महामंत्री शकीलुर्रहमान खान ने सौंपा ज्ञापन

इसको लेकर कांग्रेस अभाव अभियोग के पूर्व प्रदेश महामंत्री और पूर्व जिला महासचिव शकीलुर्रहमान खान ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, खान मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि पूर्व में उच्च न्यायालय जयपुर ने बजरी खनन एवं परिवहन के सम्बन्ध में पारित आदेश 4 अगस्त 20014, 14 अगस्त 2014 व 28 अगस्त 2014 में बजरी खनन व परिवहन के सम्बन्ध में बजरी लीज धारक के लिए बिन्दू निर्धारित किए हुए हैं। बजरी लीज धारक द्वारा उच्च न्यायालय राजस्थान के आदेशों की अवहेलना करते हुए खान एवं भू-विज्ञान विभाग टोंक तथा परिवहन विभाग टोंक के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर ट्रकों में क्षमता से अधिक बजरी भरवाकर ओवर लोडिंग कर बजरी का परिवहन किया जा रहा है। बजरी खनन का रवन्ना तो ट्रक आदि की भराव क्षमता के अनुसार ही काटा जा रहा है, लेकिन बजरी का भराव ट्रक आदि क्षमता से अधिक किया जा रहा है।

जयपुर-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सोनवा टोल प्लाजा से लगभग 500 बजरी से भरे विभिन्न प्रकार के वाहन गुजर रहे हैं। इन बजरी के विभिन्न वाहनों से टोल से अधिक भार होने पर जुर्माना भी वसूला जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि खनिज विभाग टोंक एवं परिवहन विभाग टोंक के अधिकारी बजरी लीज धारक को सहयोग कर भ्रष्टाचार को बढावा देकर तथा राज्य की पारदर्शी एवं संवेदनशील सरकार को प्रतिदिन राजस्व घाटा पहुंचाया जा रहा है। जबकि टोंक में परिवहन विभाग का कार्यालय राष्ट्रीय राज मार्ग पर जयपुर रोड पर ही स्थित है। यहां से बजरी के विभिन्न वाहनों के आंकडे लिए जाए तो 2-4 बजरी के वाहनों के चालानों की सूची मिलेगी। इसी प्रकार खनिज विभाग ने भी बजरी खनन एवं परिवहन की जांच हेतु उडन दस्ते कायम कर रखे हैं, जो केवल खानापूर्ति कर रहे हैं।

# मारपीट एवं अपहरण मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना क्षेत्र के अमराबाद ग्राम निवासी दो लड़कों से मारपीट कर अपरण के दर्ज मामले में रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस टीम द्वारा आरोपी तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया।

थाना अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने बताया कि सात फरवरी को अमराबाद ग्राम निवासी लक्ष्मी नारायण मीणा ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पोते पंकज और नितिन एक दुकान पर बैठे थे इसी दौरान पिंटू मीना उदयपुरिया व कमलेश मीणा सहित मनीष मीणा द्वारा उसके पोते पंकज के साथ मारपीट की एवं उसके पोते पंकज का वहां से आरोपी एक शिफ्ट डिजायर गाडी उस में डाल कर जबरन उठाकर ले गए। जहां जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशों पर पुलिस टीम का गठन किया गया। जहां गठित पुलिस टीम द्वारा वारदात को लेकर मामले में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा नामजद तीनों आरोपी पिंटू मीणा उदयपुरिया थाना क्षेत्र रामगढ़ पचवारा व मनीष मीणा कमलेश मीणा एव कमलेश मीणा ढाणी भाटाला तन निर्झरना थाना क्षेत्र लालसोट को गिरफ्तार कर लिया गया। जहां थाने लाकर पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा क्षेत्र में घटित हुई मारपीट एवं अन्य वारदात को करना स्वीकार किया।



मारपीट कर लड़के का अपहरण करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## पदारोहण एवं अवतरण दिवस महोत्सव आज

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणिनी आर्यिका संगममति माताजी का 16 वां गणिनी पदारोहण महोत्सव एवं 50 वां अवतरण दिवस महोत्सव गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में बुधवार को सन्त निवास जैन नसियां मंदिर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला, राकेश संधी व सुनील भाणजा ने बताया कि गणिनी आर्यिका संगम मति माताजी का पदारोहण महोत्सव पर कई धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा इस दौरान शांतिधारा, श्री जी के कलशाभिषेक, 16 लक्की ड्रा महिला मण्डल द्वारा डांडिया नृत्य, 16 दीपकों से संगीतमय भक्तामर पाठ 16 श्रद्धालुओं द्वारा गुरु मां का पादप्रक्षालन, चित्र अनावरण, दीपप्रज्वलन, मंगलाचरण, अतिथि सम्मान, गुरु गुणानुवाशास्त्र भेंट, गुरु मां की आरती, आशीर्वचन, वस्त्र भेंट एवं 16 थाल के साथ महाआरती सहित संगीतमय पूजन के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की गई केबल जब्त

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने टीम गठित कर कुएं पर लगे बिजली के कनेक्शन के सामान की चोरी करने के दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया साथ ही चोरी की केबल को भी जप्त किया है।

थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि थाने में मामला दर्ज करवाया गया कि इटावा की गोचर भूमि पर स्थित कुओं पर बिजली कनेक्शन के 3 फेस की केबल को 5 जनवरी 2022 की रात्रि को अज्ञात चोर काटकर ले गये। जिसका थाने में मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस की गठित टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आरोपीयों की तलाश की। इसी क्रम में संदिग्ध व्यक्ति मदन बावरिया पुत्र जीवणराम उर्फ चग्गो जाति बावरिया उम्र 30 वर्ष निवासी झरना थाना क्षेत्र मौजमाबाद व तेजु उर्फ तेज्या पुत्र लक्ष्मणराम उर्फ तोतो जाति बावरिया उम्र 20 वर्ष निवासी हरिपुरा थाना क्षेत्र नरैना से गहनता से पूछताछ करते हुए अनुसंधान करने पर दोनों ने अपना जुर्म कबूल लिया। जिस पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी की गई केबल को भी जप्त किया है। पुलिस की टीम में हेड कांस्टेबल भंवर लाल व हनुमान प्रसाद, मनमोहन, रतन लाल, बलवान, अजय कुमार, भगवान सहाय को शामिल किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

# जयपुर में दिनदहाड़े बंदूक की नोंक पर बैंक में 15 लाख रू. की लूट

## चौमूं हाउस सर्किल स्थित सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में दो नकाबपोश बदमाशों ने 20 मिनट में वारदात को अंजाम दिया

- बैंक के सी.सी.टी.वी. कैमरे और अलर्ट सिस्टम बंद था, गार्ड भी मौजूद नहीं था।
- पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जांच के लिए आठ टीमें गठित।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 8 फरवरी । राजधानी जयपुर में चौमूं हाउस सर्किल स्थित सैन्ट्रल बैंक ऑफ़ इण्डिया में मंगलवार सुबह दो बदमाश दिनदहाड़े 15 लाख रु. लूट ले गये। बंदूक की नोंक पर नकाबपोश बदमाशों ने बैंक प्रबंधक मुकेश चौधरी व 10 ग्राहक व कर्मचारियों को बाथरूम में बंद कर दिया और 20 मिनट में वारदात को अंजाम दिया। इससे पहले लुटेरों ने दहशत फैलाने के लिए बाथूरूम के गेट पर फायरिंग की और बैंककर्मी की स्कूटी से फरार हो गए। बदमाश एक ग्राहक से करीब पांच हजार रुपए भी लूटकर ले गए और कई लोगों के मोबाइल फोन भी छीने, जिन्हें भागते समय इधर-उधर फेंक गए। सूचना पर डीसीपी मृदुल कच्छावा सहित आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस की आठ टीमें इस पूरी वारदात के खुलासे में जुटी हुई है। हालांकि पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह दो नकाबपोश बदमाश सुबह करीब 10 बजे परिवहन मार्ग पर मिशन कम्पाउंड की तरफ से पैदल आए। इनमें से एक बदमाश बैंक के अंदर घुस गया और दूसरा बाहर हथियार के साथ पहरा देता रहा। अंदर घुसे बदमाश ने गन पॉइंट पर सबसे पहले एक बैंककर्मी और दो ग्राहकों को लिया। इसके बाद बैंक प्रबंधक मुकेश चौधरी समेत करीब 10 ग्राहकों और कर्मचारियों को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद कैशियर महेंद्र सिंह की कनपटी पर पिस्तौल लगाकर उससे लॉकर की चाबी मांगी। लॉकर में से बदमाश करीब 15 लाख रूपए बैग में भरकर बाहर आ गया और बाथरूम के गेट पर एक राउंड फायर कर दहशत फैला दी। इसके बाद बैंक के बाहर खड़ी किसी बैंककर्मी की स्कूटी लेकर दोनों फरार हो गए। बदमाशों ने महज बीस मिनट में पूरी वारदात को अंजाम दे दिया।

डीसीपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि, पुलिस की आठ टीमें वारदात के खुलासे के लिए लगाई गई हैं। पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा। बैंक के बाहर एक सीसीटीवी में बदमाशों के फरार होने के फुटेज रिकॉर्ड हुए हैं। एक बदमाश पैदल दिख रहा है, जबकि दूसरा स्कूटी लेकर आता है। फिर दोनों स्कूटी पर बैठकर मौके से निकल जाते हैं।

डीसीपी ने बताया कि, पुलिस की तरफ से बार-बार समझाईश और पत्र लिखने के बाद भी वित्तीय संस्थान सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस पूरी वारदात में बैंक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ताज्जुब की बात है 22 जनवरी से बैंक के सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े हुए थे। अलार्म सिस्टम तक ठप्प पड़ा हुआ था। बैंक परिसर में एटीएम बूथ के बावजूद वहां कोई गार्ड तैनात नहीं था।

संभावना जताई गई है कि बैंक की सुस्ती देख बदमाशों ने उसे लूटने का प्लान बनाया और वारदात को अंजाम दे दिया। यदि बैंक मुस्तैद होती तो समय रहते बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होते।



*उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को होने वाला है। उसके लिए चुनाव प्रचार मंगलवार 8 फरवरी को समाप्त हो गया। प्रथम चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा तथा राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने हस्तिनापुर में ट्रैक्टर पर बैठकर रोड शो किया और कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने की अपील की। इसी के साथ सचिन पायलट ने उत्तराखंड में मैंगलोर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार काजी निज़ामुद्दीन के पक्ष में भी प्रचार किया। इसके अलावा भी सचिन पायलट ने कई जनसभाओं को संबोधित करने के अलावा डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया।*

# भाजपा विधायक दल की बैठक, सदन में सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाई

## रीट की सी.बी.आई. जांच की मांग उठाई जाएगी। सतीश पूनिया पर हमले की घटना पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया

- भाजपा विधायक दल की बैठक में कटारिया, पूनिया और राठौड़ के समर्थन में 60 से अधिक विधायक, राजे के समर्थन में सिर्फ सिंघवी बोले।
- बारां मामले पर भी कटारिया, राठौड़ और पूनिया सहित 60 से अधिक विधायकों ने वसुंधरा की नहीं चलने दी, कहा प्रदेश नेतृत्व निर्णय लेगा।
- रीट और सतीश पूनिया पर हमले के मामले मं वसुंधरा और सिंघवी को छोड़कर सभी विधायक एकजुट दिखे।

जयपुर, 8 फरवरी (का.सं.)। भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित पार्टी के 60 से अधिक विधायक मौजूद रहे।

वहीं, राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र इस बार हंगामेदार रहने के आसार हैं। भाजपा ने सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। विधानसभा सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया पर हुए हमले की निंदा की गई, साथ ही विधानसभा में रीट की सीबीआई जांच, प्रदेश की कानून व्यवस्था, महिला अपराध, किसानों की जमीन नीलामी, बेरोजगारी सहित संविदाकर्मियों के मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाई गई है।

भाजपा विधायक दल की बैठक में रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया पर बूंदी जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हमले, अलवर मूक बधिर नाबालिग पीड़िता मामला, किसान कर्ज़माफी, महिला सुरक्षा इत्यादि मुद्दों पर आर पार की लड़ाई लड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई और सतीश पूनिया पर हमले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया।

भाजपा विधायक दल की बैठक में गुलाब चंद कटारिया, राजेंद्र राठौड़ और सतीश पूनिया सहित 60 से अधिक विधायक जनहित के मुद्दों व सतीश पूनिया पर हमला मामले में एकजुट दिखे तो वसुंधरा राजे के समर्थन में सिर्फ प्रताप सिंह सिंघवी ही दिखे, जिन्हें भी अनुशासन में रहने की हिदायत दी गई।

विधायक दल की बैठक में गुलाबचंद कटारिया, राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया और जोगेश्वर गर्ग ने संबोधित किया।

वहीं रीट पेपर लीक मामले की सी.बी.आई. जांच की मांग को लेकर महात्मा गांधी सर्किल पर भाजपा विधायकों के धरने में गुलाबचंद कटारिया, सतीश पूनिया, राजेंद्र राठौड़ वसुंधरा राजे सहित लगभग 67 विधायक मौजूद थे।

विधायकों के धरने में वसुंधरा राजे लगभग डेढ़ घंटे देरी से पहुंची और अपने साथ एकमात्र विधायक प्रतापसिंह सिंघवी को लेकर पहुंची। यह भी सियासी चर्चा का विषय बन चुका है कि भाजपा विधायकों के धरने में वसुंधरा राजे के बिना ही 65 विधायक पहुंच गये, और शायद वसुंधरा राजे को उम्मीद थी उनके बिना काफी विधायक धरने में नहीं आएंगे, लेकिन इसके उलट हुआ और नई सियासी चर्चा को जन्म दे दिया कि विधायक भी अब संगठन के नेतृत्व को मजबूती व अनुशासन को पूरी तरह अनुसरण करने लग गये हैं, जो भविष्य का बड़ा संकेत है।

चर्चा यह भी है कि, जब वसुंधरा राजे के बिना ही 65 विधायक भाजपा के धरने में पहुंचे तो डेढ घंटे बाद दिखावे के लिये ही सही राजे को मजबूरन धरने में आना पड़ा और वे बिना बोले ही चली गईं।

बैठक में सभी विधायकों को टास्क दिया गया है कि तीन साल में सरकार ने जो घोषणाएं की और पूरी नहीं हुई उनको भी सदन में उठाया जाए। हालांकी सदन में सत्ता पक्ष को घेरने से पहले ही विधायक दल की बैठक में एक बार फिर भाजपा में गुटबाजी भी सामने आयी।

प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया पर पत्थराव की घटना के विरोध में जब निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने संगठन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की सांसद दुष्यंत सिंह के बारां कार्यालय पर हमला हुआ तो पार्टी की तरफ से कोई भी नहीं बोला।

ऐसे में सदन में सत्ता पक्ष को घेरने से पहले ही पार्टी अलग थलग नजर आ रही है। हालांकि उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ एवं प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा की हमले की हमने निंदा की थी और पुलिस के उच्च अधिकारी से भी बात की गई थी।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया गुटबाजी की खबरों से पल्ला झाड़ते नजर आए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया से जब गुटबाजी को लेकर मीडिया ने सवाल किया तो पूनिया ने कहा कि, पार्टी के राजनीतिक मंच पर बैठते हैं तो चार चर्चाएं होती हैं। अपनी बात कहने का सबको हक है लेकिन सब पार्टी के निर्देशों को मानते हैं हम सब सदन में मजबूती से लड़ेगे।

भाजपा विधायक दल की बैठक में बारां की घटना का जब राजे ने जिक्र किया तो कटारिया, राठौड़ और पूनिया ने कहा कि, हमने इसकी निंदा की और अनुशासहीनता करने वालों पर रिपोर्ट आने पर केन्द्रीय आलाकमान के निर्देशानुसार जल्द कार्यवाही होगी।

वहीं विधायक दल की बैठक में बोलने वाले सभी विधायकों ने रीट पेपर लीक सी.बी.आई. जांच की मांग और सतीश पूनिया पर हमला मामले को पुरजोर तरीके से उठाने की बात कही।



*टेलीविजन पर मशहूर पौराणिक धारावाहिक "महाभारत" में "भीम" के किरदार को जीवंत करने वाले कलाकार प्रवीण कुमार का सोमवार देर रात निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार थे। प्रख्यात फिल्म निर्देशक बी आर चोपड़ा के निर्देशन में "महाभारत" में भीम के किरदार से प्रवीण को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया। उनके परिवार में पत्नी, पुत्री, दो भाई और एक बहन हैं। उल्लेखनीय है कि, प्रवीण कुमार अभिनेता होने के साथ एक एथलीट भी थे। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एथलैटिक प्रतियोगिताओं में हैमर थ्रो और डिस्कस थ्रो स्पर्धा में उन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया था और सन् 1966 के राष्ट्रमंडल खेलों में हैमर थ्रो में रजत पदक जीता था। इसके अलावा 1966 और 1970 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया था।*

## आजम खान को जमानत नहीं मिली

नई दिल्ली, 8 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी सांसद आजम खान को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खान की चुनाव प्रचार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत देने की गुहार वाली याचिका खारिज कर दी। पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से कहा कि वह (आजम खान) जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर शीघ्र सुनवाई की गुजारिश कर सकते हैं।

खान ने अपनी याचिका में राज्य की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर आरोप लगाया था कि वह उनसे संबंधित अदालती मामलों की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में जानबूझकर देरी कर रही है। इसी वजह से उन्हे अंतरिम जमानत के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

# कर्नाटक में हिजाब के संबंध में छात्रों का प्रदर्शन हिंसक हुआ

## स्थिति बिगड़ती देख मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने स्कूल-कॉलेजों में तीन दिन की छुट्टी की घोषणा की

बेंगलुरु, 8 फरवरी (वार्ता)। कर्नाटक के कॉलेज परिसरों में हिजाब और भगवा स्कार्फ पर प्रतिबंध के विरोध में मंगलवार को छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बागलकोट में पथराव की सूचना मिली है।

- कर्नाटक के कई कॉलेज परिसरों में हिजाब और भगवा स्कार्फ पर प्रतिबंध के विरोध में मंगलवार को छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। यहां एक कॉलेज में हुई हिंसक झड़प में तीन छात्र घायल हो गये।

पुलिस ने कहा, यह झड़प हिजाब पहने छात्रों और भगवा स्कार्फ में आए एक अन्य छात्रों के समूह के बीच हुई बहस के बाद हुई। पुलिस ने कहा कि इस विवाद को लेकर हुए झड़प में तीन छात्र घायल हो गए हैं। तनाव बढ़ने पर रबाकविबनहट्टी के गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज प्रबंधन ने छुट्टी की घोषणा कर दी। घटना की सूचने मिलते ही पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीप्रसाद और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं विजयपुरा जिला स्थित शांतेश्वर प्री यूनिवर्सिटी कॉलेज के प्रवेश द्वार पर हिजाब और भगवा स्कार्फ पहने छात्रों को रोक दिया, जिसके बाद छात्रों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच मुस्लिम छात्राओं द्वारा हिजाब पहनने का समर्थन करने वाला एक अन्य समूह नीले रंग का स्कार्फ पहन कर आया, जिससे वहां अराजकता फैल गई। पुलिस ने हालांकि स्थिति को नियंत्रित कर लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राज्य में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब और भगवा स्कार्फ पहनने को लेकर बढ़ते विवाद को देखते हुए हाई स्कूल और कॉलेजों में अगले तीन दिनों तक छुट्टी की घोषणा कर दी है। बोम्मई ने मंगलवार को दिल्ली में यह आदेश जारी किया। उन्होंने राज्य के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों तथा राज्य के लोगों से शांति बनाए रखने और सभी संबंधितों से सहयोग की अपील भी की है।

## जयपुर जिले ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिसमें आरोप लगाया गया था कि कंपनी पर्याप्त जमीन और संबंधित एजेंसियों से आवश्यक मंजूरी के बिना भूखंडों की बुकिंग कर रही है। पुलिस ने कहा कि राणा के सामने आने के बाद से इस मामले में करीब तीन करोड़ रुपये की कुल 51 शिकायतें मिली हैं। निवेशकों से जुटाए गए पैसे को कंपनी के निदेशकों ने कथित तौर पर हड़प लिया। कंपनियों के रजिस्ट्रार से एकत्र किए गए रिकॉर्ड ने स्थापित किया कि आरोपी और एक अन्य फरार आरोपी कमल सिंह निदेशक हैं और कंपनी में प्रत्येक की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने निवेशकों को प्रस्तावित भूखंडों और सुविधाओं के भविष्य के मूल्य के बारे में झूठे सपने दिखाकर अपनी ओर आकर्षित किया।

## 'राहुल गांधी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अहमदाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुये, श्रीमती सिद्धू ने कहा कि, सर्वोच्च पद के लिए किसी व्यक्ति का चयन करते समय उसकी शिक्षा पर विचार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी को गुमराह किया गया जिसके कारण उन्होंने चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया।

उन्होंने कहा, उनके पति सिद्धू मुख्यमंत्री प्रत्याशी होने के लिये सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं।

ज्ञातव्य है कि राहुल ने शनिवार को लुधियाना की एक सभा में मुख्यमंत्री के चेहरे के रुप में चन्नी के नाम की घोषणा की थी।

राहुल द्वारा मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी न बनाये जाने से नवजोत सिंह सिद्धू आहत हुये, लेकिन अब तक वे खामोश हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि, वे एक-दो दिन में विरोध की अपनी रणनीति उजागर कर सकते हैं। इन लोगों का कहना है कि पत्नी की टिप्पणी से उनका (सिद्धू का) कोई लेना-देना नहीं है।

## पैगसस द्वारा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रतिबद्ध लोगों ने इस बात का पूरा खुलासा कर दिया है कि, इज़रायल की सर्वेलैंस फर्म एन.एस.ओ. ग्रुप ने पैगसस जासूसी सॉफ्टवेयर आधिकारिक एवं प्रामाणिक सरकारों को बेचा था, जिन्होंने इसे फोन हैक करने के काम में लिया। अब इज़रायल सरकार ने कहा है कि, वह इन दावों की छानबीन करेगी कि, इज़रायली पुलिस ने अदालती आदेश के बिना इस स्पायवेयर का उपयोग यहाँ के नागरिकों के खिलाफ किया था।

न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि, इन आरोपों के कारण इज़रायल के पूर्व प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतान्याहू के भ्रष्टाचार संबंधी मुकदमे में भी थोड़ा सा विलम्ब हो गया है, क्योंकि ये दावे किये गये हैं कि, पुलिस ने मुकदमे के एक मुख्य गवाह का फोन गैर कानूनी तौर पर हैक कर लिया था।

इज़रायली मीडिया ने पिछले माह ऐसे दावों की जानकारी देना शुरु कर दिया था कि, इज़रायली पुलिस ने एन.एस.ओ. के प्रमुख उत्पाद, पैगसस का उपयोग, स्थानीय ऐक्टिविस्टों, राजनेताओं, व्यावसायियों, अफसरशाहों तथा नेतान्याहू के आलोचकों तथा उनसे जुड़े लोगों के फोनों से जानकारी हासिल करने के लिये किया था। इज़रायल के एक बिज़नैस दैनिक ने ऐसे दर्जनों नागरिकों की सूची जारी की थी, जिनके फोन हैक किये गये थे।

## 75,000 करोड़...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होने वाले मराठी दैनिक "देशोन्नति" के संपादक प्रकाश पोहारे कहते हैं कि, एडवोकेट तिवारी द्वारा उठाया गया मुद्दा काफी गंभीर है क्योंकि लाखों लोगों को कोविड पॉज़िटिव के फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर अस्पतालों में भर्ती कराया गया और वहां पर कथित उपचार के नाम पर लाखों रूपए वसूले गए। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धन की रिकवरी के लिए इन अस्पतालों और अनधिकृत लैब्स के विरूद्ध मुकदमे दायर करने चाहिए।

# मेघालय में वह कर दिखाया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वामपंथी विचारधारा कम से कम अपनी पकड़ तो बना ही रही है।

वास्तव में, पूरे देश के ये राजनीतिक घटनाक्रम भारतीय राजनीति में कुछ मूलभूत बदलावों का संकेत हैं।

भारत की पुरानी राजनीतिक पार्टी, कांग्रेस एक के बाद एक राज्य में अपना जनाधार खो रही है। ऐसे लोग भी हैं, जो कांग्रेस के लिए यह भी कहते हैं कि इसमें नए प्रासंगिक विचारों की कमी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का एक गुट पार्टी संचालन के तरीकों में बदलाव के सुझाव देने और अपने खुले विद्रोह के लिए जाना जाता है। एक ही पार्टी का बोलबाला पार्टी की प्रतिस्पर्धात्मक स्पर्धा का निश्चित रुप से गला घोंट रहा था। पार्टी के एक परिवार के प्रति निर्विवाद निष्ठा रखने के कारण ही अक्षम लोगों को महत्व दिया जा रहा है।

कांग्रेस के जिन विधायकों ने कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली एम.डी.ए. गठबंधन सरकार को अपना समर्थन दिया, उन्होंने कांग्रेस भी नहीं छोड़ी है। उन्होंने स्वयमेव अपने स्तर पर ही यह निर्णय लिया है। पांचों विधायकों ने एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उनकी कार्यवाही राज्य के वृहद् हित और उसके विकास के अनुरुप है। उनमें से किसी ने भी किसी तरह से यह संकेत नहीं दिया है कि वे अपनी पार्टी को छोड़कर किसी अन्य पार्टी में शामिल हो गए हैं।

उन्होंने सिर्फ अपनी समझ से कॉनराड संगमा सरकार के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे एक पत्र में इन पांचों ने उम्मीद जतायी है कि, पार्टी आलाकमान उनकी इस कार्यवाही का समर्थन करेगा।

यह स्थिति गत वर्ष के अंतिम दिनों में पैदा हुई, जब तृणमूल कांग्रेस ने नेताओं को कांग्रेस से टी.एम.सी. में लाने की व्यवस्था की थी। उस समय, राज्य विधानसभा के 17 सदस्यों में से 12 सदस्य कांग्रेस छोड़कर तृणमूल में शामिल हो गये थे।

तथापि, शेष कांग्रेस विधायक अब एम.डी.ए. गठबंधन सरकार को समर्थन दे रहे हैं तथा तृणमूल एकमात्र विपक्षी दल के रूप में पीछे छूट गई है। सामान्य तौर पर वैसे तो, इससे तृणमूल खुश होती तथा उसका उत्साह बढ़ गया होता।

लेकिन पार्टी ने नाराजगी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि, "सत्ता के भूखे" लोगों ने मौजूदा सरकार को समर्थन दे दिया है। नाराजगी का कारण यह है कि, अब कांग्रेस के पाँच विधायकों द्वारा सरकार का समर्थन कर देने के बाद, तृणमूल के राजनैतिक भविष्य की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।

राज्य के मौजूदा तृणमूल सदस्य, जो कांग्रेस छोड़कर आये हैं, नई बदली हुई स्थिति में अपनी स्थिति में यथावत् नहीं रह पायेंगे। आशंका यह है कि, टी.एम.सी. में शामिल हुये कई विधायक टी.एम.सी. की नाव को उलटकर, उसे छोड़ जायेंगे।

यह तो मामूली सा परिणाम है। लेकिन पूर्वोत्तर राज्य मेघालय ने पूरी तरह अप्रत्याशित एवं सोच से परे की स्थिति संभव बना दी है। हो सकता है कि यह स्थिति शेष भारत तक भी पहुँच जाये।

## अडानी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वी.एन.एल.) की ओर से प्रस्तुत हुये अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली बैंच को अडानी पावर (मुन्द्रा) लिमिटेड के साथ हो चुके समझौते के बारे में बताया, इसलिये बैंच को अदालत के 2019 के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई याचिका की सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी, जिस फैसले में इस प्राइवेट फर्म के पावर परचेज एग्रीमेंट (पी.पी.ए.) को समाप्त करने के फैसले को बहाल रखा गया था। बैंच, जिसमें न्यायमूर्ति यू.य. ललित, डी.वाई. चन्द्रचूड़, भूषण आर. गवई तथा सूर्य कान्त शामिल थे, ने कहा कि, बैंच इस बात को रिकॉर्ड पर लेते हुये इस केस को बंद कर देगी कि, दोनों पक्ष सैटलमेंट एग्रीमेंट द्वारा नियंत्रित रहेंगे।

अडानी परिवार ने पी.पी.ए. को रद्द कर दिया था, क्योंकि गुजरात मिनरल डवलपमैंट कॉर्पोरेशन कोयला-आपूर्ति नहीं कर रहा था तथा सर्वविदित है कि, बिजली की आपूर्ति कोयले की सप्लाई पर निर्भर होती है। गुजरात इलैक्ट्रिसिटी रेग्यूलेटरी कमीशन ने इसे गैर कानूनी माना, लेकिन जुलाई 2019 में सर्वोच्च न्यायालय की तीन जजों की बैंच ने अडानी के कार्य को कानून सम्मत तथा वैध माना तथा सैन्ट्रल इलैक्ट्रिसिटी रेग्यूलेट्री कमीशन से कहा कि, वह अडानी पावर द्वारा स्टेट पी.एस.यू. को दी गई बिजली के लिये क्षतिपूरक शुल्क तय करे। कमीशन ने अडानी पावर को 1100 करोड़ रू. का मुआवज़ा दिया जाना तय किया था।

# मोदी सरकार ने पत्रकारों के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वह हिस्सा रहा हो, या फिर उस पत्रकार ने उस प्रतिष्ठान को छोड़ दिया हो।

नई नीति में यह निषिद्ध है कि, कोई पत्रकार सोशल मीडिया, विज़िटिंग कार्ड या अपने लैटरहैड आदि पर "भारत सरकार से मान्यता प्राप्त" होने का उल्लेख करे।

केवल मान्यता प्राप्त पत्रकार ही दिल्ली में सरकारी दफ्तरों में प्रवेश पा सकते हैं, तथा ऐसे समारोहों एवं कार्यक्रमों, जिनमें राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री मौजूद हैं, में प्रवेश के लिये भी पत्रकार का मान्यता प्राप्त होना जरूरी है।

नई नीति में, ऑनलाइन समाचार प्लेटफॉर्मों के लिये काम करने वाले पत्रकारों की मान्यता के लिये भी गाइडलाइन तैयार की गई है। ऐसा पहली बार हुआ है।

किन्तु समाचारों का एकत्रीकरण या संकलन करने वाले लोगों के लिए यह लागू नहीं होगा।

नीति कहती है कि, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को अस्तित्व में आये एक वर्ष के अधिक समय हो चुका हो तथा वैबसाइट की "पिछले छः माह की औसत मासिक यूनिक विज़िटर संख्या, जो वैबसाइट के सी.ए.जी. अनुमोदित/पैनल में शामिल ऑडिटरों द्वारा समुचित रूप से प्रमाणित हो" की रिपोर्ट देना जरूरी है।

ऐसी वैबसाइट के एक पत्रकार को मान्यता प्रदान की जा सकेगी, जिसके पास 10 से 50 लाख तक यूनिक विज़िटर प्रति माह हों, जबकि 1 करोड़ से अधिक यूनिक विज़िटर प्रति माह वाली वैबसाइट के चार पत्रकारों को मान्यता दी जा सकती है।

अखबारों, साप्ताहिक या पाक्षिक पत्रिकाओं, समाचार एजेंसियों, विदेशी प्रकाशनों, टी.वी. चैनलों या एजेंसियों तथा भारतीय टी.वी. समचार चैनलों में काम कर रहे पत्रकार भी मान्यता के पात्र हैं, किन्तु इसके लिये प्रत्येक प्लेटफॉर्म के आकार को आधार माना जायेगा।

इस समय 2457 पी.आई.बी. मान्यता प्राप्त पत्रकार हैं। ऊपर बताये गये प्रतिष्ठानों में काम करने वाले पत्रकारों के अलावा, 15 साल से अधिक अनुभव रखने वाले फ्रीलान्सर तथा 30 वर्ष से ज्यादा अनुभव वाले पुराने पत्रकार, 65 वर्ष की आयु से अधिक उम्र वाले लोग, जिनका सार्वजनिक रूप से अभिनन्दनीय कैरियर रहा हो, भी मान्यता प्रदान किये जाने के पात्र होंगे।

राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर, मोदी सरकार अपने विरोधियों पर दबाव डालती आ रही है तथा अब इसने जानकारी के स्रोत को भी काबू में लेने का निश्चय कर लिया है।

इन नये नियमों के फलस्वरूप, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मीडिया वाले देश की छवि वाले भारत की छवि का और ज्यादा खराब होना तय है। ज्ञातव्य है कि, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मीडिया का होना किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण शर्त एवं मानक है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908